फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 94 प्रभात जयपुर, मंगलवार 3 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



Baby Mat Bolna

"Mere ko baby mat bolna." (Me, to a gentleman on a chat app, 2022)

Check Whether a Garment Will Fit You

The Companion But 'Doing Nothing'

The Man Who Got Rich by Doing Nothing: A Japanese Lesson in Presence

कांग्रेस उल्लासित है, रामलीला मैदान की रैली और प्रदर्शन से

कांग्रेस खेमा मानता है कि जे पी आंदोलन के बाद पहली बार दिल्ली में इतनी बड़ी रैली हुई है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। राहुल गांधी इंडिया गठबंधन में विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने वाले नेता के रुप में उभरे हैं। उनकी अगुवाई में रामलीला मैदान में हुई रैली लंबे समय बाद देश में जुटी सबसे बड़ी राजनीतिक भीड़ में से एक बताई जा रही है। इसकी तुलना संभवत: जेपी आंदोलन के बाद हुई बड़ी जनसभाओं से की जा सकती है।

- **कांग्रेस खेमे ने दावा किया कि इंडिया ब्लॉक के नेता, जो पहले राहुल का नेतृत्व स्वीकार करने पर हिचक रहे थे, उनमें अब राहुल के रथ पर सवार होने की होड़ है।**
- **कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि इस आंदोलन की गति और माहौल को कैसे कायम रखा जाए और कैसे सुनिश्चित किया जाए कि यह संदेश हर गाँव, हर ब्लॉक व हर घर तक पहुँचे, क्योंकि कांग्रेस का मत है, ''वोट चोरी'' पर सरकार के साथ लड़ाई लम्बी चलेगी।**

सूत्रों के मुताबिक, रैली में उमड़ी भारी भीड़ ने जहां मोदी सरकार को झकझोर दिया है, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी इस बात पर गहराई से विचार कर रहा है कि जेन-ज़ी का एक बड़ा वर्ग सरकार के खिलाफ क्यों हो गया है। उसके सामने सवाल है कि तेजी से घटती सरकार की विश्वसनीयता को फिर से कैसे बहाल किया जाए।

राहुल गांधी विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बस में सबसे आगे बैठे थे और उनके साथ ही रामलीला मैदान पहुंचे। इस घटनाक्रम से यह संदेश भी मिला है कि जो नेता पहले राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने में हिचकिचाते थे, उनमें से कई ने अब अपना रुख पूरी तरह बदल लिया है। उन्हें लगने लगा है कि राहुल एक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अनंता रिसॉर्ट वाले गोयल फैशन्स के रियायती पैकेज पर रोक

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 2 नवंबर। आईएएस शिखर अग्रवाल और उनकी पत्नी आईपीएस प्रशाखा माथुर ने उदयपुर-अलवर में जिस अनंता रिसॉर्ट में तथाकथित 40 विला खरीदे थे, उस कंपनी, ''गोयल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड''को स्वीकृत रियायती पैकेज पर राजस्थान सरकार ने रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संज्ञान में मामला आने के बाद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने यह निर्णय किया। अब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्रारंभिक जांच संबंधी कार्यवाही पूरी होने तक इस कंपनी को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत स्वीकृत परिलाभ और छूट का लाभ नहीं मिलेगा।

- **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जाँच पूरी होने के बाद आगे की कार्यवाही तय होगी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'उमर अब्दुल्लाह की शादी गैर कानूनी है'

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अनुसार, उमर की शादी शरिया के अनुसार नाजायज़ है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा पत्रकार निधि राजदान से शादी की घोषणा किए जाने के दो दिन बाद धार्मिक विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इस विवाह को इस्लामी सिद्धांतों के तहत अवैध बताया है।

रजवी ने कहा कि इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार, इस विवाह को वैध नहीं माना जा सकता, क्योंकि शरीयत के तहत शादी को मान्यता देने के लिए दोनों का मुस्लिम होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला मुस्लिम हैं, लेकिन निधि राजदान मुस्लिम नहीं हैं। इसलिए इस्लामी दृष्टिकोण से यह विवाह स्वीकार्य नहीं है।

- **जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शाहबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा कि शादी में दोनों का मुसलमान होना ज़रूरी है।**
- **उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्लाह की कथित पत्नी निधि राजदान ने इस्लाम नहीं अपनाया है, इसलिए इस्लाम में इस विवाह की इजाज़त नहीं दी जा सकती है।**

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना ने कहा कि उमर अब्दुल्ला को निकाह से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि निधि राजदान इस्लाम अपना लें।

उन्होंने कहा कि यदि निधि राजदान इस्लाम कबूल कर लेतीं और दोनों का विवाह इस्लामी रीति-रिवाजों तथा परंपराओं के अनुसार होता, तो इस शादी को शरीयत के तहत जायज माना जा सकता था।

अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए रजवी ने कहा कि इस्लाम में विवाह के लिए विशेष नियम और शर्तें निर्धारित हैं, जिनके अनुसार, पुरुष और महिला दोनों का मुस्लिम होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, यदि दोनों में से कोई एक मुस्लिम नहीं है, तो इस विवाह को वैध नहीं माना जा सकता। उन्होंने उमर अब्दुल्ला की शादी पर अपनी आपत्ति दोहराई।

मोदी और अमित शाह यूपी चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करेंगे

भाजपा ने यूपी विधानसभा चुनाव को ''मिशन 2027'' नाम दिया है, जिसके तहत मोदी पूरे राज्य में विशाल जनसभाएं करेंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। दिवाली के बाद भाजपा, उत्तर प्रदेश में तीन स्तरों पर व्यापक चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेगी। इसका उद्देश्य बड़ी चुनावी सभाओं, संगठन को मजबूत करने और क्षेत्रीय, जिला तथा विधानसभा स्तर पर लोगों तक सीधे पहुँच बनाकर शुरुआती बढ़त हासिल करना है।

- **केन्द्रीय गृह मंत्री संगठन और माइक्रो मैनेजमैंट संभालेंगे और जमीनी स्तर पर पार्टी की तैयारियों को देखेंगे।**
- **विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरी कवायद में कहीं न कहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साइडलाइन करने का प्रयास किया गया है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''मिशन 2027'' का मुख्य चेहरा होंगे। वे राज्य के सभी 18 प्रशासनिक मंडलों में बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाना, अपने समर्थकों का आधार मजबूत करना और पार्टी का संदेश, सीधे मतदाताओं तक पहुंचाना है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह संगठनात्मक और सूक्ष्म प्रबंधन (माइक्रो मैनेजमैंट) का काम संभालेंगे। वे क्षेत्रवार रैलियों और बूथ स्तर के सम्मेलनों का नेतृत्व करेंगे, ताकि जमीनी स्तर पर पूरी तैयारी सुनिश्चित हो सके। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। वे राजनीतिक संपर्क, चुनावी सभाओं और संगठन से जुड़े कार्यक्रमों की देखरेख करेंगे।

20 नवंबर के बाद, इस अभियान में तेजी आएगी, जब पार्टी की बूथ स्तरीय मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो जाएगी। प्रस्तावित योजना के तहत, बूथ कार्यकर्ता और छोटी टीमें कम से कम 50 परिवारों से संपर्क करेंगी। इस दौरान सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और मतदाताओं से सीधे बातचीत करने पर ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही, 3 से 5 नवंबर तक ''लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ'' के नारे के तहत, छह क्षेत्रों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। हर पदयात्रा में 25,000 या इससे अधिक लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, युवा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सोनिया गांधी लालू यादव से मिलने गईं

नई दिल्ली, 02 नवंबर। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के कार्यकाल की पुरानी यादें ताजा कीं और मनरेगा, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) तथा सूचना का अधिकार (आरटीआई) जैसे कानूनों के लागू होने से जुड़े अनुभव साझा किए।

- **लालू की बेटी सांसद मीसा भारती के आवास पर यह मुलाकात हुई।**

सोनिया ने लालू से उनकी बेटी एवं सांसद मीसा भारती के आवास पर मुलाकात की।

लालू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि सोनिया गांधी उनके आवास पर पहुंचीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान पुराने दिनों की यादें ताजा हुईं।

इस मुलाकात पर तेजस्वी यादव ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश के दो अनुभवी नेताओं की यह मुलाकात पारिवारिक और आत्मीय रही। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के सुख-दुख में मजबूती से साथ खड़े रहे हैं।

भाजपा ने कहा, राहुल की सभा की तस्वीरें फ़र्ज़ी हैं

भाजपा ने रामलीला मैदान में भीड़ उमड़ने के कांग्रेस के दावे पर प्रश्न चिह्न लगाकर सभा को ''फ्लॉप शो'' करार दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। भाजपा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राहुल गांधी की रैली को लेकर उन पर और कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। पार्टी ने रैली को पूरी तरह विफल बताते हुए भीड़ की संख्या को लेकर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के भाषण के दौरान लोग मैदान छोड़कर जाने लगे। इसके जवाब में कांग्रेस ने रैली में मौजूद भीड़ के ड्रोन फुटेज जारी किए, जिससे भीड़ की संख्या को लेकर राजनीतिक विवाद छिड़ गया है।

केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से रामलीला मैदान में आयोजित रैली में जुटी भीड़ की तस्वीर को लेकर कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने इसे आर्टिफिशल इंटैलिजैंस (एआई) से बनाई गई तस्वीर बताया। कांग्रेस सांसद वामसी गड्डम और पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा शेयर की गई इस तस्वीर में रैली में मौजूद भीड़ दिखाई गई थी। इस पर रिजिजू ने कहा कि भीड़ दिखाने के लिए विपक्षी पार्टी को एआई से बनाई गई तस्वीरों का सहारा लेना पड़ा।

- **भाजपा ने कहा, जब राहुल गांधी भाषण दे रहे थे, तब लोग रामलीला मैदान छोड़ कर जा रहे थे।**
- **केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने आरोप लगाया कि रामलीला मैदान में भीड़ की तस्वीरें एआई से बनाई गईं थीं।**
- **इसके जवाब में कांग्रेस ने सभा की ड्रोन से खींची गई तस्वीरें जारी कीं।**

रिजिजू ने तेलंगाना से कांग्रेस सांसद द्वारा साझा की गई तस्वीर को अपने एक्स पोस्ट पर शेयर करते हुए लिखा, ''रामलीला मैदान को भरा हुआ दिखाने के लिए बनाई गई नकली एआई तस्वीर भी कांग्रेस पार्टी की झूठी कहानी गढ़ने वाली टीम ने ठीक से नहीं बनाई है।''

भाजपा नेता संबित पात्रा ने भी चुनाव आयोग की स्पैशल इंटैन्सिव रिविज़न (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़े मतदाताओं के नाम हटाए जाने और वोटों की चोरी के आरोपों को लेकर राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन पर पलटवार किया है।

भाजपा ने कहा है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली पूरी तरह विफल रही और राहुल गांधी के भाषण के दौरान लोग मैदान छोड़कर चले गए। पार्टी ने कहा, ''कांग्रेस ने दावा किया था कि रैली में 10 लाख लोगों की भीड़ जुटेगी, लेकिन मैदान का 40 प्रतिशत हिस्सा खाली था।'' पार्टी ने कहा कि रैली में जो भीड़ दिखाई गई थी, वह ''ट्रिक फोटोग्राफी'' (चालाकी से ली गई तस्वीरें) थी। इस तरह की चालों से कोई प्रधानमंत्री नहीं बन जाता।''

पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी के आरोप ''रामलीला मैदान से नहीं लगाए जाते।''

उन्होंने कहा, ''चुनावों को चुनौती चुनाव के तुरंत बाद दी जाती है, इस तरह नहीं..... मुझे वह याचिका दिखाइए, जो आपने 2024 के चुनाव को अवैध बताने क लिए दायर की है।''

उन्होंने आगे कहा, ''राहुल गांधी ने दो बार इस रैली की तुलना शिवजी की बारात से की। उन्हें शिवजी की बारात और शिव तांडव में फर्क ही नहीं पता..... अगले चुनाव में आप जनता का तांडव देखेंगे।'' उन्होंने यह भी बताया कि ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुई थी।

रविवार को रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा था कि 2024 के चुनाव अवैध थे, क्योंकि ज्ञानेश कुमार ने वोटों की चोरी की थी।

उन्होंने आगे कहा, ''किसानों को उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। मजदूर को उसके अधिकार नहीं मिल रहे हैं और देश की सारी संपत्ति दो-तीन लोगों के हाथों में चली गई है। हम ऐसा भारत नहीं चाहते और न ही इसे स्वीकार करेंगे।''

विरोध रैली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी सहित, विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए।

कोटा : जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 2 नवम्बर (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा से एक बार फिर एक कोचिंग छात्र की आत्महत्या का दुखद मामला सामने आया। उत्तरप्रदेश के जौनपुर का छात्र इंजीनयरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

जवाहर नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि दोपहर 1.30 बजे के आसपास उन्हें एक छात्र की आत्महत्या के संबंध में सूचना मिली थी। यह छात्र मूल रूप से उत्तरप्रदेश के जौनपुर का निवासी था और बीते 1 साल से कोटा के राजीव गांधी नगर के सिटी पार्क रेजीडैंसी में रहकर इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था। छात्र ने हॉस्टल ने कमरे के

- **उत्तर प्रदेश के जौनपुर का रहने वाला छात्र हॉस्टल में रह कर ऑनलाइन कोचिंग से तैयारी कर रहा था।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

दिल्ली पुलिस ने भी विरोध प्रदर्शन की राह पकड़ी

दिल्ली के शाहदरा थाने में वकीलों के साथ हुई झड़प के बाद एक एसीपी और एक पुलिस सब इंस्पैक्टर का दंड स्वरूप ट्रांसफर करने के खिलाफ, दिल्ली पुलिस कर्मियों ने मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। दिल्ली के पूर्वी इलाके में शाहदरा थाने में हुई झडप के बाद, एक एसीपी और एक इंस्पेक्टर के दंड-स्वरुप किये गये तबादले के विरोध में दिल्ली पुलिस के जवानों ने आज पुलिस मुख्यालय में प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि वकीलों के दबाव में दोनों अधिकारियों को गैर-कार्यशील इकाइयों में भेजे जाने के फैसले से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय राजधानी की कानून-व्यवस्था केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आती है।

दिल्ली पुलिस और सिविल सोसायटी, युवाओं तथा वकीलों के बीच टकराव जून में हुये विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत के बाद से बढ़ता रहा है, क्योंकि दिल्ली पुलिस को राजधानी में आंदोलनों और प्रदर्शनों से सख्ती से निपटने के लिए कहा गया था। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के निर्देशों के परिणामस्वरूप, पुलिस की कथित बर्बरता के अनेक मामले सामने आए। इनमें महिला प्रदर्शनकारियों से छेड़छाड़ के आरोप भी शामिल थे।

प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए कहा कि इससे बल का मनोबल प्रभावित होगा। शीर्षस्थ सूत्रों के मुताबिक, दोनों अधिकारियों की

- **सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे पुलिस कर्मियों ने ट्रांसफर की इस कार्यवाही को अनुचित और पुलिस बल का मनोबल प्रभावित करने वाला बताया।**
- **विरोध प्रदर्शन को गंभीर कदम मानकर दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार व अन्य विशेष पुलिस आयुक्तों ने आदर्श सभागार में बैठक बुलाई। प्रदर्शन में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हुईं।**

दंडात्मक तैनाती का आदेश गृह मंत्रालय की ओर से दिल्ली पुलिस आयुक्त को दी गई सलाह के बाद जारी किया गया था। वर्दीधारी पुलिस बल का इस तरह खुलकर विरोध करना गंभीर अवज्ञा का मामला माना जा रहा है और इसे हर लिहाज से सरकारी आदेशों के प्रति अनादर के रूप में देखा जा सकता है।

इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों को मनाने और संकट को टालने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

दोपहर बाद के समय तनाव और बढ़ गया। नाराज पुलिसकर्मियों ने मुख्यालय के भीतर धरना दिया और इस कार्रवाही के खिलाफ नारे लगाए। वरिष्ठ अधिकारी बेबस नजर आए, क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन जारी रखा तथा वे पुलिसकर्मी एकता के समर्थन में नारे लगाते रहे।

बताया जा रहा है कि यह पहला मौका है, जब पुलिसकर्मियों ने मुख्यालय के परिसर में प्रवेश कर इस तरह खुले तौर पर विरोध प्रदर्शन किया है।

स्थिति के गंभीर हो जाने पर, दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और सभी विशेष पुलिस आयुक्तों को प्रदर्शनकारियों की शिकायतें सुनने के लिए बैठक बुलानी पड़ी। इसे पुलिस बल के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना बताया गया।

बैठक पुलिस मुख्यालय के ''आदर्श सभागार'' में हुई, जो जल्द ही खचाखच भर गया। विभिन्न जिलों से पुलिसकर्मी वहां पहुंचते रहे। इनमें से बहुत से सादे कपड़ों में थे। उन्होंने बैठक के दौरान अपनी शिकायतें और नाराजगी खुलकर जाहिर की।

मीडिया कर्मियों को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और कई विशेष पुलिस आयुक्त मंच पर बैठे थे और प्रदर्शनकारी कर्मियों से बातचीत करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

शरद पवार पुणे के रुबी हॉल अस्पताल में भर्ती

पुणे, 02 नवंबर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता शरद पवार की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें खांसी और कमजोरी की शिकायत थी। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

- **तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण उनका सूखा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा रद्द किया।**

सोमवार को प्रस्तावित शरद पवार का सूखा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा रद्द कर दिया गया। पहले मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को दौरा रद्द होने की वजह बताया गया था। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण यह दौरा रद्द किया गया था। इसके बाद पवार सोलापुर से पुणे पहुंचे, जहां रूबी अस्पताल में उनकी विभिन्न

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

दूसरों पर किए गए व्यंग्य पर हम हँसते हैं पर अपने ऊपर किए गए व्यंग्य पर रोना तक भूल जाते हैं। –रामचंद्र शुक्ल

अधिकारी भ्रष्ट क्यों होते हैं?

हाल ही में राजस्थान के एक वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी द्वारा स्वयं और अपने परिजनों के नाम पर 40 विला 6.20 करोड़ रुपए में खरीद कर, पुन: उसी कंपनी को 5 लाख रुपए सालाना के किराए पर देने का मामला सामने आया है। यह माना जाता है कि किसी अचल संपत्ति की कीमत पर किराए की आय 3-4 प्रतिशत प्रति वर्ष होती है। इस प्रकरण में यह किराया 30 प्रतिशत है, अर्थात् सामान्य से 10 गुणा अधिक। इस पूरे लेनदेन में भ्रष्टाचार की बू आना स्वाभाविक है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इन 40 विला की कीमत लगभग 50 करोड़ रुपए है। इस समाचार के प्रमुखता से मीडिया में आने के बाद भ्रष्टाचार पर फिर बहस छिड़ गई है। देश की समस्याओं के मूल में भ्रष्टाचार होने के बावजूद जब भी इस पर चर्चा होती है तो यह कह कर टाल दिया जाता है कि भ्रष्टाचार तो कुएं में भांग पड़ने जैसा है और इस पर बात करना ही व्यर्थ है। यह भ्रष्टाचार के ही कारण है कि करोड़ों के भवन, सड़कें और पुल एक दो बारिश में ध्वस्त हो जाते हैं, विभिन्न विभागों की विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वांछित वर्ग तक नहीं पहुंच पाता, गरीबों को अस्पतालों में इलाज नहीं मिल पाता, नगर निगम, जे डी ए, परिवहन जैसे विभागों में सामान्य नागरिक का काम रिश्वत दिए बिना नहीं हो सकता, अवैध निर्माण और अतिक्रमण की बाढ़ आ जाती है। देश के नागरिकों की खून पसीने की कमाई से टैक्स के रूप में वसूल किया गया पैसा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की जेब में पहुँच जाता है। इसी प्रकार पेपर लीक के कारण अयोग्य व्यक्तियों का उच्च तकनीकी संस्थानों में प्रवेश सरकारी नौकरियों में अयोग्य व्यक्तियों का चयन आदि भी, भ्रष्टाचार का ही परिणाम है ।

जब अधिकांश व्यक्ति भ्रष्ट तरीकों से लाभ कमाते दिखाई देते हैं तो सामान्य नागरिक भी यह धारणा बना लेता है कि किसी को रिश्वत दिए बगैर या बिचौलियों को बड़ी राशि दिए बिना, उसका ना तो किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होना संभव है ना ही किसी सरकारी नौकरी के लिए चयन होना संभव है । यह स्थिति एक आम नागरिक के लिए बड़ी दुखदाई होती है।

जब भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खा रहा है तो हम इस ओर से आँख मूंद कर नहीं बैठ सकते। इसी उद्देश्य से यह संपादकीय लिख रहा हूँ। हम इसमें मुख्य रूप से अधिकारियों, विशेषकर उच्च सेवाओं के अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर बात करेंगे और यह जानने का प्रयास करेंगे कि ये अधिकारी आखिर भ्रष्ट होते क्यों है?

यह सर्व विदित है कि कुछ दशकों पूर्व की तुलना में सरकारी अधिकारियों के वेतन, प्रत्येक वेतन आयोग के बाद बढ़ते गए हैं। किसी ने सही कहा है कि आवश्यकता सबकी पूरी हो सकती है किंतु लालच किसी का पूरा नहीं हो सकता है। यदि एक लाख रुपए मासिक वेतन वाला अधिकारी 50 लाख रुपए मासिक का जीवन स्तर चाहेगा तो उसे भ्रष्ट होने से कोई नहीं रोक सकता। अधिकारियों का भ्रष्टाचार दो तरह का होता है, एक शोषण करके और दूसरा मिलीभगत का। किसी व्यापारी या ठेकदार या नागरिक को मजबूरी में सरकारी अधिकारी को रिश्वत देनी होती है तो उसकी शिकायत यदाकदा भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में हो जाती है किंतु आपसी मिली भगत के भ्रष्टाचार की कोई शिकायत सामान्यतया नहीं होती, क्योंकि इसमें देने वाले और लेने वाले, दोनों का ही हित है। नुकसान केवल सरकारी खजाने को होता है। ये प्रकरण खोजी मीडिया द्वारा सामने लाये जाते हैं। विला खरीदने का प्रकरण इसी श्रेणी में आता है। हम यह कह सकते हैं कि भ्रष्टाचार का मूल कारण लालच है और अपनी आय से कहीं अधिक ऐशो आराम का जीवन जीने की आकांक्षा है। इसमें अधिकारी की पत्नी और परिजनों का प्रोत्साहन भी बड़ी भूमिका निभाता है।

भ्रष्ट अधिकारियों को मिलने वाली सामाजिक प्रतिष्ठा भी अधिकारियों को भ्रष्ट बनने के लिए प्रेरित करती है। एक समय था, जब ज्ञान और सच्चरित्र को प्रतिष्ठा मिलती थी और भ्रष्ट तथा अनैतिक व्यक्तियों को हेय दृष्टि से देखा जाता था। ऐसे लोग सामाजिक समारोहों में जाने से भी कतराते थे।

एक और बड़ा कारण जवाबदेही का नितांत अभाव है। आजकल भ्रष्टाचार करना बहुत कम जोखिम वाले और अत्यंत लाभकारी काम की तरह देखा जाता है। जब करोड़ों रुपए डकारने के बाद भी ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही होते हुए नहीं दिखाई देती तो यह अन्य को भी भ्रष्ट बनने के लिए प्रेरित करती है। यदि कोई खोजी पत्रकार यह पता करे कि गत 15 वर्षों में उच्च अधिकारियों के भ्रष्टाचार के जितने मामले सामने आए, उन अधिकारियों की वर्तमान में क्या स्थिति है? उनमें से कितनों को नौकरी से बर्खास्त किया गया, वे जेल गए या उनकी पदोन्नति रुकी। यदि इनकी जानकारी सार्वजनिक की जाय तो पता चलेगा कि इनमें से लगभग सभी पदोन्नत होकर महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापित होते रहे हैं और सम्मानपूर्वक रिटायर होकर मोटी पेंशन ले रहे हैं। आय से अधिक अर्जित संपत्ति किसी की भी जब्त नहीं की गई है और ये अधिकारी पुन: दुगुने उत्साह से अन्य पदों पर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए। कई मामले तो ऐसे भी हैं जहां सरकार ने अदालत में मुकदमा चलाने के लिए अभियोजन की स्वीकृति ही नहीं दी। क्या जिन लोगों ने अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी, उन्हें भी भ्रष्टाचार का दोषी नहीं माना जाना चाहिए?

हमारी वर्तमान चुनाव प्रणाली को यदि भ्रष्टाचार की गंगोत्री या जननी कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। भ्रष्ट अधिकारियों को मिलने वाली सामाजिक प्रतिष्ठा भी अधिकारियों को भ्रष्ट बनने के लिए प्रेरित करती है। एक समय था, जब ज्ञान और सच्चरित्र को प्रतिष्ठा मिलती थी और भ्रष्ट तथा अनैतिक व्यक्तियों को हेय दृष्टि से देखा जाता था। ऐसे लोग सामाजिक समारोहों में जाने से भी कतराते थे।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2 बी) में ऐसे कर्मचारियों को सीधे बर्खास्त करने का प्रावधान है जिनके विरुद्ध जांच करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। इस प्रावधान का उपयोग उन उच्च पदस्थ भ्रष्टतम अधिकारियों के विरुद्ध तो किया ही जाना चाहिए जिनके प्रभाव के कारण निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। सरकार को चाहिए कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों के विरुद्ध इस प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही करे। ऐसी कार्यवाही करने की जानकारी को खूब प्रचारित भी किया जाना चाहिए ताकि भ्रष्ट आचरण करने के पहले वे दस बार सोचें।

वैसे तो किसी भी स्तर के कर्मचारी अधिकारी का भ्रष्टाचार करना गलत है, किंतु उच्च स्तर पर बैठे अधिकारी भ्रष्ट आचरण करते हैं तो उससे अधीनस्थ कर्मचारी भी बेइमानी करने में निश्चिंत होते हैं। उन पर नियंत्रण करने का नैतिक अधिकार भी भ्रष्ट वरिष्ठ अधिकारी खो देते हैं। जब किसी विभाग का मुखिया या सचिव भ्रष्ट होगा तो, वह भला किस नैतिक साहस से अधीनस्थों के भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई कर पाएगा?

हमारी वर्तमान चुनाव प्रणाली को यदि भ्रष्टाचार की गंगोत्री या जननी कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। चुनाव आयोग द्वारा किसी भी उम्मीदवार द्वारा जितना खर्च अनुमत किया गया है, उससे कई गुना अधिक राशि उम्मीदवार और दल चुनाव में खर्च करते हैं। यह सर्वज्ञात है कि सांसद के चुनाव पर लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च होता है जबकि खर्च की सीमा एक करोड़ भी नहीं है। यह सारा खर्चा काले धन से होता है। जब कोई व्यक्ति करोड़ों रुपए खर्च करके सांसद, विधायक या लाखों खर्च करके प्रधान, जिला प्रमुख या सरपंच बनता है, तो कुर्सी पर बैठते ही उसका पहला काम खर्च किए गए धन को जैसे तैसे वसूल करना होता है।

यह सब को ज्ञात है कि कोई भी मंत्री या जनप्रतिनिधि, अधिकारियों के सक्रिय सहयोग के बिना भ्रष्टाचार नहीं कर सकता है। जब अधिकारीगण, मंत्रियों के भ्रष्ट आचरण में सहयोगी बन जाते हैं तो, यह भ्रष्टाचार की बेल, अमर बेल की तरह पूरे सिस्टम को जकड़ लेती है । जब प्रत्याशियों द्वारा चुनाव अधिक धनराशि खर्च किए बिना लड़ा जाएगा तो फिर जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों के माध्यम से खरीद, ठेके या स्थानांतरण आदि के माध्यम से पैसा कमाने की आवश्यकता नहीं होगी।

उपरोक्त विवरण से यह अवधारणा व्याप्त नहीं होनी चाहिए कि सरकार में बैठे सभी उच्च अधिकारी भ्रष्ट हैं। हां, यह अवश्य है कि जब भ्रष्ट अधिकारी सजा नहीं पाते हैं और उन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा, पदोन्नति और महत्वपूर्ण पद मिलते रहते हैं तो फिर अपने दृढ़ संकल्प के कारण जो ईमानदार हैं, केवल वही ईमानदार बने रहेंगे। लेकिन जो असमंजस में हैं, उनके भ्रष्ट होने की संभावना अधिक बन जाएगी । यही कारण है कि कुछ दशकों पूर्व लगभग 20 प्रतिशत अधिकारी भ्रष्ट होते थे, जबकि अब यह प्रतिशत 80-90 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। पहले भ्रष्ट व्यक्तियों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती थी। अब ईमानदार अधिकारियों की गणना उंगलियों पर की जा सकती है। सिविल सेवाओं का यह पतन, भारत जैसे विकासशील और कल्याणकारी राज्य के लिए अत्यंत ही हानिकारक सिद्ध हो रहा है।

जब कभी सिविल सेवा में प्रविष्ट नए अधिकारियों से बात करने का अवसर मिलता है तो उनका यह कहना होता है कि आई आई टी, आई आई एम से उत्तीर्ण या सी ए, उनके साथी देश-विदेश में उनसे कई गुना अधिक वेतन पर कार्यरत हैं, तो उन्हें इतना कमाने की छूट क्यों नहीं होनी चाहिए? यह एक विचित्र सा तर्क है। किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती किसी सिविल सेवा के लिए आमंत्रित नहीं किया जाता। अपितु वे पूरी तैयारी के साथ, लाखों व्यक्तियों से प्रतियोगिता के बाद इसमें चयनित होते हैं। उन्हें पहले ही पता होता है कि सिविल सेवा का उद्देश्य, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन करके आमजन के जीवन को बेहतर बनाना है। साथ ही देश को विकास के पद पर तेजी से आगे बढ़ाने का है । जिनके मन में यह सेवा भाव नहीं हो, उन्हें सिविल सेवा में आने का विचार भी अपने मन में नहीं लाना चाहिए। सिविल सेवा में आने के इच्छुक सभी युवाओं से मेरा अनुरोध है कि जब आप किसी जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए, संवेदनशीलता और जनहित के काम करने के लिए आकांक्षी हों, तभी सिविल सेवा में आने का प्रयास करें ।

यदि अधिकारी, राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर, निष्पक्ष रूप से संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ जनहित में काम करेंगे तो उन्हें जनता का पूरा समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त होगा। यही आशीर्वाद, उनके जीवन भर की पूंजी बनी रहेगी जो उनके लिए मानसिक संतोष और प्रसन्नता का का कारण भी बनेगा। अब, अधिकारियों को तय करना है कि वे दुनिया में बदनाम, भ्रष्ट के रूप में अपना नाम करें या एक जनहितकारी ईमानदार, संवेदनशील अधिकारी के रूप में अपनी छवि को बनाएं। यदि वे ऐसा कर पाए तो वह सरदार पटेल की कल्पना वाली सिविल सर्विस की अवधारणा को साकार कर पाएंगे और इसकी खोई हुई भी प्रतिष्ठा को पुन: भी अर्जित करने में सहायक सिद्ध होंगे ।

अंत में यही कह सकते हैं कि अधिकारी तब ही ईमानदार रहेंगे जब वे मानसिक संतोष को लोभ से ऊपर रखेंगे, उनके परिजन आय के अनुसार रहना सीखें और तथाकथित मलाईदार पोस्टिंग के मोह में नहीं रहें तथा भ्रष्ट के विरुद्ध तत्काल कठोरतम कार्यवाही हो। जवाबदेही निर्धारण के बिना भ्रष्टाचार पर अंकुश संभव नहीं है।

-अतिथि सम्पादक,
राजेन्द्र भाणावत
(पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी)

पंचतत्वों की साधना : राजस्थान का पारंपरिक हस्तशिल्प यथा विहंगम : आकाशे तथा कला मनसि स्थिता



अब्दुल लतीफ उस्ता

दस्तकार अपनी पीढ़ियों से चली आ रही विरासत को सहेजते हुए मिट्टी, धातु, लकड़ी और कपड़ों में संस्कृति की जो जीवंत भाषा उकेरते हैं, वह बौद्धिक ज्ञान और संवेदनशीलता का अनूठा संगम है। उनकी यह सृजनात्मकता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सदियों पुराने इतिहास और मानवीय भावों का जीवंत दस्तावेज है। अनजाने में ही सही, उनकी कला यात्रा कई बार स्थापित शास्त्रीय परंपराओं के ऐसे जीवंत आयाम छू लेती है, जहाँ अकादमिक नियमों की सीमाएँ पीछे छूट जाती हैं। उनकी सहज कलात्मक दृष्टि लोक-कला और तथाकथित उच्च कला की खाई को पाट देते हैं।

कला-इतिहासकार और मनीषी डॉ. आनंद कुमारस्वामी अपनी किताब "ऊप घ्र्ह्रीह र्ऍर्स्ह" में लिखते हैं कि भारतीय शिल्पकार केवल भौतिक निर्माण नहीं, बल्कि ध्यान-मंत्र के जरिए एक आध्यात्मिक साधना करता है। वह ध्यान में साक्षात दैवीय स्वरूप को ही मिट्टी या धातु के माध्यम से मूर्त रूप देता है। हमारी कला का मूल उद्देश्य बाहरी सौंदर्य गढ़ना नहीं, बल्कि पदार्थ के भीतर छिपे आंतरिक सत्य और चेतना को जाग्रत करना है।

भारतीय सन्दर्भों में दस्तकार की कला केवल हाथों का हुनर ही नहीं, बल्कि प्रकृति के पांच मूल तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का सुन्दर संयोजन है। जब वह मिट्टी, रंगों, सुखाने, तपाने और ढलने जैसी प्रक्रिया से कला को आकार देता है, तो वह उसे केवल मूर्त रूप नहीं दे रहा, बल्कि ब्रह्मांड के इन्हीं पाँच तत्वों को अपनी साधना से जीवंत कर रहा है। भारत की अन्य हस्तशिल्प परंपरा की भांत, राजस्थान की यह परंपरा भी प्रकृति से गहरे जुड़ी हुई हैं। हमारी शिल्प परंपराएं केवल सजावटी अभिव्यक्ति या व्यावसायिक उत्पाद नहीं, बल्कि रेगिस्तान, लोकविश्वास, सामुदायिक जीवन, ऋतुओं और रोजमर्रा के अनुभवों से बनी एक मजबूत परंपरा एवं जीवंत संस्कृति है।

मोलेला की टेराकोटा कला, ब्लू पॉटरी, रंग-बिरंगी बंधेज, अजरख, बगरू और सांगानेरी ठप्पा छपाई, पारंपरिक मिट्टी के बर्तन, स्वर्ण-नक्काशी से सजी मीनाकारी, उस्ता कला तथा कठपुतलियां आदि हस्तशिल्पों में राजस्थान की अनूठी भौगोलिक और सांस्कृतिक पहचान झलकती है। इन हस्तशिल्प परंपराओं को पंचमहाभूतों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश- के माध्यम से समझना इसलिए जरूरी है। क्योंकि ये पांचों तत्व किसी भी शिल्प के सामग्री, निर्माण, उसकी तकनीक और उसके मूल अस्तित्व का बुनियादी तत्व हैं। राजस्थान में भी प्रकृति कोई अलग या बाहरी विषय नहीं है; वह दस्तकार के जीवन, उसकी आस्था और उसकी कला के भीतर रची-बसी है।

राजस्थान के हस्तशिल्पों में पृथ्वी का सबसे सीधा और जीवंत रूप मिट्टी, धातुओं और प्राकृतिक खनिजों के माध्यम से दिखाई देता है। मरुस्थलीय धरातल और यहां की खदानें हस्तशिल्पियों को ऐसा कच्चा माल देती हैं जो सीधे तौर पर स्थानीय संस्कृति से जुड़ा होता है। राजसमंद जिले के मोलेला गांव की टेराकोटा कला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां नदी-किनारे की विशेष चिकनी मिट्टी से देवी-देवताओं और ग्रामीण जीवन के दृश्य बनाए जाते हैं, और कलाकार बिना साँचों के अपनी उंगलियों व वर्षों के अनुभव से समुदाय की सामाजिक स्मृति को सुरक्षित रखता है। इसके अलावा मीनाकारी, कोफ्तकारी और उस्ता कला में प्रयोग होने वाली सोना एवं चाँदी तथा फड़, पिछवाई, पारंपरिक चित्रों व वस्त्र छपाई में इस्तेमाल होने वाले गेरू, पेवडी, हिंगलू व अन्य कई खनिज रंग सीधे पृथ्वी की गोद से आते हैं, जो हस्तशिल्प और प्रकृति के उस अटूट रिश्ते को दर्शाते हैं जहां आवश्यक सामग्री भी पर्यावरण से ही प्राप्त होती है।

राजस्थान जैसे जल-अभाव वाले प्रदेश में पानी का महत्व केवल प्यास बुझाने तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह सामाजिक संबंधों, आजीविका और हस्तशिल्प के सृजन का भी मूल आधार है। जल के बिना किसी भी रंगाई, छपाई या टेराकोटा शिल्प की कल्पना तक नहीं की जा सकती। मिट्टी को गूंथने से लेकर, लेई तैयार करने, रंगों को घोलने और मिट्टी के बर्तनों को आकार देने के लिए पानी की निरंतर आवश्यकता होती है। बगरू, सांगानेरी, अजरख छपाई का पूरा उद्योग जल प्रबंधन और स्थानीय पर्यावरणीय ज्ञान पर टिका है, जहां कपड़े को प्राकृतिक रंगों में रंगने से पहले उसे पानी में बार-बार भिगोया, धोया और सुखाया जाता है ताकि कपड़ा रंग को भली-भांति सोख सके।

रंगाई की यह पूरी प्रक्रिया इस बात का प्रमाण है कि राजस्थान के हस्तशिल्पी पानी की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए अपने हुनर को संवारते रहे हैं, और जल यहां केवल एक तरल पदार्थ नहीं बल्कि रंगों को जीवन देने वाला अमृत है। इसी जल-संस्कृति में हर एक रंग के पीछे पानी की वह साधना छिपी होती है जो धरातल पर जीवन और कला के बीच समन्वय गढ़ती है।

अग्नि राजस्थान के हस्तशिल्पों में निर्माण, परिपक्वता और रूपांतरण की सबसे बड़ी शक्ति है, क्योंकि कच्ची मिट्टी, धातुओं और कच्चे रूपों को स्थायित्व प्रदान करने का काम केवल आग ही करती है। हाथ से गढ़ी गई मोलेला के टेराकोटा प्लाक्स और मिट्टी के बर्तन भट्ठी की तेज और नियंत्रित आग में पकने के बाद ही टिकाऊ बनते हैं। जयपुर की विश्व प्रसिद्ध ब्लू पॉटरी, बीकानेर का कट-ग्लास कला में क्वाट्र्ज और कांच के मिश्रण को विशेष तापमान पर पकाया जाता है, और मीनाकारी तथा आभूषण कला में धातुओं पर चढ़ाई गई रंगीन कांच की परतों को स्थायी बनाने के लिए भी अग्नि के ताप का ही प्रयोग किया जाता है, जहां आग का तापमान थोड़ा भी असंतुलित हो जाए तो रंग और चमक बिगड़ सकती है। इसके अतिरिक्त, अग्नि राजस्थान की संस्कृति में केवल शिल्प भट्ठियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैवाहिक अनुष्ठानों, यज्ञों, दीपकों और लोकउत्सवों के माध्यम से पवित्रता, ऊर्जा और सामुदायिक एकता का शाश्वत प्रतीक भी है जो हस्तशिल्पी के भीतर की रचनात्मक ऊर्जा को निरंतर प्रज्वलित रखती है।

वायु का सीधा संबंध हस्तकला के उपकरणों, शिल्पकारों की शारीरिक गति और पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं से जुड़ा है, और यद्यपि वायु अदृश्य है, किंतु हस्तशिल्प के निर्माण में उसकी उपस्थिति को साफ महसूस किया जा सकता है। हमारी कठपुतलियां बिना वायु और गति के अर्थहीन हैं, जिन्हें कुशल कारीगर लकड़ी को तराशकर और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाकर तैयार करता है, और उनमें गति संचार करने का काम कलाकार की उंगलियों की हवा जैसी फुर्ती और लय करती है। लोकशिल्प के अंतर्गत बनने वाले पारंपरिक वाद्ययंत्र-जैसे सारंगी, कमायचा, अलगोजा और मोरचंग-वायु और सांस के कंपन से ही स्वर-लहरी पैदा करते हैं। जब बगरू, सांगानेरी या अजरख प्रिंट के थानों को खुले आसमान के नीचे हवा में सूखने के लिए फैलाया जाता है, तो बहती हुई हवा प्राकृतिक रंगों और कपड़ों को अंतिम रूप से सुखाकर स्थिर करती है।

आकाश को यदि रूपक के रूप में हस्तशिल्पों के सन्दर्भ में खुले विस्तार, असीम कल्पना, संतुलन और ब्रह्मांडीय व्यवस्था का प्रतीक कहा जाये तो गलत नहीं होगा। राजस्थान की प्रसिद्ध बंधेज और लहरिया कला में कपड़े को छोटे-छोटे बिंदुओं से बांधकर रंगा जाता है, और जब कपड़ा खुलता है, तो उसमें अनगिनत ज्यामितीय आकृतियां और लहरें बनती हैं जो किसी खुले आसमान के नीचे फैली रेत की लहरों या तारों भरे आकाश का भ्रम पैदा करती हैं। हस्तशिल्प और लोकचित्रों में उपयोग होने वाले वृत्त, त्रिकोण, चौकोर और सममितीय पैटर्न केवल सजावटी रेखाएं नहीं हैं, बल्कि वे ब्रह्मांडीय संतुलन, दिशा और उस सांस्कृतिक आकाश को दर्शाते हैं जिसके तले समुदाय पनपते हैं।

सार-रूप में राजस्थान की लोककलाएँ, विशेषकर हस्तशिल्प में पंचमहाभूत प्रकृति और संस्कृति के बीच संबंध को समझने का माध्यम हैं। पृथ्वी मिट्टी और स्मृति बनकर उभरती है, जल जीवन और आशा बनकर, अग्नि शिल्प और अनुष्ठान बनकर, वायु लय और स्वर बनकर तथा आकाश लोककथा और कल्पना बनकर प्रकट होता है। इस दृष्टि से राजस्थान के हस्तशिल्प केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि आज भी जीवित संस्कृति है, जो मनुष्य और प्रकृति के बीच संवाद से पैदा होती है। जब तक कलाकार-समुदाय अपनी मिट्टी, अपने गीत, अपने रंग और अपनी कथाओं से जुड़े रहेंगे, तब तक उनकी कला न केवल संरक्षित रहेगी, बल्कि वह निरंतर नए रूपों में जीवित और प्रासंगिक बनी रहेगी।

-अब्दुल लतीफ़ उस्ता,
विरासत विशेषज्ञ और कला इतिहासकार

भजनलाल सरकार ने उदयपुर शहर में पेयजल, चिकित्सा व पर्यटन विकास और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं



गौरीकांत शर्मा

उदयपुर की दीर्घकालीन पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में देवास परियोजना राजस्थान की महत्वपूर्ण अंतर-बेसिन जल हस्तांतरण परियोजनाओं में से एक है। देवास परियोजना के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के लंबित कार्यों को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए तेजी से आगे बढ़ाया है। देवास परियोजना साबरमती बेसिन क्षेत्र के जल को जो व्यर्थ बहकर अरब सागर में बह जाता है, को बनास बेसिन की ओर हस्तान्तरण का अभिनव प्रयोग कर उदयपुर की जल व्यवस्था से जोड़ने की परिकल्पना का मूर्त रूप है। देवास-प्रथम से शुरू हुई इस यात्रा में वर्ष 1974 में प्रथम चरण के माध्यम से उदयपुर की पेयजल व्यवस्था को आधार मिला।

इसके बाद देवास-द्वितीय वर्ष 2015 में पूर्ण हुआ, जिसके अंतर्गत आकोदड़ा बांध एवं सुरंग प्रणाली के माध्यम से गुरूत्व प्रभाव द्वारा जल को उदयपुर की पिछोला झील तक पहुंचाने की व्यवस्था विकसित हुई। देवास-तृतीय एवं देवास-चतुर्थ इसी दीर्घकालीन जल सुरक्षा की अगली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। परियोजना पूर्ण होने पर उदयपुर शहर के लिए प्रतिवर्ष लगभग 1000 एमसीएफटी अतिरिक्त जल उपलब्ध कराया जाएगा। इससे शहर की बढ़ती पेयजल आवश्यकता को पूरा करने के साथ पिछोला एवं फतहसागर झीलों में जल स्तर बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

देवास-चतुर्थ परियोजना के अंतर्गत गोगुंदा तहसील के अंबावा गांव के पास 390 एमसीएफटी क्षमता के बांध तथा 4.15 किलोमीटर लंबी टनल का निर्माण किया जा रहा है। यहां से जल का अपवर्तन देवास-तृतीय परियोजना की ओर किया जाएगा। इसी प्रकार नाथियाथल गांव के पास 703 एमसीएफटी क्षमता के देवास-तृतीय बांध का निर्माण किया जा रहा है। देवास-तृतीय बांध से जल को 10.50 किलोमीटर लंबी टनल के माध्यम से मौजूदा देवास-द्वितीय (आकोदड़ा बांध) तक तत्पश्चात् आवश्यकता अनुसार उदयपुर की पिछोला झील में अपवर्तित किया जाएगा। देवास परियोजना का प्रभाव केवल पेयजल व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगा। उदयपुर की झीलों में बेहतर जल उपलब्धता से पर्यटन गतिविधियों, ईको टूरिज्म तथा होटल एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को संबल मिलेगा।

साथ ही जल की दीर्घकालीन उपलब्धता से स्थानीय उद्योगों तथा भविष्य में होने वाले निवेश के लिए भी अनुकूल वातावरण तैयार होगा। परियोजना से पर्यटन, पर्यावरण एवं जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

नई कॉलोनियों तक पहुंचा पेयजल नेटवर्क-शहर और तेजी से विकसित हो रही विस्तारित कॉलोनियों में शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगभग 17.90 करोड़ रूपए की लागत से पेयजल पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य किया गया है। इससे नए विकसित क्षेत्रों को भी शहर की पेयजल व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है।

100 करोड़ से मजबूत होगी बिजली व्यवस्था-बढ़ते शहरी विस्तार के साथ बिजली की मांग में भी लगातार वृद्धि हो रही है। बिजली ट्रिपिंग और लोड की समस्या से निजात दिलाने के लिए शहर में 100 करोड़ रूपए की लागत से 33 केवी के 20 नए जीएसएस स्थापित किए जा रहे हैं। इस दिशा में प्रथम चरण के तहत उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और 5 नए जीएसएस का कार्य अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के माध्यम से शुरू करवाया गया है।

देवास परियोजना से जल सुरक्षा, पाइपलाइन विस्तार से पेयजल पहुंच और नए जीएसएस से विद्युत आपूर्ति को मजबूती देने के यह प्रयास उदयपुर के दीर्घकालिक विकास की आधारशिला तैयार कर रहे हैं। बढ़ते शहरीकरण के बीच जल और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों का मजबूत नेटवर्क शहर के सतत विकास के लिए अहम साबित होगा। विकास के साथ प्रकृति और पर्यटन को नया आयाम रामगिरी ऑक्सीजन हब से नेहरू गार्डन तक, उदयपुर की खूबसूरती में जुड़ रहे नए रंग।

शहर के पर्यावरण को बेहतर बनाने और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए रामगिरी पहाड़ी को 20.05 करोड़ रूपए की लागत से विशाल ऑक्सीजन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना शहर में हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विकसित होने के बाद यह क्षेत्र शहरवासियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र भी बनेगा।

लॉयन सफारी और रेप्टाइल पार्क-मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत उदयपुर के सज्जनगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य में प्रदेश की दूसरी लॉयन सफारी स्थापित की गई है। इसके लिए गुजरात के प्रसिद्ध गिर अभ्यारण्य से एशियाई शेरों का जोड़ा लाया गया है। सज्जनगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में ही लॉयन सफारी के लिए पृथक से एनक्लोजर तैयार किए गए हैं। इसके अलावा सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में ही रेप्टाइल पार्क भी तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न प्रजाति के सरीसर्प जीवों को रखा गया है, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

पर्यटन को लग रहे पंख-मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत 100 करोड रूपए की लागत से महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा फतहसागर झील के मध्य स्थित ऐतिहासिक नेहरू गार्डन के सौंदर्गीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। करीब 10 करोड़ रूपए की लागत से नेहरू गार्डन को नया स्वरूप दिया गया है। इसके अलावा शहर में पंच गौरव पार्क और पंच गौरव चौराहे का निर्माण भी प्रगतिरत है। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर के प्रमुख स्थानों के सौंदर्याकरण के साथ स्थानीय



नंदिनी भार्गव

पहचान और गौरव को भी प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा अत्याधुनिक आधार-आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित पन्नाधाय राजकीय महिला चिकित्सालय की जर्जर हो चुकी पुरानी बिल्डिंग के स्थान पर एक भव्य और अत्याधुनिक नया भवन बनाने के लिए 120 करोड़ रूपए का बजट आवंटित किया गया है। प्रस्तावित बहुमंजिला नए भवन में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ पर्याप्त बेड्स की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। परियोजना की लागत का 50 प्रतिशत हिस्सा डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट और 50 प्रतिशत उदयपुर विकास प्राधिकरण फंड से वहन किया जा रहा है।

-गौरीकांत शर्मा, उपनिदेशक, उदयपुर एवं नंदिनी भार्गव, इंर्टन डीआईपीआर में कार्यरत है।

राशिफल मंगलवार 3 नवम्बर, 2026



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत-2083, मघा नक्षत्र रात्रि 3:27 तक, शुक्ल योग प्रात: 9:54 तक, गर करण दिन 11:55 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति- सूर्य-तुला, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

कुमार योग दिन 11:55 से रात्रि 3:27 तक है। भद्रा रात्रि 11:29 से आरम्भ होगी।

श्रेष्ठ चौघड़िया- चर 9:26 से 10:48 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 1:32 तक, शुभ 2:55 से 4:17 तक।

राहुकाल- 3:00 से 4:30 तक, सूर्योदय 6:41, सूर्यास्त 5:39



मेष

व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। घर-परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।




सिंह

मानसिक तनाव दूर होगा। मन: स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।


धनु

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




वृष

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




कन्या

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज धन हानि का भय है। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।




मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




तुला

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।




कुंभ

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।




कर्क

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को संयम रखना ठीक रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आज नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।



मीन

स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

केन्द्र की 2.61 लाख करोड़ रुपए की योजनाएं 80 प्रतिशत पूरी : भजनलाल

मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों व उच्चस्तरीय बैठकों से राज्य की लम्बित बड़ी योजनाओं का रास्ता खुला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर/नई दिल्ली । राजस्थान में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में केंद्र और राज्य के मजबूत समन्वय से इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेगा प्रोजेक्ट्स का हाई स्पीड विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने न केवल कल्याणकारी योजनाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल किया है, बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास के मोर्चे पर भी अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों और उच्चस्तरीय बैठकों ने राजस्थान की लंबित बड़ी परियोजनाओं के तेजी से पूरा होने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खुले हैं। वर्तमान में केन्द्र सरकार की ओर से चल रही लगभग 2 लाख 61 हजार



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

करोड़ रुपए की परियोजनाओं में से 1 लाख 22 हजार करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं का काम 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जबकि प्रदेश में प्रगतिरत 82 केन्द्रीय परियोजनाओं पर अब तक 1 लाख 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं।

- **बाड़मेर में देश की पहली ग्रीन फील्ड रिफाइनरी के पेट्रोकेमिकल निकासी व विपणन टर्मिनल का 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उदयपुर एयरपोर्ट के नए एकीकृत यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण भी 88 प्रतिशत पूरा हो गया।**

केन्द्र सरकार द्वारा जारी पैमाना रिपोर्ट के अनुसार बाड़मेर में देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी की सौगात मिलने के बाद पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल का कार्य भी 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जोधपुर एयरपोर्ट पर घरेलू उडानों के लिए नए पैसेंजर टर्मिनल भवन का 480 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया गया है, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट पर नए एकीकृत यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण भी 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान में ऊर्जा, रेलवे, सड़क परिवहन और औद्योगिक गलियारों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। विद्युत प्रसारण और वितरण क्षेत्र में 19 प्रमुख परियोजनाओं पर 98 हजार 759 करोड़ की लागत से कार्य हो रहा है। इसमें राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी जोन फेज-चतुर्थ की बाड़मेर कॉम्प्लेक्स 6 गीगावाट सोलर प्रोजेक्ट और फतेहगढ़-द्वितीय ट्रांसमिशन सिस्टम जैसी विशाल परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, रेलवे के 22 बड़े प्रोजेक्ट्स पर 33 हजार 572 करोड़ से अधिक, राजमार्गों के 22 प्रोजेक्ट्स पर 16 हजार 241 करोड़ रुपये और शहरी सार्वजनिक परिवहन के तहत 14 हजार 222 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर हैं।

जयपुर के चारों ओर यातायात के दबाव को कम करने के लिए 11 हजार 764 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर रिंग रोड (उत्तर) परियोजना का कार्य केन्द्र सरकार के सहयोग से पूरा किया जाएगा। साथ ही, 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना का कार्य भी केन्द्र सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

नाबालिग ममेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले को सजा

जयपुर । पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत कम-1, महानगर प्रथम ने 17 वर्षीय ममेरी बहन का अपहरण कर उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाकर करीब तीन माह तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 26 साल के इस अभियुक्त पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने मामले में आरोपी बनाए गए टैक्सी चालक को बरी कर दिया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने अपनी ममेरी नाबालिग बहन के साथ लैंगिक उत्पीडन कर उसे शारीरिक और भावनात्मक क्षित पहुंचाने के साथ ही उसके व्यक्तित्व और गरिमा का आहत करने वाले अपराध किया गया है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजावत ने अदालत को बताया की घटना को लेकर पीडिता के पिता ने 18 मई, 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हाईकोर्ट के फर्जी आदेश से जुड़े मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर एसपी तलब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने वोटर बनने के लिए हाईकोर्ट का फर्जी आदेश तैयार करने से जुड़े मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर 6 नवंबर को झुंझुनूं एसपी को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश सूरजगढ से कांग्रेस विधायक के बेटे जयप्रकाश की याचिका पर दिए। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से अधिवक्ता अमित कुडी ने अदालत को बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर ने इस संबंध में सूरजगढ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार न्यायिक ने जांच रिपोर्ट पेश कर बताया कि यह आदेश ना तो रिकॉर्ड पर है और न ही वेबसाइट पर है। अदालत का यह आदेश पूरी तरह फर्जी है। वहीं राज्य के एएजी राजेश चौधरी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया है और इसकी जांच की जा रही है। अदालत ने सभी पक्षों को सुनकर 6 नवंबर को झुंझुनूं एसपी को अदालत में पेश होने के लिए कहा है। पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट ने कथित आदेश की फोटोकॉपी की तुलना मूल आदेश से की थी। इससे पता चला कि 16 अक्टूबर को कोई अंतरिम आदेश की बजाय अदालत ने सुनवाई टाली थी। जबकि निर्वाचन आयोग ने बताया था कि इस कथित आदेश में प्रार्थी के पक्ष में अंतरिम आदेश से उसका नाम ग्राम पंचायत जीणी के वार्ड संख्या 5 की मतदाता सूची में पुन: शामिल करने और नामांकन पत्र स्वीकार करने के लिए कहा है। जबकि याचिका में ऐसा कोई अंतरिम आदेश ही नहीं हुआ था।

'गैर आरएएस से आईएएस पदोन्नति को लेकर समिति की सिफारिशों पर 15 दिन में निर्णय लें'

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह गैर आरएएस से आईएएस पद की पदोन्नित के लिए चयन समिति की सिफारिश पर 15 दिन में निर्णय ले। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश नर्मदा इंदोरिया व अन्य की ओर से दायर याचिका का निस्तारण करते हुए दिए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश के जरिए राज्य सरकार को मामले को किसी विशेष तरीके से तय करने का निर्देश नहीं दिया गया है। वह विधि अनुसार इसे तय करने के लिए स्वतंत्र है।

याचिका में अधिवक्ता राजीव कुमार ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा चयन द्वारा नियुक्ति विनियम, 1997 के तहत राज्य सरकार को चयन समिति की सिफारिश पर 45 दिन में आदेश पारित करना होता है। इसके बावजूद भी करीब छह माह बीतने के बाद भी राज्य सरकार ने अब तक मामले में कोई निर्णय नहीं लिया है। जबकि केन्द्र सरकार अभी भी पदोन्नित प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। ऐसे में राज्य सरकार को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राज्य सरकार को चयन समिति की सिफारिश पर पन्द्रह दिन में फैसला लेने को कहा है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया सर्विस एक्ट व उसके नियम-विनियम के तहत 66.67 प्रतिशत पद सीधी आईएएस भर्ती से और 33.33 फीसदी पद राज्य सरकार के प्रशासनिक अफसरों से पदोन्नित से भरने का प्रावधान है। वहीं इनमें से 15 फीसदी पदों को अन्य सेवा के अफसरों से भरने का प्रावधान है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की विशेषज्ञता की जांच की जाती है।

चौथा और उठाला



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे

श्री भुवनेश चंडोक

पुत्र श्री विद्या रत्न एवं श्रीमती शारदा चंडोक का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 1 नवंबर 2026 को हो गया है।

चौथे उठाले की रस्म : 3 नवंबर 2026, मंगलवार को शाम 4.00 से 5.00 बजे कृष्णा मंदिर, आदर्श नगर, जयपुर में रखी जायेगी।


शोकाकुल : मीनू चंडोक (पत्नी), मृण्मयी चंडोक (पुत्री), प्रत्यांश चंडोक (पुत्र) कीर्ति कपूर (बहन), योगेश कपूर (बहनोई), निलाक्ष कपूर (भांजा) एवं समस्त चंडोल परिवार, **संपर्क** : 9680702332, 9460623594

जय गौर ।। जय श्री राधे गोविन्द देवजी महाराज ।। जय गौर

तीये की बैठक

आगमन प्रस्थान

श्रीमन् माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत मन्दिर श्री गोविन्द देवजी, जयपुर, काम्यवन, वृन्दावन, मथुरा का श्री राधा गोविन्द चरणों में नित्य लीला धाम में प्रवेश दि. 01.11.2026 कार्तिक कृष्ण अहोई अष्टमी सम्वत् 2083 को हो गया है।



महन्त श्री अंजन कुमार जी गोस्वामी

श्रद्धांजलि सभा (आगमन प्रस्थान) दिनांक 03.11.2026 मंगलवार को साँय 4 से 5 बजे तक, महावीर पब्लिक स्कूल, सी-स्कीम जयपुर पर होगी।

-: शोकाकुल :-

समस्त गोस्वामी परिवार एवम्
समस्त वैष्णव गोविन्द परिकर

ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी

जयपुर एवं काम्यवन (राज.) • वृंदावन एवं मथुरा (उ.प्र.)



कैश डिस्काउंट ₹2 100~ तक | फाइनेंस 100%^ तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife | Also Available on: Flipkart amazon.in | Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM Finance

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts.Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. $Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, मानपुर: सुखराम हीरो, 9783877225, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेड़: किरण मोटर्स, 9314039090, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591, रायसर: श्री बालाजी मोटर्स, 9414493720, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, एम आर मोटर्स, 0141-2348111, बेनर रोड: पूनिया मोटर्स, 9928868990, पालड़ी मीणा: बॉर्डर मोटर्स, 9376000602, बोराज: ओम मोटर्स, 9351825554.

झुंझुनूं के गांव छापोली में 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से आठ मजदूरों की मौत

सड़क निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट मिक्सर मशीन के 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से हादसा हुआ

- हादसे में पांच अन्य मजदूर घायल हो गए, सभी को उदयपुरवाटी अस्पताल में भर्ती करवाया
- बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने आपसी सहमति से अपने स्तर पर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया था
- यह निर्माण कार्य राज्य सरकार की किसी एजेंसी की ओर से नहीं करवाया जा रहा था और न ही संबंधित सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई थी



हादसे की जानकारी मिलने पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा मौके पर पहुंचे।

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के उदयपुरवाटी ब्लॉक के छापोली गांव में सोमवार को एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। कदम कुंड धार्मिक स्थल के पास सड़क निर्माण कार्य के दौरान 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते खुशियों से भरे आठ परिवारों में मातम छा गया। जिन घरों में सुबह तक रोजमर्रा की जिंदगी चल रही थी, वहां शाम होते-होते अपनों को खोने का गम पसरा हुआ था।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को कदम कुंड के पास ग्रामीणों की ओर से सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगी सीमेंट मिक्सर मशीन 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गई। मशीन के संपर्क में आने से वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे में आठ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल उदयपुरवाटी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रथम दृष्टया हादसे के पीछे सड़क निर्माण के दौरान विद्युत सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था नहीं होना सामने आया है। बताया गया कि जिस स्थान पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था, वह वन विभाग की भूमि है। ग्रामीणों ने आपसी सहमति से अपने स्तर पर ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाया था। यह निर्माण कार्य राज्य सरकार की किसी एजेंसी की ओर से नहीं करवाया जा रहा था और न ही संबंधित सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई थी। ऐसे में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) को भी निर्माण कार्य की जानकारी नहीं दी गई, जिसके चलते विद्युत लाइन का शटडाउन नहीं हो पाया। सामान्यतया सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय अथवा पंचायती राज विभाग की ओर से सड़क निर्माण करवाए जाने पर विद्युत लाइन के नीचे काम करने से पहले बिजली विभाग को सूचना देकर आवश्यकता के अनुसार शटडाउन लिया जाता है। हालांकि, हादसे के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने झुंझुनूं जिला कलैक्टर अरूण गर्ग और एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला कलैक्टर डॉ. अरूण गर्ग और पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर भी घटनास्थल पहुंचे। अधिकारियों ने हादसे की परिस्थितियों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बताया कि मृतकों के परिजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रशासन की ओर से मृतकों के घर जाकर योजनाओं के आवेदन भरवाए जाएंगे, ताकि सहायता राशि जल्द से जल्द परिवारों तक पहुंचाई जा सके।

इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वालों में चार मजदूर हालेड़ा मंडावरा, तीन छापोली और एक उदयपुरवाटी का निवासी था। मृतकों में हरिराम गुर्जर (30) पुत्र शंकरलाल, निवासी हालेड़ा मंडावरा, मंगलचंद गुर्जर (22) पुत्र गिरधारीलाल, निवासी हालेड़ा मंडावरा, कालूराम गुर्जर (29) पुत्र भीखाराम, निवासी हालेड़ा मंडावरा, पवन गुर्जर (23) पुत्र जगदीश, निवासी हालेड़ा मंडावरा, विष्णु सैनी (38) पुत्र नानूराम, निवासी छापोली, सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी (30) पुत्र महावीर, निवासी छापोली, मुकेश सैनी (27) पुत्र शंकरलाल, निवासी छापोली, नितेश सैनी (30) पुत्र मंगलचंद, निवासी उदयपुरवाटी शामिल है। हादसे में महेंद्र पुत्र बनवारीलाल सैनी निवासी छापोली, गीता देवी (45) पत्नी मदनलाल मेघवाल निवासी छापोली, संतरा देवी (35) पत्नी सतीश मेघवाल निवासी छापोली, गिदाराम (45) पुत्र धन्नाराम सैनी निवासी छापोली तथा मंजू देवी (38) पत्नी राजेश कुमार निवासी छापोली घायल हुए हैं। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही नगरीय निकाय मंत्री झाबर सिंह खर्रा उदयपुरवाटी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। इसके बाद मंत्री घटनास्थल पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मजदूर के परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से कुल 15 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक मृतक के परिवार के एक सदस्य को स्वायत्त शासन विभाग में संविदा पर नौकरी दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्रता के अनुसार पीड़ित परिवारों को अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ भी तत्काल उपलब्ध करवाया जाए।

मंत्री ने उप वन संरक्षक को वन विभाग की भूमि में रास्ते से संबंधित डायवर्जन का प्रस्ताव भिजवाने तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को हादसे के कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलने पर उदयपुरवाटी विधायक भगवान राम सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा तथा झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी ने हादसे पर गहरा दु:ख जताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

अजमेर में जैन मंदिर के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

- गगवाना के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया
- अकलमारी और दानपेटी तोड़कर सामान समेट ले गए बदमाश

अजमेर, (निसं)। अजमेर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बदमाशों ने अब धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए गगवाना स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी व दानपेटी तोड़कर चांदी के बर्तन, नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 7 से 8 लाख रुपए बताई जा रही है। वारदात के बाद क्षेत्र में श्रद्धालुओं में रोष है। गेगल थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जयपुर रोड स्थित सुधर्म सागर कॉलोनी के जैन मंदिर में 30 अक्टूबर की रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में चोरी का पता सुबह उस समय चला, जब श्रद्धालु नियमित दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर का मुख्य द्वार खुला देखकर श्रद्धालुओं को संदेह हुआ। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद मंदिर से जुड़े लोगों को चोरी की सूचना दी गई। मंदिर की देखरेख कर रहे मुकेश पाटनी ने बताया कि चोर मंदिर से दानपेटी की नकदी, चांदी के बर्तन और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर से जुड़े लोगों ने गेगल थाना पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल का जायजा लिया और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ ही वारदात से जुड़े साक्ष्य खंगाल रही है।

रूपयों के लेनदेन में युवक पर हमला

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम् थाना इलाके में रूपयों के लेन-देन को लेकर हमलावरों ने जान से मारने की नियत से युवक पर चाकू से हमला कर दिया। मामले में सामने आया कि रविवार देर रात्रि को 25 वर्षीय युवक द्वारा उधार के रूपये मांगने पर दो-तीन जनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, हमले में घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले में घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। आरकेपुरम् थानाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि शॉपिंग सेंटर निवासी राहुल (25) जो आरकेपुरम् इलाके में कैफे चलाता है। थानाधिकारी ने बताया कि उधार के रूपये मांगने पर कैफे संचालक राहुल पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया, हमले में घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाधिकारी ने बताया कि हमले में घायल की शिकायत पर प्रशांत व दो-तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पंचायत चुनाव की रंजिश में युवक पर हमला, जयपुर रेफर किया

- सरपंच प्रत्याशी के हिस्ट्रीशीटर भाई सहित अन्य लोगों ने भतीजे पर हमला किया, हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए

सीकर, (निसं)। सीकर में पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला हो गया। चुनाव में सरपंच प्रत्याशी के हिस्ट्रीशीटर भाई सहित अन्य लोगों ने होटल पर बैठे भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने युवक के सिर पर बोतल फोड़ दी। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए सीकर लाया गया। सीकर के एस.के. अस्पताल से इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस अब आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। दादिया थाना इलाके में रविवार शाम को यह घटना हुई है।

घायल युवक राजेश उर्फ बंटी के भाई देशराज ने बताया कि मेरा भाई राजेश पलासिया के पास खुशबू होटल पर एक साथी के साथ बैठा था। इसी दौरान वहां एक बोलेरो गाड़ी आई, जिसमें पूर्व सरपंच और हाल ही चुनाव में पिपराली पंचायत से प्रत्याशी संतोष मूंड का भाई हिस्ट्रीशीटर रामनिवास, जितेंद्र सहित अन्य लोग आए। इन्होंने आते ही राजेश के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद राजेश के सिर पर बोतल फोड़ दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने गांव में इसकी सूचना दी। इसके बाद राजेश को अस्पताल लेकर आए।

गांव के सरपंच विकास ने बताया कि इस बार चुनाव में राजेश ने मेरा समर्थन किया था। राजेश रिश्ते में रामनिवास का भतीजा लगता है। इसी बात को लेकर वह रंजिश रख रहा था और आज मौका पाकर राजेश पर हमला कर दिया। हमारी मांग है कि घटना में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। गौरतलब है कि पिपराली में 30 अक्टूबर को सरपंच का रिजल्ट आया था। इसमें विकास ने 2009 वोटों से जीत हासिल की थी। वहीं संतोष मूंड दूसरे नंबर पर रहा था।

सीएम भजनलाल शर्मा ने छापोली हादसे पर दुख जताया

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं जिले की उदयपुरवाटी तहसील के छापोली गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों के विद्युत लाइन की चपेट में आने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर से दूरभाष पर हादसे की विस्तृत एवं तथ्यात्मक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जाए। साथ ही, घायल श्रमिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि घटना के प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जाए, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

रावतभाटा में दस हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

रावतभाटा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला विशेष टीम चित्तौड़गढ़ ने सफलता हासिल की है। टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी सोनू पिता बद्री लाल शर्मा निवासी हाथीपुरा मध्य प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ करीब एक वर्ष पूर्व जिले के बेगूं थाने में 12 किलो 600 ग्राम अवैध अफीम की तस्करी से जुड़ा एनडीपीएस एक्ट का एक प्रकरण दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए फरार चल रहा था। उसकी लगातार फरारी और अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भीलवाड़ा द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया था। आरोपी की तलाश के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना जुटाकर रतनगढ़-सिंगोली मुख्य मार्ग पर त्वरित नाकाबंदी की। इस दौरान जब आरोपी वहां से गुजरा और उसने पुलिस टीम को देखा, तो वह घबराकर पुलिस से बचने के लिए पास के खेतों की तरफ भागने लगा। हालांकि सतर्क टीम ने तत्परता दिखाते हुए चारों तरफ से घेराबंदी की और उसे मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम आरोपी को बेगूं ले आई है, जहां उसे पूछताछ के लिए बेगूं थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस अब आरोपी से अफीम की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर भूखंड बेचा, आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (निसं)। फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार कर दूसरे व्यक्ति के भूखंड को बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिलखुश खटीक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोहागल स्थित भूखंड को बेचने का आरोप है। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार परिवादिया माया रावत ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि लोहागल क्षेत्र में उसका एक भूखंड स्थित है, जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। आरोप है कि दिलखुश खटीक ने उक्त भूखंड के संबंध में फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवाई और इसी के आधार पर भूखंड को विकास चौहान के हाथों बेच दिया। परिवादिया को जब उसके भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे बेचे जाने की जानकारी मिली तो उसने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने माया रावत की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी दिलखुश खटीक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी किस तरह तैयार की गई और भूखंड की बिक्री में अन्य कोई व्यक्ति भी शामिल था या नहीं। साथ ही भूखंड से संबंधित दस्तावेजों और बिक्री की प्रक्रिया की भी जांच की जा रही है।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

अलवर, (निसं)। पड़ीसल रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना के चार दिन बाद सोमवार को मृतक की पहचान हो पाई। मृतक की पहचान बुधराई पुत्र झेठा सोयन (31) निवासी पुरनिया, किशनगंज के रूप में हुई है।

जानकारीअनुसार युवक मजदूरी का काम करता था और किशनगढ़ अजमेर की ओर जा रहा था। इसी दौरान 28 अक्टूबर को पड़ीसल रेलवे स्टेशन के पास वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे थे। चार दिन तक पहचान नहीं होने के बाद सोमवार को युवक की पहचान हो सकी।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के बनाड़ और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाना क्षेत्र में अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द किए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि माता का थान स्थित गोकुल की प्याऊ, रितु स्टूडियो के पास रहने वाले गौरव जांगिड़ ने रिपोट दी। इसमें बताया कि उसके पिता मोहनलाल जांगिड़ कार लेकर देवलिया गांव शगुन रिसोर्ट के सामने से निकल रहे थे। तब एक ट्रक के चालक ने उनकी कार को चपेट में ले लिया। हादसे में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद अस्पताल में उपचार के बीच उनकी मौत हो गई। बनाड़ पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है। वहीं चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि राजसमंद के मोडागुडा दिवेर निवासी नारायण सिंह पुत्र देवी रावत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 31 अक्टूबर को उसके गांव का रहने वाला हालुसिंह टाइल्स से भरा ट्रक लेकर चाणक्यपुरी गायत्री नगर पाल में आया था। वह ट्रक से टाइल्स खाली कर रहा था, मगर उसने ट्रक को बैक लेते समय हार्न नहीं दिया। जिससे पीछे खड़ा फतेहसिंह ट्रक से कुचला गया और उसकी मौत हो गई। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस सूचना पर बाद में ट्रक को जब्त कर लिया।

वित्त नियंत्रक कार्यालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
क्रमांक: Comptroller/Estt./Tender/Adv./2026-27/2757 दिनांक : 29/10/2026
ई-निविदा सूचना-01 (2026-27)
वित्त नियंत्रक कार्यालय, म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि., उदयपुर की ओर से इंट्रानेट वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने हेतु (अनुमानित लागत रूपये 11.00 लाख) की मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें एवं विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.mpuat.ac.in पर देखा जा सकता है। निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक 16.11.2026 को सायं 5.00 बजे तक है।
UBN No.: ATJ2627SLOB00232
वित्त नियंत्रक
म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि.,उदयपुर

RajCOMP Info Services Limited (RISL)
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur
RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

NIB No./ Date/ Unique bid no.	Particulars	Estimated Cost/EMD	Start of sale / Last date
25240356/ 30-10-2026 (RIS2627SLOB 00066)	RFP for Selection of System Integrator (SI) for Establishment and Operation of Rajasthan Sampark – CM Helpline 181 Call Center, including Upgradation and Maintenance of 181 Call Center Licenses for the Government of Rajasthan.	Rs.190 Cr/ Rs. 3.80 Cr	30.10.2026 08.12.2026

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाइट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in. and http://eproc.rajasthan.gov.in.
राज.संवाद/सी/26/12752
ACP (Dy. Director)

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/यंत्रालय/2026-27/14356 दिनांक :- 27.10.2026
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 11/2026-27
नगर निगम बीकानेर में Supply and Delivery of 1.1 Cubic Meter Garbage Container Bin for Nagar Nigam Bikaner कार्य की निविदा 01 वर्ष हेतु अनुमानित राशि 50.00 लाख रूपये सक्षम/पात्र संभरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निविदा पर निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।
1. UBN Code :- DLB2627GSOB23393
राज.संवाद/सी/26/12771
आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक :-SBM/2026-27/03 दिनांक:- 26.10.2026
:: ई-निविदा सूचना संख्या 03/2026-27 ::
नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यो की कुल लागत	राशि 30.00 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	Date 26.10.26 से 09.11.26 को 6.00 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 10.11.26 को 11:00AM पर
Financial निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
Nib Code :-ANN2627A0123
UBN NO. ANN2627WSOB00149
राज.संवाद/सी/26/12792
अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम अजमेर

असंतुष्ट प्रत्याशियों व समर्थकों का पंचायतराज चुनावों में धांधली और परिणामों में हेराफेरी का आरोप

- धुलखेड़ा से चुनाव मैदान में रहे गोपाल गुर्जर और गुलाबपुरा से वरिष्ठ नेता धनराज गुर्जर ने जिला प्रशासन पर चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए



परिणामों से असंतुष्ट प्रत्याशियों और समर्थकों ने जिला निर्वाचन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले में हाल ही में संपन्न हुए पंचायतराज चुनावों के परिणामों को लेकर राजनीति और विरोध का दौर तेज हो गया है। परिणामों से असंतुष्ट प्रत्याशियों और समर्थकों ने जिला निर्वाचन कार्यालय के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान धनराज गुर्जर और गोपाल गुर्जर ने जिला प्रशासन पर चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली और जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

धुलखेड़ा से चुनाव मैदान में रहे गोपाल गुर्जर और गुलाबपुरा से वरिष्ठ नेता धनराज गुर्जर ने मीडिया और प्रशासन के सामने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायतराज और सरपंचों के चुनावों के दौरान प्रशासनिक अमले और जिम्मेदारों ने मिलकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। नेताओं का दावा है कि कई वार्डों और पंचायतों में जो उम्मीदवार स्पष्ट बहुमत से जीत रहे थे, उन्हें परिणाम के कुछ घंटों बाद षड्यंत्र के तहत हारा हुआ घोषित कर दिया गया। कई जगहों पर आरोप है कि तहसीलदार या संबंधित अधिकारियों द्वारा रीकाउंटिंग (पुन: मतगणना) की मांग को स्पष्ट रूप से ठुकरा दिया गया और दबाव बनाकर जबरन हस्ताक्षर कराए गए। प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष मांग रखी है कि इस पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की जाए, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो, और संदिग्ध परिणामों वाले स्थानों पर बैलेट पेपर की एक-एक वोट की पारदर्शी तरीके से दोबारा गिनती कराई जाए।

अनुभवी राजनीतिक जानकारों और प्रभावित प्रत्याशियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और सरकार के स्तर पर न्याय नहीं मिलता है, तो आगामी एक महीने के भीतर हाईकोर्ट और जिला एवं सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा ताकि कानूनी लड़ाई लड़कर दोषियों और व्यवस्था के खिलाफ न्याय हासिल किया जा सके। इस दौरान एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें मांडल तहसील की ग्राम पंचायत लुहारिया जहां गत 24 अक्टूबर को सरपंच पद के लिए चुनाव हुआ था। प्रार्थी एवं सरपंच प्रत्याशी मुस्तफा खान पठान पुत्र मुन्ने खां पठान ने आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष मणिराज सिंह जो स्थानीय विधायक उदयलाल भडाणा के करीबी और राजनीतिक पहुंच वाले हैं ने पोलिंग पार्टी के साथ मिलकर भारी धांधली की और फर्जी मतदान करवाया। ज्ञापन में बताया गया है कि मतगणना के दौरान पहले मुस्तफा खान को 50 से अधिक वोटों से विजयी घोषित किया गया था, लेकिन बाद में पुन: गणना कर उन्हें 16 वोटों से हरा दिया गया। वहीं गोपाल गुर्जर और धनराज गुर्जर के नेतृत्व चुनावी धांधली का आरोप लगाया है।

डेढ़ लाख का चेक बाउंस होने पर दोषी को सजा

गंगापुर सिटी, (निसं)। चेक अनादरण के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता मोगा ने धर्मेन्द्र कुमार को 8 माह के कारावास और 2 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट ने जुर्माने की राशि परिवादी गिर्राज प्रसाद गुप्ता को देने के आदेश दिए। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन शर्मा ने पैरवी की।

अधिवक्ता हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि धर्मेन्द्र कुमार पुत्र दयानंद, निवासी कैलाश टॉकीज के पास, गंगापुर सिटी ने गिर्राज प्रसाद गुप्ता से 1 लाख 50 हजार रुपए उधार लिए थे। यह रकम दो रुपए सैकड़ा प्रतिमाह ब्याज की दर से ली गई थी। उधार की रकम चुकाने के लिए धर्मेन्द्र कुमार ने 15 दिसंबर 2020 को 1 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया था।

गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने चेक की रकम पाने के लिए उसे अपने बैंक खाते में जमा कराया। बैंक में चेक पेश करने पर खाते में पर्याप्त राशि नहीं थी। इस वजह से चेक का भुगतान नहीं हुआ और वह बाउंस हो गया। गिर्राज प्रसाद गुप्ता शुक्ला कॉलोनी, गंगापुर सिटी के निवासी हैं।

चौमूं हाऊस पार्क में 800 पेड़ों की कथित अवैध कटाई पर एनजीटी ने दिखाई सख्ती

प्रदेशभर में पेड़ों की जियो टैगिंग और शहर-जिलों में पेड़ों की गणना करवाने के निर्देश दिए

-कार्यालय संवाददाता-

- **एनजीटी ने आदेश दिए हैं कि, राजस्थान में 25 से अधिक पेड़ों की कटाई की अनुमति देने से पहले उच्च स्तरीय समिति प्रस्ताव की आवश्यकता और औचित्य की जांच करेगी।**
- **ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में ''पेड़ों की कटाई के बदले 10 से 100 गुना तक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की 5 साल तक निगरानी करने के आदेश दिए।''**

जयपुर। राजस्थान में विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई और घटते हरित क्षेत्र को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। अब प्रदेश में 25 से अधिक पेड़ों की कटाई की अनुमति देने से पहले उच्च स्तरीय समिति प्रस्ताव की आवश्यकता और औचित्य की जांच करेगी। इतना ही नहीं, प्रदेश के सभी पेड़ों की ''जियो-टैगिंग'' और शहरों व जिलों में वृक्ष गणना भी कराई जाएगी। पेड़ों की कटाई के बदले 10 से 100 गुना तक पौधारोपण और लगाए गए पौधों की 5 साल तक निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

एनजीटी की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ, भोपाल ने सोमवार को जयपुर के चौमूं हाउस, सी-स्कीम स्थित सार्वजनिक पार्क में करीब 800 पूर्ण विकसित पेड़ों की कथित अवैध कटाई के मामले में सुनवाई करते हुए ये महत्वपूर्ण निर्देश दिए। न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने मामले को पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा मानते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

1960 से पार्क के रूप में उपयोग हो रही जमीन पर कटाई का आरोप

मामले में आवेदक अनिल कुमार शर्मा ने अधिकरण को बताया कि चौमूं हाउस स्थित संबंधित भूमि मूल रूप से ठाकुर राजसिंह की ओर से आवंटित की गई थी। वर्ष 1960 से इसका उपयोग सार्वजनिक पार्क के रूप में हो रहा है। आरोप है कि कुछ अनधिकृत व्यक्तियों ने जेडीए की चारदीवारी तोड़कर सक्षम प्राधिकरणों से अनुमति लिए बिना करीब 800 हरे-भरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। इस पर अधिकरण ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर संयुक्त समिति से मौका निरीक्षण और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

छह सप्ताह में संयुक्त समिति देगी रिपोर्ट

एनजीटी ने मामले की जांच के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर जिला कलेक्टर और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के प्रतिनिधियों वाली संयुक्त समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। समिति छह सप्ताह में स्थल का निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट और अब तक की गई कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत करेगी। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को समिति का नोडल विभाग बनाया गया है।

हर पेड़ की पहचान, सार्वजनिक होगा रिकॉर्ड

अधिकरण ने प्रदेश में पेड़ों की जियो-टैगिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। इससे पेड़ों की वास्तविक लोकेशन, प्रजाति और संख्या का रिकॉर्ड तैयार होगा। जियो-टैगिंग का डेटा सार्वजनिक करने के साथ मुख्य वन संरक्षक कार्यालय को भी उपलब्ध कराना होगा। इसके अलावा सभी शहरों और जिलों में व्यापक वृक्ष गणना कराई जाएगी। इसकी निगरानी प्रधान मुख्य वन संरक्षक या उनके नामित अधिकारी करेंगे।

कटाई की अनुमति से पहले विकल्प की तलाश

एनजीटी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान को उच्च स्तरीय केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह समिति 25 से अधिक पेड़ों की कटाई से संबंधित प्रस्तावों की आवश्यकता और औचित्य की जांच करेगी। किसी भी पेड़ को काटने की अनुमति देने से पहले ऐसे विकल्प तलाशने होंगे, जिनसे पेड़ों को बचाया जा सके या कम से कम पेड़ों की कटाई हो। जिला मजिस्ट्रेटों को भी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना पेड़ नहीं काटे जाने देने के निर्देश दिए गए हैं।

70 साल में विकसित होता है हरित आवरण

अधिकरण ने प्रतिपूरक वनीकरण को लेकर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि पेड़ों की कटाई से नष्ट हुए हरित आवरण को दोबारा विकसित होने में 70 से 100 साल तक लग सकते हैं। ऐसे में क्षतिपूर्ति तय करते समय पेड़ों के पुनर्विकास में लगने वाले समय और उनके जीवनकाल में मिलने वाले पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखना जरूरी है। समिति को स्थानीय परिस्थितियों और उपलब्ध भूमि के अनुसार काटे गए पेड़ों की संख्या से 10 से 100 गुना तक पौधारोपण की संभावना पर विचार करने को कहा गया है। लगाए गए पौधों के कम से कम पांच साल तक जीवित रहने की निगरानी भी की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

राजीविका दिवाली मेले में हस्तशिल्प व सजावटी उत्पाद खरीदने उमड़े लोग



राजीविका दिवाली मेले के छठवें दिन भी खरीददारों की भीड़ उमड़ी।

जयपुर। राजीविका दिवाली मेला-2026 में छठे दिन भी खरीदारों की अच्छी भीड़ उमड़ी। मेले में पहुंचे लोगों ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, आकर्षक सजावटी सामग्री, पारंपरिक कलात्मक वस्तुओं और घरेलू उपयोग के उत्पादों की जमकर खरीदारी की। राजीविका दीदियों के हुनर, मेहनत और रचनात्मकता से तैयार उत्पाद आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

दिवाली के अवसर पर घरों को सजाने के लिए मेले में कई तरह की हस्तनिर्मित वस्तुएं उपलब्ध हैं। पारंपरिक राजस्थानी कला और आधुनिक पसंद के सुंदर समन्वय से तैयार उत्पादों को खरीदार खूब पसंद कर रहे हैं। स्टॉलों पर सजावटी सामान और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की विविधता के चलते मेले में दिनभर चहल-पहल बनी रही।

राजीविका दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी से स्थानीय कला और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन मिल रहा है। साथ ही, ग्रामीण महिलाओं को अपने हुनर और रचनात्मकता को बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रही हैं, जिससे उनकी आय और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिल रही है। 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित यह मेला प्रतिदिन सुबह 10 से रात 9 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुला है। राजीविका दिवाली मेला केवल खरीदारी का मंच नहीं, बल्कि महिला उद्यमिता, स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का अवसर भी बन रहा है। मेले में लगातार बढ़ती लोगों की सहभागिता से राजीविका दीदियों के स्वदेशी उत्पादों के प्रति उत्साह और पसंद साफ नजर आ रही है।

'ओबीसी महिलाओं के राजनैतिक प्रतिनिधित्व की संवैधानिक गारंटी की मांग उठाएगी कांग्रेस'

नई दिल्ली। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में ओबीसी कांग्रेस विमेंस विंग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय संयोजक सुचित्रा आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ओबीसी महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में पृथक राजनीतिक प्रतिनिधित्व की संवैधानिक गारंटी दिलाने की मांग को राष्ट्रीय विमर्श बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के विजन को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद तथा ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य, एआईसीसी सचिव एवं हरियाणा सहप्रभारी जितेंद्र बघेल ने पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का मार्गदर्शन किया। बैठक में ओबीसी महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, शोषित एवं वंचित वर्ग की महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने और मांग के समर्थन में व्यापक सामाजिक-राजनीतिक समर्थन जुटाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही प्रदेश एवं जिला स्तर पर संगठन का विस्तार, नए महिला नेतृत्व को जोड़ने और पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर भी विचार हुआ। बैठक में सामाजिक न्याय, समान अवसर और ओबीसी महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए संगठित प्रयास करने का संकल्प लिया गया।



इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में ओबीसी कांग्रेस विमेंस विंग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय संयोजक सुचित्रा आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

दिवाली पर जयपुर शहर में रोडवेज बसों की एंट्री बंद

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। दिवाली पर खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जयपुर की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। शहर के प्रमुख सिंधी कैंप बस स्टैंड पर अब निजी बसों के साथ रोडवेज बसों की आवाजाही पर भी अस्थायी रोक लगा दी गई है। यातायात पुलिस के आदेश के अनुसार 3 से 9 नवंबर तक रोडवेज बसें सिंधी कैंप बस स्टैंड पर नहीं आएंगी। इस दौरान अलग-अलग मार्गों की बसों का संचालन शहर में निर्धारित वैकल्पिक स्थानों से किया जाएगा।

दिवाली के नजदीक आने के साथ जयपुर के परकोटे और आसपास के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ रही है। इससे सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने और जाम लगने की आशंका रहती है। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर दिनभर बसों की आवाजाही भी आसपास के यातायात को प्रभावित करती है। इसी दबाव को कम करने के लिए पहले निजी और स्लीपर बसों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। अब रोडवेज बसों के संचालन स्थलों में भी बदलाव किया गया है।

यातायात पुलिस के आदेश के मुताबिक दिल्ली और आगरा जाने वाली रोडवेज बसें रोटरी सर्किल बस स्टैंड से रवाना होंगी। अजमेर मार्ग की बसें हीरापुरा बस स्टैंड से मिलेंगी, जबकि टोंक रोड की ओर जाने वाली बसों का संचालन पुराने बाईपास पर क्लोवरलीफ के नीचे से होगा। सीकर रोड की तरफ जाने वाली बसें विद्याधर नगर स्टेडियम से चलेंगी।

इस व्यवस्था के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य के अनुसार निर्धारित स्थान पर पहुंचकर बस पकड़नी होगी। खासकर दिवाली के आसपास यात्रा करने वालों को घर से निकलने से पहले बस के प्रस्थान स्थल की जानकारी कर लेना जरूरी होगा, ताकि आखिरी समय में बस स्टैंड बदलने के कारण परेशानी न हो।

पत्नी और प्रेमी ने पति को किया चाकू से लहूलुहान

जयपुर। राजधानी में पत्नी और उसके प्रेमी पर पति के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घर में घुसकर उस पर हमला किया। पत्नी ने उसके हाथ पकड़कर शरीर पर कई जगह दांतों से काटा, जबकि प्रेमी ने धारदार चाकू से चेहरे, हाथ, हथेली और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। घटना के बाद पीड़ित ने जवाहर सर्किल थाने में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

एएसआई मुरारी लाल ने बताया कि मालवीय नगर निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर की सुबह करीब 6.30 बजे उसने पत्नी और उसके प्रेमी को बड़ी चौपड़ पर आपत्तिजनक स्थिति में देखा था। इस पर उसने दोनों के संबंधों का विरोध किया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया। पीड़ित के अनुसार,उसी दिन रात करीब 8.30 बजे पत्नी अपने प्रेमी के साथ घर पहुंची और दोनों ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि पत्नी ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और शरीर पर कई जगह दांतों से काटकर जख्मी कर दिया। वहीं प्रेमी ने धारदार चाकू से चेहरे, हाथ, हथेली सहित शरीर के कई हिस्सों पर वार किए। पीड़ित के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देखकर पत्नी और उसका प्रेमी वहां से फरार हो गए।

सार-समाचार

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया



जयपुर। बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल की ओर से 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने इसका शुभारंभ कर अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान 'बीएसएनएल सीडीए नियमों' पर प्रश्नोत्तरी और निवारक सतर्कता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। ग्राम सभाओं तथा विद्यालयों-महाविद्यालयों में भी भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। 31 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित समापन समारोह में महाप्रबंधक (सतर्कता) अनु श्रीवास्तव ने 'स्पॉट द रेड फ्लैग्स' विषय पर वेबिनार दिया। मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए सतर्कता को दैनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) मान सिंह रावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जीवनशैली सप्ताह के तहत गतिविधियां

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के निर्देशों की पालना में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन आईसीडीएस निदेशालय की ओर से 1 से 7 नवंबर तक ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। सप्ताह के दौरान प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आईसीडीएस की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) एवं नोडल अधिकारी अलका विश्नोई ने बताया कि इस वर्ष सप्ताह का विशेष फोकस स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त परिवेश और अपशिष्ट प्रबंधन पर रहेगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, वहां सभी कार्यक्रम आचार संहिता के प्रावधानों को ध्यान में रखकर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, आयोजित गतिविधियों की जानकारी समयबद्ध रूप से 'मेरी लाइफ पोर्टल' पर दर्ज की जा रही है।

वरिष्ठ चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता को अवार्ड



जयपुर। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर आज एसआरके फिल्म प्रोडक्शन एवं शाइनिंग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में साइंस पार्क स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में शहर के वरिष्ठ चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता को 'शाइनिंग सेवन स्टार अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 28 वर्षों से शहीद सैनिकों के तेल चित्र बनाकर उनके परिवारजनों को भेंट कर रहे हैं वह अभी तक 400 से अधिक तेल चित्र भेंट कर चुके हैं।

4500 पैक्स समितियों के कर्मचारी बीते कई महीनों से वेतन को तरसे : आमेरा

जयपुर। सहकारी साख आंदोलन की रीढ़ ग्राम सेवा सहकारी समितियों (पैक्स) के करीब 4500 समितियों के कर्मचारी कई महीनों से वेतन के अभाव में आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऑल राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लॉइज यूनियन के प्रांतीय महासचिव एवं सहकारी साख समितियां एम्प्लाइज यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष सूरज भान सिंह आमेरा ने बताया कि पैक्स व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक और सेल्समैन किसानों को फसली ऋण वितरण, वसूली तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा। आमेरा ने बताया कि पैक्स कर्मचारियों के वेतन का मुख्य आधार राज्य सरकार का 4 प्रतिशत और केंद्र सरकार का 3 प्रतिशत ऋण वितरण अनुदान है, जो लंबे समय से बकाया है। इससे समितियां आर्थिक संकट में हैं। जहां सहकारी ढांचे के अन्य कर्मचारी वेतन और बोनस के साथ दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं पैक्स कर्मियों के सामने त्योहार मनाने का संकट है। यूनियन ने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, सहकारिता विभाग एवं राज्य सहकारी बैंक को पत्र लिखकर बकाया अनुदान राशि तत्काल जारी करने और पैक्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की है। आमेरा ने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए दिन-रात काम करने वाले कर्मचारियों के घर दिवाली पर अंधेरा रहना सहकारिता के सिद्धांतों के खिलाफ है।

बिना दोषी ठहराए अवमानना याचिका खारिज होने पर नहीं हो सकती अपील : हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक कलेक्टर टीना डाबी सहित अन्य के खिलाफ अवमानना से जुड़ी अपील को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। अदालत ने कहा है कि यदि एकलपीठ ने अफसरों को अवमानना का दोषी नहीं माना है तो अवमानना अधिनियम की धारा 19 के तहत अपील दायर नहीं की जा सकती। सीजे संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश सुखलाल धाकड की अपील को खारिज करते हुए दिए। अपील में टोंक कलेक्टर टीना डाबी, एसडीओ रूबी अंसार, देवली तहसीलदार मेघना गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया था। अपील में कहा गया कि एकलपीठ ने इन्हें दोषी नहीं माना है। ऐसे में अपील को स्वीकार करते हुए इन अफसरों को अदालती आदेश की अवमानना के लिए दंडित किया जाए। जिस पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने माना की यदि एकलपीठ ने अधिकारियों को अवमानना के लिए दोषी नहीं माना है तो फिर अवमानना अधिनियम की धारा 19 के तहत अपील पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

कबाड़ के अवैध गोदामों पर निगम का एक्शन

निगम दस्ते ने 7 लोगों पर कार्रवाई करके 70 हजार रु. जुर्माना वसूला



जयपुर (कासं)। नगर निगम जयपुर के 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0' के तहत वार्ड 87 में अवैध कबाड़ गोदामों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। भाजपा पार्षद प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में स्वेज फार्म के महादेव चौराहे और करतारपुरा क्षेत्र में सात लोगों पर कुल 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

कार्रवाई में सामने आया कि कबाड़ गोदामों में अग्निशमन यंत्र तक उपलब्ध नहीं थे। अवैध संचालन और आसपास कचरा एवं कबाड़ फैलाने से स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही थी। इससे आगजनी की आशंका भी बनी हुई थी। कार्रवाई के दौरान वजीर पर 15 हजार, मोईन पर 11 हजार, मोहम्मद जाकिर पर 11 हजार, फजरूद्दीन पर 10 हजार, मनोज पर एक हजार, विक्की पर दो हजार और उमर फारूख पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई में सीएसआई पवन जाजोटर, एसआई अशोक और जमादार प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बार-बार समझाइश के बावजूद गंदगी फैलाने पर चालान किए गए। इससे पहले भी वार्ड में 23 हजार रुपए के चालान किए गए थे। पार्षद प्रतिभा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा और कबाड़ फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

बाजारों में शाम 6 बजे बाद वाहनों की नो-एंट्री

6 से 9 नवंबर तक परकोटे सहित प्रमुख बाजारों में बदलेगी यातायात व्यवस्था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। दीपावली पर धनतेरस, रूप चतुर्दशी, दीपावली और गोवर्धन पूजा के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जयपुर यातायात पुलिस ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। यह व्यवस्था 6 से 9 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रभावी रहेगी। इस दौरान परकोटे सहित शहर के प्रमुख बाजारों में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजन से मेट्रो और निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की है।

परकोटे में प्रवेश-निकास के लिए तय किए मार्ग

पुलिस उपायुक्त यातायात प्रवीण नायक नुनावत के अनुसार परकोटे में रोशनी देखने आने वाले हल्के वाहनों के लिए प्रवेश और निकास के रास्ते निर्धारित किए गए हैं। चांदपोल और अजमेरी गेट से आने वाले वाहन किशनपोल व चांदपोल बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचेंगे। यहां से त्रिपोलिया बाजार रोड मीडियन के दाहिनी तरफ से त्रिपोलिया टी-पॉइंट, चौड़ा रास्ता और न्यूगेट होते हुए रामनिवास बाग व मान प्रकाश स्लिप लेन से टोंक रोड और जेएलएन मार्ग जा सकेंगे।

सांगानेरी गेट से आने वाले वाहन जौहरी बाजार और बड़ी चौपड़ होते हुए त्रिपोलिया बाजार से निकलेंगे। घाटगेट से आने वाले वाहन रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता और न्यूगेट अथवा चार दरवाजा व सूरजपोल गेट से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

इन बाजारों में नो व्हीकल जोन

पैदल खरीदारी करने वालों की सुविधा के लिए बापू बाजार, नेहरू बाजार, इंदिरा बाजार और संजय बाजार में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा रामनिवास बाग चौराहे से सांगानेरी गेट के बीच भूमिगत पार्किंग के प्रवेश द्वार को छोड़कर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। बांदरवाल गेट से बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ से सार्दुल सिंह की नाल तक गणगौरी बाजार में भी वाहन नहीं चल सकेंगे।

यहां कर सकेंगे वाहनों की पार्किंग

झोटवाड़ा और स्टेशन रोड की तरफ से आने वाले वाहन चांदपोल अनाज मंडी और मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़े किए जा सकेंगे। सीकर, अजमेर और मानसरोवर की तरफ से आने वाले वाहन रामनिवास बाग की भूमिगत पार्किंग में पार्क कर सकेंगे। परकोटे के निवासी रामनिवास बाग स्थित जेडीए पार्किंग और रामलीला मैदान में वाहन खड़े कर सकेंगे। रोशनी देखने आने वाले लोग चांदपोल अनाज मंडी या अन्य नजदीकी मेट्रो स्टेशनों की पार्किंग में वाहन खड़े कर मेट्रो से परकोटे पहुंच सकेंगे। यातायात पुलिस ने पार्किंग और लाइव यातायात स्थिति की जानकारी के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया है।

6-9 नवंबर तक ई-रिक्शा और मालवाहक वाहनों पर भी पाबंदी

6 से 9 नवंबर तक परकोटा, एमआई रोड, अशोक मार्ग और एमडी रोड पर ई-रिक्शा, ई-ऑटो और ऑटो रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि क्यूआर कोड की अनुमति प्राप्त ई-रिक्शा इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। हल्के मालवाहक वाहन, ठेले और पिकअप का प्रवेश शाम 4 बजे के बाद परकोटा और प्रमुख व्यावसायिक मार्गों पर बंद रहेगा। एम्बुलेंस सहित अन्य आपातकालीन वाहनों को प्रतिबंध से छूट दी गई है।

दिवाली पर रात 12.30 बजे तक दौड़ेगी मेट्रो, रोजाना 214 फेरे

दीपावली पर परकोटे सहित शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी और रोशनी की सजावट देखने उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जयपुर मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों को राहत दी है। त्योहार के दौरान 3 से 11 नवंबर तक मेट्रो ट्रेनों के फेरों की संख्या बढ़ाई गई है। अब प्रतिदिन 202 के बजाय 214 फेरे लगाए जाएंगे। वहीं, बाजारों में देर रात तक खरीदारी करने वालों की सुविधा के लिए आखिरी मेट्रो रात 12.30 बजे तक संचालित होगी।

विशेष व्यवस्था के तहत मानसरोवर और बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन से रात 12.30 बजे अंतिम ट्रेन रवाना होगी। इससे परकोटे के बाजारों में खरीदारी करने, दीपावली की रोशनी देखने और त्योहार की तैयारियों के लिए आने वाले शहरवासियों के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने बताया कि दीपावली के दौरान परकोटे के बाजारों में भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने भी विशेष व्यवस्था की है। 6 से 9 नवंबर तक परकोटा क्षेत्र में सिटी बसों, मिनी बसों, ऑटो, ई-रिक्शा सहित अन्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में मेट्रो बाजारों तक पहुंचने और वहां से लौटने का सुविधाजनक विकल्प बन सकती है। खासतौर पर बड़ी चौपड़ स्टेशन के आसपास के बाजारों में खरीदारी करने वालों को इसका लाभ मिलेगा।

पेट्रोल भरवाकर बिना भुगतान भागने वाले दो छात्र गिरफ्तार

- **फर्जी नंबर प्लेट लगाकर जयपुर में 20 से ज्यादा वारदातें कबूलीं**
- **शौक पूरे करने के लिए करते थे वारदात, दो गाड़ियां जब्त**

जयपुर। पेट्रोल पंपों पर ईंधन भरवाकर बिना भुगतान किए भागने और विरोध करने पर कर्मचारियों से मारपीट करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल की गई दो गाड़ियां जब्त की गई हैं। दोनों आरोपियों ने जयपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 20 से अधिक वारदातें करना कबूल किया है। उनका एक अन्य साथी अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपी 19 और 20 साल के हैं तथा छात्र हैं। पुलिस के अनुसार वे अपने शौक पूरे करने के लिए इन वारदातों को अंजाम देते थे।

डीसीपी जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कनकपुरा रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले अंकित वर्मा और गणपति नगर रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले विशाल मेहरा के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रात के समय सुनसान स्थानों और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों से नंबर प्लेट चुरा लेते थे। इसके बाद चोरी की नंबर प्लेट अपनी या परिचितों की गाड़ियों पर लगाकर पेट्रोल पंपों पर वारदात करते थे।

आरोपियों ने मानसरोवर सोडाला, हरमाड़ा, सीकर रोड, करधनी, बिंदायका, वैशाली नगर और करणी विहार सहित शहर के अन्य इलाकों में 20 से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस उनके कब्जे से मिली दोनों गाड़ियों के अलावा अन्य वाहनों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

डीसीपी ने बताया कि 28 अक्टूबर को राहुल शर्मा और बजरंग जाट ने बिंदायका थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार 23 अक्टूबर को सुबह करीब 5.11 बजे फर्जी नंबर प्लेट लगी कार में आए युवकों ने 4403 रुपए का पेट्रोल भरवाया और बिना भुगतान किए भाग गए। इसके बाद 28 अक्टूबर को दूसरी गाड़ी पर भी उसी नंबर की फर्जी प्लेट लगाकर 4070 रुपए का पेट्रोल भरवाया और आरोपी बिना पैसे दिए फरार हो गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए बिंदायका थानाधिकारी अनिल जैमिनी के नेतृत्व में थाना पुलिस और जिला विशेष टीम की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद जयपुर और सीकर के होटलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा आने-जाने के रास्तों पर लगे कैमरों के फुटेज की जांच की गई।

जांच के दौरान दोनों संदिग्धों के सीकर जिले के अलखपुरा गोदरान में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस उनके तीसरे साथी की तलाश कर रही है।

इस कार्रवाई में बिंदायका थानाधिकारी अनिल जैमिनी, डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी, एसआई गोवर्धन सिंह, तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार तथा डीएसटी के कांस्टेबल राकेश कुमार, मुकुट बिहारी, सुरेश, सांवर और राम की अहम भूमिका रही।

ARBiT
it happens here...



Celebrating National Sandwich Day: A Tribute to Flavour and Creativity

National Sandwich Day, celebrated on November 3, honours one of the world's most versatile and beloved foods: the sandwich. From classic peanut butter and jelly to gourmet creations with artisanal breads, fresh vegetables, and savory fillings, sandwiches are a culinary staple that caters to all tastes and occasions. The day encourages people to get creative, try new recipes, or simply enjoy their favourite sandwich with family and friends. Beyond being convenient and delicious, sandwiches reflect cultural diversity and innovation in the culinary world. National Sandwich Day is a fun reminder to celebrate flavour, variety, and the joy of a well-made meal.

राष्ट्रदूत
TUESDAY
03 November 2026
A-B

#BEING THERE

The Companion But 'Doing Nothing'

The Man Who Got Rich by Doing Nothing: A Japanese Lesson in Presence



In a world obsessed with productivity, one man from Tokyo found a way to turn doing nothing into a full-time career, and a surprisingly meaningful one.

Meet Shoji Morimoto, a 37-year-old with a degree in physics who has become a viral sensation in Japan. He's married, educated, and doesn't have a traditional job. But don't mistake that for laziness, Morimoto earns a living by hiring himself out as someone who "does nothing."

It all started in 2018 when he posted a simple ad online:

"I'm available for rent as a person who does nothing. Having a hard time shopping alone? Missing a teammate for your game? Need someone to hold a place in line? I can't do anything special, just basic things."

The post exploded.

People flooded in with requests, not because they needed a skill, but because they needed a presence. Morimoto quickly went from doing this for free to charging 10,000 yen (about $100) per session, plus travel and meal expenses. Three years, 3,000 clients.

That's right. He gets 3-4 bookings per day. His clients range from lonely lunch-goers and anxious individuals signing divorce papers, to social media users who want someone by their side in photos. He listens, he walks, he shares space, without judgment, expectation, or agenda.

What's the secret?

In a world that constantly demands that we hustle, build, achieve, and chase, Morimoto offers the rarest commodity: quiet companionship. A stranger who will simply be there. And somehow, that's exactly what thousands of people need.

As Morimoto puts it:

"People often feel they can't share things with someone they know. With me, there's no pressure, no expectations. I just exist beside them."

This isn't a story about laziness. It's a story about connection. A reminder that sometimes, doing nothing means doing everything that matters.

#O.K.

Where Does "OK" Come From?


"OK" was born from "oll korrect," a deliberately misspelled version of "all correct"

It's one of the most used words in the world, yet, its origin story is surprisingly playful and brilliant. The word "OK" dates back to the 1830s in the Boston, during a quirky linguistic trend in the United States. At the time, people enjoyed inventing humorous abbreviations and intentionally misspelling phrases for fun. "OK" was born from "oll korrect," a deliberately misspelled version of "all correct." What started as a newspaper joke quickly caught public attention.

The phrase gained major popularity in 1840 during the U.S. presidential campaign of Martin Van Buren. Van Buren was nicknamed "Old Kinderhook," referencing his hometown of Kinderhook, New York. His supporters formed "OK Clubs" and used the slogan "Vote for OK!" The clever double meaning, both "Old Kinderhook" and "all correct," helped the term spread rapidly across the country.


Soon after, telegraph operators embraced "OK" because it was short, efficient, and easy to transmit. In an era when brevity saved time and money, those two letters were perfect. As communication technology expanded and American influence grew, the word traveled across borders and languages.

From a lighthearted newspaper joke to a presidential campaign chant, and eventually to global everyday speech, "OK" became one of the most recognized and universally understood words on the planet. Language truly has a fascinating way of evolving!





Shailaza Singh
Published Author, Poet and a YouTuber



One man, one chat, start to finish. In the third part, I lay out the recipe for an online romance: cooked in six weeks, left to go cold in six months, with every 'dear' measured out along the way.

Let me make one thing clear before we begin. I do not like being called dear by a man I met last week. Or baby. Or anything with sugar in it. In real life, the only people who call me dear are credit card letters and uncles at weddings who have forgotten my name. Affection from a stranger on a chat app is like a free gift from a shop. Sooner or later, you find out what it was meant to sell you.

I have watched men on dating apps for twelve years, and most chats die young. But one, from 2022, ran its full course, and when I went through it recently, I realised I had been handed a complete recipe. Here it is, for anyone who wants to try it at home.

Ingredients

One Telegram account. Two names. A sea behind the house. Weather, in large quantities. 'Dear,' to taste. 'Baby,' one pinch, to be removed when asked and added back later. Honey and cinnamon, for emergencies. And one 'Will call you,' to finish.

Step 1: Arrive Under Another Name

His Telegram showed one name. His first message announced another.

Raj. Of course. He was probably imagining himself as Shah Rukh Khan, standing in the mustard fields with his arms open, while I came running towards him in my heels.

There was only one problem. I am not Simran. I am Bauji. I do not run towards a man with two names. I put him under a microscope.

And Bauji, if you remember, took the whole film to say, 'Ja, Simran, ja.' I never said it.

'Hi. Raj here.'

Two names, one man. At least, he was upfront that he came with a duplicate. Most men on these apps hide the second identity. He introduced it.

'Reached office?' he asked. I said I was working from home. He said he would go to office. 'Manager is on leave,' he added. 'So I am his backup.'

A backup. By profession. I should have read it as a job description. It turned out to be his whole personality.

Step 2: Stir In Sambar

Our early conversations were not about poetry or politics. They were about sambar. He gave me a tip, I tried it, it was good. 'Awesome. U tried it?' he asked, as if his recipe had just won MasterChef.

The next day: 'U vanished after having sambar yesterday.'

Earlier, a woman vanished after a man broke her heart. Now, she vanishes after lunch.

Some nights: 'Had food?' 'Wassup???' 'Good night dear.' No reply from me, and still a good night dear. He had wished good-night to an empty room. At least, he was polite to it.

Step 3: Season With Weather

'And now it's beautiful rains. Lovely weather. I love rains. To drive in the rains. Romantic weather.'

I said I like watching the rain, not driving in it.

'Yeah,' he said instantly. 'To sit in the balcony.'

He changed his mind faster than the weather he was describing.

Then came 'very humid and hot,' then 'deadly hot weather.' I know his humidity. I do not know his surname.

Step 4: Add Dear To Taste

His taste, not mine. 'Good morning dear.' 'Hey dear.' 'Ok dear.' 'How's ur day going my dear?' 'What else dear?' And when he was feeling regional: 'That's ok da.'

I never once called him dear back. I said 'Hi.' I said 'Hmm.' I said 'Chalo lets talk kal, sleep time.' Any woman reading this knows what 'Chalo lets talk kal' means. It means the conversation is over and so, quite possibly, is kal.

He did not know. 'Ok dear. Good night.' And the next morning, as regular as the milk packet at the door: 'Good morning dear. Are u working today?'

One morning, I replied late. 'Sorry didn't see ur message.'

'All good? I was wondering what happened.'

'Nothing...'

'Ok.'

'So whats up,'

'Nothing much. Just at home.'

'Hmm.'

Two adults, both with nothing, passing it carefully back and forth like an empty plate at a dinner table, each waiting for the other to put something on it.

Step 5: Fold In One Pinch Of Baby

One morning, he sent me a video of the sea. 'That's behind my house.'

It was lovely. Pink sky, grey water, waves coming in slowly like they had nowhere to be. I told him he was very lucky. 'For what?' he asked. 'This scene,' I said. 'I love the ocean.'

> Honey and cinnamon. The cure for everything in every Indian kitchen. Fever, heartbreak, a bad mood, a man who calls you baby. 'Warm hugs for u,' he wrote. 'When u feel low don't stay alone. Just ping me. Or call me.' I said he must be busy. 'That's ok da. U can.' I said I didn't want to disturb him. 'Nothing like that. Just feel free to ping me. Or call me.' Then: 'Come.... Give me a hug.'

'Scene is good baby.'

'Baby?' I typed. One word, one question mark. In Jaipur, that is a warning shot.

He ignored it and told me it was very humid and hot. Then, he sent a video of his temple festival. Then, he quoted my 'Baby?' back to me and added, 'Cute ho.'

So, I said it plainly. 'Mere ko baby mat bolna.'

'Ok,' he wrote. And then: 'Done.'

Done. Like a customer care ticket. Complaint registered. Issue resolved. Please rate your experience. I sent him a laughing emoji, because there is no other reply to a man who handles your feelings like a service request.

And with the ticket barely closed: 'R u there on Instagram? Wanted to see ur pics.'

The baby was gone. The pictures were wanted.

Step 6: Garnish With Photography

When I told him I am not a very good-looking person, he said it was not about looks. 'I do photography. So I always observe a lot.'

Then, he told me what he had observed. 'Your different styles and looks. Ur choices of outfits. Accessories.'

Accessories. From a thousand kilometres away, a man had been studying my earrings. I typed 'Oh. My god,' twice. Then 'Nahhhhiiii.'

I told him I am very simple. No fashion.

'That's ok,' he said. 'I didn't say u need to put make up or have high fashion.' And then, with great dignity: 'Anyways.'

Nobody had asked his permission to skip the make up. It was granted anyway.

Another morning, when I called him mean, he sent a hugging emoji instead of a sorry. I asked, half joking, whether he would hit me.

'No. Will hug u. That's easier. Ha ha.'

I told him I was not talking to him.

'Achaaa. Fight mood me ho.'

So, the man calls me baby after being told not to, studies my earrings, offers hugs instead of an apology, and the diagnosis is that I am in a mood.

Step 7: For Emergencies, Add Honey

Then came a bad morning. Mine. I told him I was not in a good frame of mind. 'Dimag kharab hai,' I wrote.

'Don't be baby,' he replied.

A few days earlier, he was not allowed to call me baby. Now, I was not allowed to be one. The man had found a loophole in my own sentence.

'Keep ur mind calm. I am with u.'

And then, the prescription. 'Do u have honey at home? And cinnamon.' A tablespoon of honey with a pinch of cinnamon powder, twice. 'Even you can take.'

Honey and cinnamon. 'The cure for everything in every Indian kitchen. Fever, heartbreak, a bad mood, a man who calls you baby.

'Warm hugs for u,' he wrote. 'When u feel low don't stay alone. Just ping me. Or call me.' I said he must be busy. 'That's ok da. U can.' I said I didn't want to disturb him. 'Nothing like that. Just feel free to ping me. Or call me.'

Then: 'Come.... Give me a hug.'

Four dots, one hug, and we had never met. This is exactly what I cannot stand. Affection that arrives before acquaintance is like a wedding card from someone you don't know. You wonder how many others got one.

To be fair to him, he was kind. He sent me the sea, a sambar tip and an ear when I was low. Nothing he gave was wrong. It just came in the wrong order. The hug arrived before the hello.

I called him, as he had insisted. Later that day came the three most famous words in the Indian man's vocabulary. Not those three. These.

'Will call you.'

There is no call after it in the log.

Step 8: Simmer For Six Months, Uncovered

Six weeks later, I wrote, 'Hey.' Nine days after that, at 3:12 in the morning: 'Hey dear. Hope you are doing fine.'

Then, like a phone battery at the end of a long day, he ran down one message at a time. January 4, 'How are u?' January 12, 'Hey dear. All well.' January 19, 'Good morning dear.' February 17, 'Hi. Good morning.' June 5, at 10:57 at night: 'Hi. How are you dear?'

Every few weeks he turned up at one per cent, still saying dear.

Today, when I open the chat, Telegram tells me exactly where he is.

'Last seen a long time ago.'

For a man who was never going to let me stay alone, that is a very long time.

Then, one night at 9:33, my phone buzzed. Mr. Byron. The man who had opened with Byron and closed with lunch.

'heloooo,' he wrote. 'kahan gaya bhoooo'


I looked at it for a long time. Then, I began to type.


To be continued...

rajeshsharma1049@gmail.com

#KAHAN GAYAB HO?








#THREE SIMPLE WAYS

Check Whether a Garment Will Fit You

Human shoulders are not symmetrical front-to-back, and skilled pattern makers account for this when designing garments



Most people judge a garment by its size label, colour, or fabric. However, experienced tailors and garment technicians know that good fit depends on construction details that are often invisible to the casual shopper. By understanding a few basic principles of garment engineering, you can quickly determine whether a shirt, kurta, jacket, or top is likely to fit well, even before trying it on.

Understanding the Four Basic Parts of a Garment

Almost every upper-body garment consists of four primary components: the front panel, the back panel, and two sleeves. While these pieces may appear symmetrical at first glance, they are intentionally designed with subtle differences to accommodate the shape and movement of the human body.

One of the most important details is that the back panel is usually slightly longer than the front panel. This extra length allows the garment to sit naturally on the body, accommodating the curve of the shoulders and upper back. Well-made garments account for these anatomical differences, resulting in a more comfortable and stable fit.

The Shoulder Forward Test

A quick way to evaluate a garment's construction is to check for what garment makers call "shoulder forward."

The seam that joins the front and back panels should not sit exactly at the midpoint of the shoulder. Instead, it



should be positioned a few centimeters towards the front of the garment. This forward placement helps keep the garment balanced on the body and prevents it from pulling backward during movement.

To check this:

1. Hang the garment on a hanger.
2. Observe the shoulder seam from the top.
3. The seam should sit slightly forward rather than exactly centered.

If the shoulder seam is positioned too far back or directly on top of the shoulder, the garment may twist, shift, or develop fitting issues during wear.

Check the Fabric Grain: Tana and Bana

Traditional textile terminology refers to two fundamental directions in woven fabric:

- **Tana (Warp):** The longer yarns that run lengthwise through the fabric.
- **Bana (Weft):** The shorter, thicker yarns woven across the width of the fabric.

In a properly constructed garment, the warp direction should run vertically, while the weft direction should run horizontally.

Why does this matter?

The warp provides strength and stability, while the weft contributes flexibility and comfort. If the fabric grain is misaligned during cutting, the garment may twist, stretch unevenly, or lose its shape after washing. When examining a garment, look closely at the fabric texture or weave pattern. In many fabrics, the slightly thicker visual lines correspond to the weft direction and should run horizontally across the garment.

The Armhole Test

One of the easiest ways to assess garment quality is by examining the armhole construction.

Lay the garment flat on a table and focus on the area where the sleeve joins the body. Feel or observe the seam line around the armhole.

In a correctly designed garment:


- The front armhole curve is slightly shorter and deeper.
- The back armhole curve is slightly longer.

This difference reflects the natural anatomy of the shoulder and arm. Human shoulders are not symmetrical front-to-back, and skilled pattern makers account for this when designing garments.


If the front armhole measurement is noticeably shorter than the back armhole measurement, it is generally a sign that the garment has been patterned correctly and is more likely to fit comfortably.

Small Details, Big Difference

A well-fitting garment is the result of thoughtful pattern making rather than just accurate sizing. By checking three simple elements, shoulder forward positioning, fabric grain alignment, and armhole balance, you can quickly identify whether a garment has been constructed with proper attention to fit. The next time you shop for clothing, don't rely solely on the size tag. A quick inspection of these hidden construction details can tell you far more about how the garment will look, feel, and perform once you put it on.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



मसूदा के ग्राम मायला बीसलपुर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, ग्रामीण परेशान

करीब 2600 की आबादी आज भी पेयजल, सफाई, सड़क और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है

मसूदा, (निसं)। पंचायत चुनाव आते ही गांवों के विकास और बुनियादी सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतने के बाद ग्रामीणों की समस्याएं जस की तस रह जाती है। मसूदा पंचायत समिति के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत मायला बीसलपुर इसका उदाहरण है। यहां करीब 2600 की आबादी आज भी पेयजल, सफाई, सड़क और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। गांव में करीब 20 साल पहले लाखों की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी, लेकिन आज तक इससे जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। नतीजतन पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है और ग्रामीणों को हैंडपंप तथा टैंकरों के भरोसे अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।



20 साल पहले लाखों की लागत से बनाई गई पानी की टंकी टंकी शोपीस बनकर रह गई है।

- गांव में करीब 20 साल पहले लाखों की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी, लेकिन आज तक इससे जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पेयजल व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से करीब दो दशक पहले पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। उम्मीद थी कि टंकी बनने के बाद घरों तक नियमित जलापूर्ति होगी और पानी की समस्या से राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद आज तक पूरी नहीं हुई। टंकी में कभी पानी की सप्लाई ही शुरू नहीं हो पाई। लंबे समय तक अनुपयोगी रहने के कारण टंकी में दरारें तक पड़ गई हैं। गांव के अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए सार्वजनिक नल भी पानी नहीं आने के कारण टूटकर खराब हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और विकट हो जाती है तथा टैंकरों से पानी मंगवा कर काम चलाना पड़ता है। गांव में सफाई व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है। सड़कों और नालियों का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन नियमित सफाई नहीं होने से नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। कई स्थानों पर गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। इससे न केवल आवागमन में परेशानी होती है, बल्कि आसपास दुर्गंध फैलने और मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। सफाईकर्मियों के नियमित नहीं आने के कारण ग्रामीणों को अपने घरों के बाहर की नालियां और सड़कें खुद साफ करनी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार उम्मीद जताई गई, लेकिन हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ।

मायला ग्राम पंचायत में आवागमन की सुविधा भी ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। गांव की मुख्य संपर्क सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं। इसके अलावा गांव में रोडवेज बस जैसी सार्वजनिक परिवहन सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों को आने-जाने के लिए निजी वाहनों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव के दौरान प्रत्याशी गांव में पहुंचकर विकास के बड़े-बड़े वादे करते हैं। पेयजल समस्या का समाधान, सड़कों का निर्माण, सफाई व्यवस्था में सुधार और परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया जाता है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद गांव की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। कई चुनाव बीत जाने के बावजूद हालात में खास बदलाव नहीं आया है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि गांव की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर सबसे पहले पेयजल टंकी को चालू करवाएं। साथ ही सार्वजनिक नलों की मरम्मत, नियमित सफाई, नालियों की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त संपर्क सड़क का निर्माण और सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के दावों का आकलन केवल कागजों पर नहीं, बल्कि गांव में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर होना चाहिए।

जीओ कंपनी के मोबाइल टावर के नाम पर धोखाधड़ी

जोधपुर, (कासं)। शहर में जीओ कंपनी के मोबाइल टावर को डिसमेंटल कर वेयरहाउस में जमा करवाने के नाम पर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विवेक विहार थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज हुआ है। जांच थानाधिकारी भवानी सिंह की तरफ से की जा रही है। सीकर रोड हरमाड़ा जयपुर निवासी दिनेश शर्मा पुत्र भैरूलाल शर्मा ने रिपोर्ट दी है। इसमें ट्रांसपोर्टर श्रवण एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

परिवादी दिनेश शर्मा ने अपनी फर्म नरसिंग मोबाइल कम्यूनिकेशन की ओर से दी गई शिकायत में बताया कि उनकी फर्म वर्ष 2008 से पंजीकृत है तथा वर्ष 2021 से जीओ कंपनी के लिए मोबाइल टावर लगाने, हटाने एवं टावर संबंधी कार्य कर रही है। कंपनी के नियमों के अनुसार अधिकृत कर्मचारी ही वेयरहाउस में सामान जमा करवा सकते हैं। शिकायत के अनुसार, 11 अगस्त को जीओ कंपनी की ओर से बालोतरा स्थित टावर आईडी को डिसमेंटल कर मोगड़ा कलां स्थित वेयरहाउस में जमा करवाने का आदेश मिला था। ट्रांसपोर्टर श्रवण उक्त टावर को गाड़ी में लेकर वेयरहाउस पहुंचा, लेकिन आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण टावर जमा नहीं हो सका। इसके बाद टावर को श्रवण की सहमति से उसके घर के आगे खेत में रखवा दिया गया। इस बीच फर्म का कर्मचारी मंगलराम प्रजापत भी मौके पर मौजूद था। परिवादी के अनुसार, टावर के साथ ली गई तस्वीरें और ऑनलाइन जीपीएस लोकेशन भी उनके पास उपलब्ध हैं।

परिवादी ने बताया कि 22 अक्टूबर को जीओ कंपनी की ओर से वाहन की जानकारी और बिल्टी नंबर मांगे गए, जो उनकी फर्म ने उपलब्ध करवा दिए। इसके बाद 23 अक्टूबर को टावर जमा करवाने के दस्तावेज ई-मेल से प्राप्त हुए। उसी दिन फर्म का अधिकृत कर्मचारी रजत चौधरी जयपुर से जोधपुर पहुंचा और वेयरहाउस में टावर जमा करवाने की व्यवस्था करने लगा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ट्रांसपोर्टर श्रवण ने पहले वाहन उपलब्ध नहीं होने की बात कही, लेकिन बाद में फोन कर टावर लेकर वेयरहाउस आने की जानकारी दी। कुछ समय बाद जब रजत चौधरी वेयरहाउस पहुंचा तो श्रवण ने उसे गेट के बाहर ही टावर जमा करवाने की रसीद, पावती एवं अन्य दस्तावेज सौंप दिए। परिवादी का आरोप है कि वास्तविक रूप से टावर वेयरहाउस में जमा नहीं हुआ, बल्कि सिस्टम में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज और रसीद तैयार की गई। कंपनी के नियमों के अनुसार अधिकृत कर्मचारी की मौजूदगी के बिना टावर जमा नहीं किया जा सकता था।

30 अक्टूबर को जीओ कंपनी की ओर से ई-मेल प्राप्त होने पर फर्म को कथित फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। इसके बाद श्रवण से संपर्क किया गया तो उसने टावर जमा होने की बात कहते हुए सिस्टम में जांच करने को कहा। वहीं, वेयरहाउस मैनेजर देवेंद्रसिंह राठौड़ से मिलने पर परिवादी को बताया गया कि टावर भौतिक रूप से जमा नहीं हुआ है तथा जमा करने संबंधी दस्तावेज वेयरहाउस से जारी नहीं किए गए हैं।

परिवादी ने आरोप लगाया कि ट्रांसपोर्टर श्रवण ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत कर ऑनलाइन सिस्टम में हेराफेरी करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार किए तथा स्वयं को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उसकी फर्म और जीओ कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

उदयपुर, (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर में प्रतापनगर थाना क्षेत्र में मेघवाला की घाटी रेल्वे ट्रेक पर अजमेर से उदयपुर आने वाली ट्रेन की चपेट में आने से चन्देसरा खेड़ा निवासी लोकेश (26)पुत्र दुर्गाशंकर ब्राम्हण की मौत हो गई। लोकेश पांच-सात दिन पूर्व घर से बिना बताए निकल गया था वापस नहीं लौटा। जिसकी परिजन तलाश में जुटे थे। रविवार को रेलवे ट्रेक पर जाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर किशनसिंह एएसआई ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

खाद्य सुरक्षा टीम ने 147 किलो रंगीन मिठाइयां नष्ट कराई

गंगापुर सिटी, (निसं)। दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गंगापुर सिटी के मिर्जापुर इलाके में 147 किलो ज्यादा रंग वाली मिठाइयां नष्ट करवाईं। इनमें इमरती, जलेबी और मोतीचूर के लड्डू शामिल हैं। ठेलों पर खुले में बिक रहे रंग वाले फ्रेंच फ्राइज भी मौके पर नष्ट करवाए गए। 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने दुकानों की जांच की। इस दौरान कई दुकानदार जलेबी, कचौरी और दूसरी खाद्य सामग्री अखबार पर रखकर बेचते मिले। टीम ने उन्हें अखबार पर खाद्य सामग्री नहीं रखने को कहा और स्याही से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी दी।



गंगापुर सिटी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाइयों की जांच की और सैम्पल लिये।

कार्रवाई के दौरान 6 नमूने लिए गए। बाबा मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, सैनी मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, गोविंद प्रसाद सैनी से मावा बर्फी और पूजा चाट भंडार से खीरमोहन का नमूना लिया गया। राकेश कुमार मुकेश कुमार से पोहा और मोनू चाट भंडार से इस्तेमाल किए गए सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। साफ-सफाई समेत दूसरी कमियों पर 3 कारोबारियों को सुधार नोटिस दिए गए। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। इनके अमानक या असुरक्षित पाए जाने पर नियम के मुताबिक कार्रवाई होगी।

उदयपुर में हृदयघात से ट्रक चालक की मौत

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हृदयाघात से ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर साकरोदा गैस प्लांट पार्किंग पर में खड़ी ट्रक में सोए चालक सुरेन्द्रसिंह पुत्र केसरसिंह जादोन राजपूत निवासी गुलाब बाग सवाई माधोपुर की हृदयाघात से मौत हो गई।

सुरेन्द्रसिंह पोरबंदर से गैस लेकर साकरोदा प्लांट पर खाली करने के लिए आया था एवं वाहन कतार में खड़ा कर रविवार रात में ट्रक में सोया था। सोमवार सेवरे जाग नहीं होने पर साथियों की सूचना पर एएसआई किशनसिंह ने मौके पर पहुंचकर उसे चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। जिनके आने पर पोस्टमार्टम होगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचे

जैसलमेर, (नि.सं.)। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को जैसलमेर पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां 3 नवंबर को आयोजित होने वाली रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे तथा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जैसलमेर में रक्षा मंत्री का यह दौरा सुरक्षा तैयारियों और देश की रक्षा क्षमताओं के लिहाज से विशेष महत्व रखता है।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां आयोजित होने वाली रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर बैठक की अध्यक्षता करेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जैसलमेर पहुंचने पर जिला कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने उनकी अगवानी की। कलैक्टर ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने भी रक्षा मंत्री का स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक आज जैसलमेर के निजी होटल फोर्ट राजवाड़ा में आयोजित होगी। बैठक में देश की रक्षा नीति, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था और भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सामरिक तैयारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में भारत-पाकिस्तान पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा तैयारियों, सेना के आधुनिकीकरण, स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास एवं उपयोग तथा देश की सामरिक क्षमताओं को और मजबूत बनाने जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। इस बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एन. एस. राजा सुब्रमण्यम तथा थल सेना, नौसेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। इसके अलावा लोकसभा और राज्यसभा के करीब 24 सांसद भी बैठक में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य सांसदों और सैन्य अधिकारियों के बीच होने वाला यह विचार-विमर्श देश की रक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण संवाद का अवसर होगा। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जैसलमेर का सामरिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पश्चिमी सीमा पर स्थित होने के कारण यह क्षेत्र भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ऐसे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां होने वाली बैठक को पश्चिमी सीमा की सुरक्षा तैयारियों, सैन्य क्षमताओं और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जोधपुर में अलग-अलग स्थानों से आठ बाइक चोरी, मामले दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर में सक्रिय वाहन चोर कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में अलग- अलग स्थानों से आठ बाइक चुरा ले गये। पुलिस अब वाहन चोरों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। गाड़ियां गत दो-तीन दिन के दौरान चोरी हुई है। जिस बारे में अब संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। फिलहाल वाहन चोरों का सुराग हाथ नहीं लगा है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि तेलियों का बास, तिंवरी हाल तेजसिंह नगर, मथानिया निवासी मो. आसिफ पुत्र हमीद की बाइक उसके घर के बाहर से चोरी हो गई। गाड़ी चोर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ महामंदिर पुलिस थाने में सर्किट हाउस के पास पार्वती नगर निवासी मयंक पुत्र विमलेश निकूब ने रिपोर्ट दी कि उसकी दूध भंडार की एक दुकान पावटा सी रोड पर भरका देवी नाम से आई है। जहां बाहर खड़ी उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। इसी तरह एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि जुडीकुइयां, भानपुर रानी हाल विद्या पार्क, एयरपोर्ट क्षेत्र में रहने वाले त्रिभुवन प्रसाद पुत्र रामदेव प्रसाद ने रिपोर्ट दी कि उसकी बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई।

जबकि खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि सोमेसर निवासी नगणेचाय प्रसाद सिंह पुत्र भवानी प्रसाद ने रिपोर्ट दी कि वह माधोबाग हरिजन बस्ती की तरफ आया था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। जालोरियों का बास नागौरी गेट निवासी संदीप पुत्र किशनसिंह परिहार ने प्रतापनगर पुलिस को बताया कि वह अपने किसी काम से आदर्श वाटिका की तरफ आया था। जहां वाटिका के पास से उसकी बाइक चोरी हो गई। नयापुरा चौखा निवासी कुशाल पुत्र शिवराम की बाइक उसके घर के बाहर से चोरी हो गई। उसने राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी। इधर नई भाखरी, सूरसागर निवासी रितेश पुत्र प्रवीण पंवार की बाइक उसके घर के बाहर से रात के समय में चोरी हो गई। उसने सूरसागर थाने में चोरी की रिपोर्ट दी। भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि मंडोर स्थित ठाकुर वीरेंद्र सिंह नगर में रहने वाला अभिषेक चारण पुत्र रघुवीर सिंह अपनी बाइक लेकर के. मॉल, भगत की कोठी पर आया था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

दीपावली के बाद सर्दी बढ़ेगी, मौसम विभाग का अलर्ट

जोधपुर, (कासं)। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवर्ती तूफान अर्णब के असर के बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग ने नवंबर महीने के चार सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है।

आईएमडी के मुताबिक राजस्थान में नवंबर महीने के पहले दो सप्ताह मौसम शुष्क रहने और दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। तीसरे सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। महीने के आखिरी सप्ताह में ठंडी हवाओं से रात के तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि, इस बार नवंबर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार कम हैं। दरअसल राजस्थान में नवंबर के महीने में आमतौर पर सर्दी की शुरुआत हो जाती है, लेकिन इस बार मौसम का मिजाज कुछ अलग रहने का अनुमान है। महीने के शुरुआती दो सप्ताह में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने से दिन का तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। हालांकि, सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का अहसास होगा। अक्टूबर के अंतिम दिनों में हुई बारिश का दौर अब थमने के आसार हैं। दिन में धूप के कारण गर्मी महसूस होगी, जबकि रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने से सुबह-शाम मौसम सुहावना रहेगा।

नवंबर के तीसरे सप्ताह में प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से कुछ जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके चलते रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। बारिश और ठंडी हवाओं के प्रभाव से सुबह और शाम के समय सर्दी का असर बढ़ सकता है। हालांकि, इस दौरान भी प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना कम है।

कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगने से सामान जला

रेवदर, (निसं)। कस्बे के जीरावल चौराहे के पास एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत पानी के टैंकरों, मोटरों और बाल्टियों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पाया। इसके करीब एक घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुँची, जिसके बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी राजन लोहिया और तहसीलदार पन्नाराम ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान पटवारी रामाराम देवासी द्वारा मौका फर्द तैयार कर संबंधित पक्षों व गवाहों के हस्ताक्षर लिए गए। स्थानीय युवाओं की त्वरित सक्रियता से समय रहते एक बड़ा हादसा टल गया।



कबाड़ गोदाम में आग लगने के बाद दूर से धुआ उठता दिखाई दिया।

पैंथर का आतंक, ग्रामीण दहशत में

राजसमंद, (निसं)। मोही कस्बे के समीप मोहन नगर-पांडोलाई क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से पैंथर की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पैंथर रात्रि के समय आबादी क्षेत्र में मकानों के आसपास घूमता रहता है और आए दिन कुत्तों का शिकार कर जंगल की ओर चला जाता है।

ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में पैंथर को कुत्तों का शिकार करते हुए देखा है। देर रात तक पैंथर के मकानों के आसपास घूमने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण भैरूलाल गुर्जर ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर पैंथर को पकड़ने की मांग की है, ताकि आबादी क्षेत्र में उसकी आवाजाही पर रोक लगे और ग्रामीणों को दहशत से राहत मिल सके।

बस बेचने का एग्रीमेंट कर लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (निसं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बस बेचने का एग्रीमेंट कर लाखों की नकदी प्राप्त कर बस नहीं देकर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहम्मद हुसैन पुत्र हबीब मोहम्मद निवासी फाजलपुर महरोला प्रीत बिहार रूद्रपुर उधमसिंह नगर उत्तराखंड ने आरोपी राघव प्रतापसिंह पुत्र शिव प्रतापसिंह देथा निवासी व्यास मोहल्ला मोड़ चिकारड़ा आसिंद भीलवाड़ा हॉल अंबेरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी से बस खरीदने के लिए संपर्क किया तो उसने स्वयं की ट्रांवेल्स कंपनी की बसे होकर 2024 मोडल बस बेचने की बात कही तथा दोनों के बीच कविता गांव रोड़ पर 28 जुलाई को एग्रीमेंट किया तथा मैने 55 लाख रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पश्चात आरोपी ने बस नहीं सौपी तथा नकदी भुगतान करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।

वहीं सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ निर्माण कार्य करने का झांसा देकर पीड़ित से लाखों की नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित शिवशंकर पुत्र उकारलाल मैनारिया निवासी चीरवा सुखेर ने प्रवीण पुत्र घेवरदास वैष्णव तथा मनीता पत्नी प्रवीण वैष्णव निवासी मेवाड़ी ढाणी रेस्टोरेंट के पास भुवाणा सुखेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मनोहरपुरा चीरवा में निर्माणाधीन मेरी विला में काम करने के लिए आरोपी से संपर्क किया। जहां एल्यूमिनियम मय कांच का काम करने के लिए दोनों के बीच 18 लाख 51 हजार रूपये का एग्रिमेंट कर 7 लाख रूपये का भुगतान किया। उसके बाद से आज दिन तक आरोपी ने कोई काम नहीं कर नकदी हड़प ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

मंदिर में चोरी

उदयपुर, (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षेत्र बोहरा गणेश रोड़ स्थित भैरूजी मंदिर का रात में चोर खिड़की की ग्रील तोड़ कर अंदर घुस कर दानपेटी से नकदी चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस ने उत्तरी सुन्दरवास गायरियों को मोहल्ला निवासी गेहरीलाल की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

एटीएम से रूपये निकाले

उदयपुर, (निसं)। सुखेर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ पीड़ित के एटीएम से रूपये निकाल चुराने का प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित प्रभूलाल पुत्र लच्छीराम गमेती निवासी सुखेर मगरी भीलवाड़ा भेरवगढ़ के पास सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं 24 अक्टूबर को भीलवाड़ा भेरवगढ़ स्थित एटीएम पर रूपये निकालने गया तो बैंक खाते में रूपये नहीं होना बताया।

साइबर ठगी : पांच बैंक खातों से लाखों की राशि पार

जोधपुर, (कासं)। साइबर ठगों ने पांच बैंक खातों में सैंध लगाकर 5.50 लाख की रकम को साफ कर दिया। दंपती के तीन बैंक खातों और एक अन्य व्यक्ति के दो खातों से यह रकम निकाली गई है। पीड़ितों द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दिए जाने के बाद अब संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। जीरो नंबर एफआईआर पर अब पुलिस के अधिकारी जांच में जुटे हैं।

माता का थान पुलिस ने बताया कि मूलत: आसोप हाल वार्ड नंबर 94 बासनी तंबोलिया निवासी लक्ष्मीकांत पुत्र रामेश्वर वैष्णव की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि 28 अक्टूबर को किसी शातिर ने उसके व उसकी पत्नी के बैंक खाते से 2 लाख 1199 रूपए निकाल लिए। इसका पता मोबाइल पर मिले संदेश से चला। इस पर बाद में साइबर पोर्टल पर शिकायत दी गई। माता का थान पुलिस ने अब जीरो नंबर एफआईआर पर केस दर्ज किया है।

- दंपती के तीन बैंक खातों और एक अन्य के दो बैंक खाते से रकम साफ

इधर बोरानाडा पुलिस ने बताया कि रजत रेजिडेंसी, डालीबाई सर्कल निवासी अशोक राठी पुत्र ओमप्रकाश राठी ने दी रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि 31 अक्टूबर को उनके बैंक खातों से अनधिकृत रूप से राशि निकाली गई। उनके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से ओटीपी आ रहे थे, लेकिन उन्होंने किसी को भी ओटीपी नहीं बताया। उसके बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के दो खातों से करीब 3.24 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार साइबर पुलिस थाना एटीएस एवं एसओजी जयपुर से जारी जीरो नंबर एफआईआर 1 नवंबर को बोरानाडा थाने में प्राप्त हुई। इसके बाद परिवादी अशोक राठी की रिपोर्ट को एफआईआर में शामिल कर प्रकरण दर्ज किया गया।

खाते से नकदी निकाली : उदयपुर में पीड़ित ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बैंक खाते से नकदी निकाल हड़पने का प्रकरण अम्बामाता पुलिस थाने में दर्ज कराया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विनोद पुत्र महेन्द्र परिहार निवासी दुर्गा कॉलोनी नीचमखेड़ा अम्बामाता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 30 अक्टूबर को मेरे मोबाईल पर लगातार ओटीपी मैसेज आए। कुछ समय बाद मुझे मेरे बैंक खाते से नकदी निकाले जाने के मैसेज मिलना शुरू हो गया। इस पर देखा तो 2 लाख 58 हजार 997 रूपये निकाले जा चुके थे। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

जोधपुर : दो बंद मकानों में चोरों ने सैंध लगाई

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम में दो सूने मकानों में चोर सैंध लगाकर वहां से नगदी, आभूषण के साथ एसी-गिजर आदि चोरी कर ले गए। संबंधित थानों में चोरी की रिपोर्ट दी गई है।


झंवर पुलिस ने बताया कि लूणावास गांव निवासी मुकेश जाट ने रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 अक्टूबर को दिन में उसका घर सूना था। तब अज्ञात चोर घर में दाखिल हुए और लोहे के बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे डेढ़ लाख रूपए, सोने-चांदी के आभूषण इत्यादि चोरी कर ले गए। इधर कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि शहर के अंदर उम्मेक चौक स्थित चौहान का नोहरा की रहने वाली भारती गहलोत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका एक घर द्वारका एकलव्य झालामंड में आया है। यहां लगे एयर कंडिशनर, गिजर और पानी की मोटर अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई।

आचार्य पुलक सागर से टोंक जैन समाज ने लिया मंगल आशीर्वाद

टोंक। आचार्य पुलक सागर महाराज के भीलवाड़ा में चल रहे चातुर्मास के दौरान सकल दिगंबर जैन समाज टोंक के प्रतिनिधि मंडल ने भीलवाड़ा पहुंचकर आचार्य के दर्शन कर श्रीफल भेंट किया तथा शीतकालीन प्रवास हेतु मंगल निवेदन किया। इस अवसर पर आचार्य ने समाजजनों को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए शीतकालीन प्रवास के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक के अध्यक्ष भागचंद फूलेता, धर्मचंद दाखिया, टोनी आंडरा, अमित छामुनिया, आदिश गंगवाल सहित समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी क्रम में श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक महापर्व सोमवार 9 नवंबर को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक जैन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं पावन पर्व है।

टोंक में खाद्य सुरक्षा टीम ने बर्फी, गुलाब जामुन के नमूने लिए


''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' के तहत टोंक जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन निरीक्षण किया।

त्योहारी सीजन में चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

टोंक। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशन में त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही की गई। इस अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. मदन लाल गुर्जर द्वारा मालपुरा स्थित सांवरिया मिष्ठान भंडार से बर्फी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण द्वारा जनता जोधपुर स्वीट, मालपुरा से गुलाब जामुन का नमूना लिया गया तथा अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आराधना शर्मा द्वारा सामंती ट्रेडिंग कंपनी, मालपुरा से डेयरी मिल्क ब्रांड घी का नमूना लिया गया। वही खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा मिथिलेश नमकीन एंड स्वीट से मावा एवं मावा बर्फी के नमूने लिए गए, इसके अलावा अशोक नमकीन स्वीट टोंक से मावा का नमूना लिया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

चुनाव में ड्यूटी में लापरवाही, 5 कर्मचारी सस्पेंड

किशनगढ़ बास/खैरथल तिजारा जिले में मतदान दलों की रवानगी के दौरान ड्यूटी से नदारद रहने और निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश ने बडी कार्रवाई करते हुए पांच कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, वाहनों की व्यवस्था में लापरवाही पर मोटर वाहन निरीक्षक को 17 सीसीए की चार्जशीट थमाई है, जबकि समय पर नहीं पहुंचने वाले 3 जोनल मजिस्ट्रेटों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:- 4486 दिनांक:-27/10/26
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रतापनगर योजना मे आवास संख्या 22-32(MIG-B) का आवंटन श्री फैसल अहमद पुत्र श्री तनवीर अहमद को किया जाकर आवंटन पत्र कमांक 80 दिनांक 18.04.2006 को जारी किया गया था। उक्त आवास का दिनांक 16.03.2007 को श्री फैसल अहमद पुत्र श्री तनवीर अहमद के पक्ष मे पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कर दिया गया। श्री फैसल अहमद के द्वारा उक्त आवास को श्री विजय मोहन सक्सैना पुत्र श्री मुकुट बिहारी लाल सक्सैना को दिनांक 05.04.2007 को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री विजय मोहन सक्सैना की मृत्यु दिनांक 10.12.2007 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती मीरा सक्सैना पत्नी स्व. श्री विजय मोहन सक्सैना द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर मण्डल रिकार्ड मे इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 596 दिनांक 20.04.2022 के द्वारा इनका नाम दर्ज किया गया। श्रीमती मीरा सक्सैना द्वारा श्रीमती अलका सक्सेना पत्नी श्री कुमार सौरभ को दिनांक 18.08.2023 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती अलका सक्सेना द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री दीपक कुमार मीना पुत्र श्री रामजी लाल मीना को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 30.07.2026 को उपपंजीयक (चतुर्थ) जयपुर, मे पंजीकृत करवाया गया। क्रेता श्री दीपक कुमार मीना पुत्र श्री रामजीलाल मीना द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री दीपक कुमार मीना पुत्र श्री रामजी लाल मीना का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य रामनारायण कुमावत म. नं. 122 ए, रामनगर ए, कालवाड़ रोड, जयपुर ने प्लॉट नं.ई-30, नारायण सिटी, हाथोद / पीथावास ग्राम, कालवाड़ रोड, जयपुर, क्षेत्रफल 166.66 व.ग. को क्रय करने का इकरारनामा गोविंद पारीक पुत्र हरिकिशन पारीक, 122, आनंद विहार-ए, बेनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर से किया है। इस क्रय इकरार से किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति या ऐतराज हो तो 7 दिन में मेरे कार्यालय पर प्रेषित करें। अवधी गुजरने के बाद मेरा अभिभाषय उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में तस्दीक करवायेगा। अवधी गुजरने के बाद किसी की भी आपत्तियां मान्य नहीं होगी।
एडवोकेट सुरेश कुमार मिठारवाल, प्लॉट नं. 3, कृष्णा कॉलोनी, खातीपुरा, जयपुर 302012, मो. 9414062160, 8003372160

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** मं.रे. प्र.(बि.)–33–26–27; **कार्य का नामः** All Div.: Electrical work due to provision of Air Conditioners in SM Panel room at 74 Stations and Centralized cooling system in Control office, Ajmer. **अनुमानित लागतः** रू. 1,29,55,292; **बयाना राशिः** रू. 2,59,100; **ई निविदायें बन्द होने की तिथिः** 18.11.2026; उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता – **www.ireps.gov.in** 1573-AM/26
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

खोया पाया
मेरे फ्लैट नं. 102, अनमोल रेजीडेन्सी, जय अम्बे नगर, गोपालपुरा, जयपुर की मूल रजिस्ट्री दिनांक 15.11.2022 को घाटगेट से सी-स्कीम के बीच में कही गिर गये है। मिलने पर सूचित करेः तसनीम खान 9784652317

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण गोपाल चंद शर्मा पुत्र स्व. श्री रूप चंद एवं उनकी पत्नि श्रीमती चंदा देवी निवासीगण - 191/216, सेक्टर 19, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर जयपुर के बड़े पुत्र दीपक जांगिड की पत्नी प्रीति जांगिड द्वारा मेरे अभिभाष्यगण के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा किया जाकर उनको हैरान परेशान किया जा रहा है जिसमे मेरे अभिभाष्यगण का बड़ा पुत्र दीपक जांगिड भी उसका ही साथ देता है इससे परेशान होकर मेरे अभिभाष्यगण द्वारा इन लोगो को लगभग एक वर्ष पूर्व ही अपने से अलग कर दिया गया था किन्तु इसके उपरांत भी प्रीति जांगिड द्वारा लगातार मेरे अभिभाष्यगण को अत्यधिक हैरान परेशान किया जा रहा है। इस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने बड़े पुत्र दीपक जांगिड, उसकी पत्नी प्रीति जांगिड एवं उनकी दोनो पुत्रियो लैखिका एवं सनवी से समस्त सम्बन्ध तोड़ते हुए इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी व अर्धसरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (अविनाश वशिष्ठ) एडवोकेट
02.11.2026 मो.-9413488007

आम सूचना
पूर्व में प्रकाशित बेदखली संबंधी आम सूचना के निरस्तीकरण के संबंध में
सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती भौरी देवी पत्नी श्री मोहनलाल जागा, निवासी, हीरावत नगर, मकान नंबर 15, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान द्वारा वर्ष 2008 में अपने पुत्र श्री हीरालाल जागा, निवासी, हीरावत नगर मकान नंबर 15, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, के संबंध में चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल किए जाने के संबंध में एक आम सूचना प्रकाशित करवाई गई थी।
अब उक्त पूर्व प्रकाशित आम सूचना के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व में प्रकाशित आम सूचना को निरस्त/वापस लेने की घोषणा की जाती है। अतः वर्ष 2008 में प्रकाशित उक्त आम सूचना को वर्तमान में निरस्तवापस लिया हुआ माना जाए।
यह आम सूचना सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित करवाई जा रही है, ताकि पूर्व में प्रकाशित आम सूचना के संबंध में किसी प्रकार की गलतफहमी अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।
सूचनाकर्ताः
श्रीमती भौरी देवी पत्नी श्री मोहनलाल जागा
निवासीः मकान नंबर 15, हीरावत नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान **हस्ताक्षरः श्रीमती भौरी देवी**
दिनांकः **स्थान- जयपुर, राजस्थान**

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 772/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री निर्मल पंवार, निवासी 135, रामनगर विस्तार वार्ड नम्बर 58, स्वेज फार्म सोडाला, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास महात्मा ज्योतिराव फूले शिक्षण संस्थान, रामनगर विस्तार न्यू सांगानेर रोड जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 2.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 6.01.27
मोहर अदालत **सहायक आयुक्त (प्रथम)**
देवस्थान विभाग जयपुर

अलवर टाइगर मैराथन का तीसरा संस्करण 6 नवंबर को, रणदीप हुड्डा आएंगे


भूपेंद्र यादव

मूसी महारानी की छतरी से शुरू होगा आयोजन, अलवर में 4 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भिवाड़ी में ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए 39.95 लाख स्वीकृत

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देने के साथ अलवर के विकास, पर्यटन, खेल सुविधाओं और शहरी सौंदर्यीकरण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि धनतेरस, 6 नवंबर को मूसी महारानी की छतरी से अलवर टाइगर मैराथन के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया जाएगा। इस बार भी हिंदी फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा मैराथन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में उपस्थित रहेंगे। यादव ने पत्र में कहा कि अलवर की ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक संपदा और वन्यजीवों की समृद्ध विविधता को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना उनका उद्देश्य है। मूसी महारानी की छतरी अलवर की ऐतिहासिक धरोहर और स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है। अरावली की गोद में स्थित यह स्मारक अलवर की गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। टाइगर मैराथन के माध्यम से अलवर को पर्यटन और खेल के वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए मूसी महारानी की छतरी को भव्य रूप से सजाया जाएगा।

इसके साथ ही शहर के प्रमुख बाजारों को भी ऐतिहासिक और पारंपरिक स्वरूप में सजाने की योजना है, ताकि दीपावली के अवसर पर अलवर की खूबसूरती और उत्सवी माहौल पर्यटकों एवं शहरवासियों को आकर्षित कर सके। उन्होंने अलवरवासियों से परिवार सहित बाजारों की सजावट देखने और इस आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की। खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर यादव ने बताया कि अलवर के हसन खां मेवाती नगर में 4 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा।

लगभग 6,233 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स में इनडोर बैडमिंटन हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट और पिकलबॉल कोर्ट सहित अन्य आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

पंचायत समिति क्षेत्रों में मतदान के लिए दल रवाना

सवाई माधोपुर । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुरूप पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तीसरे चरण में जिले की बामनवास, खण्डार, बौंली और मलारना डूंगर पंचायत समिति क्षेत्रों में मंगलवार को पंचायत समिति, जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान होगा। इसके लिए जिला मुख्यालय से मतदान दल सोमवार को ईवीएम मशीनों और चुनाव सामग्री के साथ रवाना हुए। ये मतदान दल गुरुवार को चारों पंचायत समिति क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच पदों के लिए भी चुनाव सम्पन्न करवाएंगे।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुरूप सवाई माधोपुर में मंगलवार को चार पंचायत समिति क्षेत्रों के 16 जिला परिषद सदस्यों और 82 पंचायत समिति वार्डों के लिए ईवीएम मशीनों से मतदान होगा।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः4510 जाहिर आम-सूचना दिनांकः28.10.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 32/139 (LIG) का आवंटन श्री कान्ती प्रसाद जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4201 दिनांक 31.05.1994 को जारी किया गया था। इनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन दिनांक 01.12.1995 को उप पंजीयक सांगानेर में पंजीकृत करवाया गया। श्री कान्ती प्रसाद जैन द्वारा श्री खेमचन्द कृपलानी पुत्र श्री कोरजीमल कृपलानी को दिनांक 21.07.1997 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री खेमचन्द कृपलानी द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री अशोक कुमार जैन, श्री बाबूलाल जैन पुत्रान् श्री गोवीचन्द जैन को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 25.08.2005 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री अशोक कुमार जैन द्वारा उक्त आवास के 1/2 हिस्से को श्री बाबूलाल जैन पुत्र श्री गोवीचन्द जैन को दिनांक 24.03.2006 को हक त्याग कर हक त्याग पत्र उप पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता श्री बाबूलाल जैन पुत्र श्री गोवीचन्द जैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त सम्पूर्ण आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त सम्पूर्ण आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री बाबूलाल जैन पुत्र श्री गोवीचन्द जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

सार्वजनिक सूचना
किराएदार प्रताप सोनी, पुत्र बालचंद सोनी, संपत्ति नं 5475, गली 72, रैगरपुरा, करोल बाग, दिल्ली-110005 छोड़कर चले गए हैं। दो माह का किराया व बिजली बिल बकाया है। 7 दिनों में भुगतान करें कब्जा व चाबियां सौंपें अन्यथा कानूनी कार्रवाई होगी।

आम सूचना – सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित प्रोजेक्ट **" भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी"** प्लॉट संख्या SI/INST/ 001, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर, राजस्थान। जिसका कुल भूखंड क्षेत्र 1,21,608 वर्ग मीटर और निर्मित क्षेत्र 56,324.59 वर्ग मीटर है, जिसमें मौजूदा निर्मित क्षेत्र 44,744.36 वर्ग मीटर एवं प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र 11,580.23 वर्ग मीटर सम्मिलित है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या RJ/26/SEAC2(06) INFRA2/EC/1269 दिनांक 23/10/2026 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है।
राजेंद्र एंड उर्सुला जोशी चैरिटेबल ट्रस्ट

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना
डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आंमत्रित करते है। **1.** सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : **http://www.ireps.gov.in** **2.** ई–निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समयः 23.11.2026 को 15.00 बजे तक **3.** ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय 23.11.2026 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या:18R1/2026-27; कार्य का विवरण:** JU/Gen-(i) Rewiring of staff quarters, service buildings, station buildings and LC gates & other important locations under BGKT power depot of JU Division. (ii) Rewiring of staff quarters, service buildings, station buildings and LC gates & other important locations under SMR & BME power depot of JU Division. **अनुमानित लागत रूपये:** Rs. 56133205.96; **निविदा संख्या:** 31/2026-27; **कार्य का विवरण:** Provision of hiring of AC for Running Rooms of JU division for a period of 05 years. **अनुमानित लागत रूपये:** Rs. 7472457.05; **निविदा संख्या:** 32/2026-27; **कार्य का विवरण:** Provision of hiring of AC for stations and service buildings other than Running rooms of JU division for a period of 05 years. **अनुमानित लागत रूपये:** Rs. 10078879.55; विस्तृत जानकारी हेतु कृपया **http://www.ireps.gov.in** पर विजिट करें। **1577-AM/26**
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 773/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि डॉ. माधुरी सहाय, निवासी एस पी 14-15, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास आई रिसर्च सेन्टर सोसायटी, एस पी 14-15, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 2.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 6.01.27
मोहर अदालत **सहायक आयुक्त (प्रथम)**
देवस्थान विभाग जयपुर

रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में छात्राओं ने सीखा आत्मरक्षा का गुर


रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न।

24 दिवसीय शिविर का समारोहपूर्वक समापन, 32 छात्राओं को प्रमाण पत्र मिले

चौमूं / कालाडेरा । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मीरा सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा की तकनीकों में दक्षता हासिल करने के साथ-साथ परिस्थितियों को समझने, त्वरित निर्णय लेने और विवेकपूर्ण ढंग से उनका सामना करने की क्षमता विकसित करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को प्रशिक्षण में अर्जित कौशल का व्यावहारिक जीवन में उपयोग करने तथा आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण शिविरार्थी छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई आत्मरक्षा तकनीकों का नाट्यय रूपक के माध्यम से जीवंत प्रदर्शन रहा। छात्राओं ने सुनसान स्थानों, यात्रा एवं वाहनों में तथा कार्यस्थल और अध्ययन स्थलों पर उत्पन्न होने वाली संभावित असुरक्षित परिस्थितियों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति ने न केवल आत्मरक्षा के तकनीकी पक्ष को रेखांकित किया, बल्कि सजगता, सतर्कता और समयानुकूल निर्णय क्षमता के महत्व को भी प्रभावी ढंग से उजागर किया। नाट्यय रूपक का निर्देशन एवं प्रस्तुति डॉ. चित्रा व्यास, डॉ. शिखा पाटनी एवं डॉ. अंजू यादव के मार्गदर्शन में की गई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मीरा सिंह तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. प्रेणिता गुप्ता एवं प्रो. चिरंजी लाल परिहार ने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रो. प्रेणिता गुप्ता एवं प्रो. चिरंजी लाल परिहार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा जीवन की विषम परिस्थितियों में साहस एवं सूझबूझ से काम लेने का संदेश दिया। शिविर की प्रभारी एवं संयोजक डॉ. दीपा वर्मा ने बताया कि द्वितीय 24 दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण शिविर में कुल 32 छात्राओं ने सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण पूर्ण किया।

वाहन चालक 'नो पीयूसीसी-नो फ्यूल' की करें पालना सुनिश्चित,

अलवर । वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम के उद्देश्य से परिवहन विभाग अलवर द्वारा 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' अभियान के तहत निरंतर कार्रवाई एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने बताया कि मोटर वाहन निरीक्षक श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा जांच के दौरान वैध पीयूसीसी प्रमाण पत्रा नहीं पाए जाने पर संबंधित वाहनों के नियमानुसार चालान किए गए तथा उन्हें बिना ईंधन दिए ही वापस लौटाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को वैध पीयूसीसी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए समझाइश की गई। साथ ही पेट्रोल पंप पर 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' संबंधी बैनर लगाकर आमजन को अभियान के प्रति जागरूक किया गया।परिवहन विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों का प्रदूषण स्तर निर्धारित मानकों के अनुरूप रखें तथा समय रहते वैध पीयूसीसी प्रमाण पत्र बनवाकर उसकी वैधता सुनिश्चित करें, ताकि पेट्रोल पंपों पर ईंधन प्राप्त करने में होने वाली असुविधा एवं नियमानुसार कार्रवाई से बचा जा सके।

पंचायत समिति सदस्य के लिए 8 प्रत्याशियों के आवेदन

निवाई। पंचायतराज चुनाव 2026 को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सदस्य के लिए 7 प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह को नामांकन दाखिल किए है। रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने बताया कि पंचायतराज चुनाव को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सदस्य के लिए वार्ड संख्या 2 से आरएलपी के प्रत्याशी रामकेश मीणा, वार्ड 19 से मिश्रीलाल, वार्ड 26 से सागीर खान व प्रदीप कुमार जाट ने नामांकन दाखिल किए है।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः- 4295 दिनांकः- 13/10/2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 193/160 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर,) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री पॉचम सिंह पंवार पुत्र श्री लाल सिंह पंवार को किया जाकर आंवटन पत्र क्रमांक 1885 दिनांक 14.08.2003 एवं संशोधित आवंटन पत्र 9205 दिनांक 21.01.2004 को जारी किया गया। श्री पॉचम सिंह पंवार द्वारा श्री राजकुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री हंसराज शर्मा को दिनांक 12.01.2007 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री राजकुमार शर्मा के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री पॉचम सिंह पंवार के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर, के यहाँ दिनांक 05.03.2007 को पंजीकृत करवाये गये। श्री पॉचम सिंह पंवार द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 12.01.2007 के द्वारा श्री राजकुमार शर्मा पुत्र श्री हंसराज शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक- सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री राजकुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 13.03.2007 के द्वारा श्री हनुमान सहाय मीणा पुत्र श्री भौरीलाल मीणा को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री हनुमान सहाय मीणा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 20.10.2010 के द्वारा श्री रजनीश जैन पुत्र श्री महावीर प्रसाद जैन को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री रजनीश जैन द्वारा श्री विजय कुमार शर्मा पुत्र श्री सुन्दर लाल शर्मा को दिनांक 03.02.2023 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री विजय कुमार शर्मा द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 02.04.2023 के द्वारा श्री नाथू लाल मीणा पुत्र श्री लक्ष्मण मीणा को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार, जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री नाथू लाल मीणा पुत्र श्री लक्ष्मण मीणा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री नाथू लाल मीणा पुत्र श्री लक्ष्मण मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन

I, Ghadage Nivedita Sanket ,wife of No.15198809H Rank LNk (OpR) Name-Ghadage Sanket Deepak Add-VPO-Bharatgaonwadi, Teh-Satara, Dist-Satara, PIN-415519, State-Maharashtra, Have Change my Name is Ghadage Nivedita Sanket to Nivedita Sanket Ghadage Vide Affidavit No- FH0021681020, Dated 02.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

I, Ghadage Deepak Subhash ,Father of No.15198809H Rank LNk (OpR) Name-Ghadage Sanket Deepak Add-VPO-Bharatgaonwadi, Teh-Satara, Dist-Satara, PIN-415519, State-Maharashtra, Have Change my Name is Ghadage Deepak Subhash to Deepak Subhash Ghadage Vide Affidavit No-FH0021681019, Dated 02.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

I, Ghadage Seema Deepak ,Mother of No.15198809H Rank LNk (OpR) Name-Ghadage Sanket Deepak Add-VPO-Bharatgaonwadi,Teh-Satara, Dist-Satara, PIN-415519, State-Maharashtra, Have Change my Name is Ghadage Seema Deepak to Seema deepak ghadage Vide Affidavit No- FH0021681021, Dated 02.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

I,Sunil Baran Mondal, father of No.15226995H Rank Hav (RST) Name- Somnath Mondal of Add-VPO-Nachna, Teh-Khatra, Dist-Bankura PIN-722152 State-West Bengal,, Have Change my Name is Sunil Baran Mondal to Sunil Mandal Vide Affidavit No-FH0021681024, And Dob is 10.10.1961 to 01.01.1962 Vide Affidavit No- FH0021681025 Dated 02.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

I have changed my name Kamruddin mansoori to kamruddin mansuri S/O Genda Khan p. n.762 Amagarh shakti colony Delhi by pass road Jaipur (raj.) 302003

I army no JC 196215H Ex NB SUB Mahaveer Singh Chauhan S/o Prabhu Singh R/o 30 A. K. Gopalan Nagar Khatipura Jaipur that I want to change my daughter name from POOJA KUMARI to SWATI CHOUHAN vide affidavit dated 28 oct 26 before sub divisional magistrate jaipur city north

उद्घोषणा (इश्तिहार)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, क्र.स. 10 संगानेर, जयपुर महानगर-प्रथम
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 17/2025
विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थीः नाम श्रीमती सीमा शर्मा, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती शैला शर्मा तथा श्रीमती शरद शर्मा पुत्री स्व. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, जाति ब्राह्मण
विवाद स्थानः मकान संख्या 9/798, मालवीय नगर, जयपुर
मृतकः स्व. श्रीमती अम्बिका शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक रू 14.12.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्रीमती अम्बिका शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण, निवासी मकान संख्या 9/798, मालवीय नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह दिसम्बर सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 30 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर
मोहर अदालत

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर–15)
क्रमांक :– जसअ / 2026 / 289 दिनांकः 29.10.2026
ई–निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 29/2026–27
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट **www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in** एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** के **UBN No:- JMC2627GSOB00747** पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0)
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद / सी / 26 / 12788


कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज)
क्रमांक / नपकि / विकास / 2026 / 885 दिनांक – 26.10.2026
निविदा सूचना संख्या – 15/2026–2027
नगर परिषद किशनगढ़ द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना अनुसार निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत संवेदको /ठेकेदारो से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.11.2026 को 12.00 बजे तक निविदा शुल्क मय धरोहर नकद राशि जमा करवाकर प्राप्त की जा सकती है एवं बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 03.11.2026 को मध्यान्ह पश्चात् 02.00 P.M. तक प्राप्त की जाकर उसी दिन उपस्थित संवेदकों के समक्ष 03.00 P.M. पर खोली जावेगी। निविदा स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार परिषद को होगा। निविदाएं बेचने / प्राप्त करने के दिवस को किसी भी कारणवश राजकीय अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पादित की जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in/** पर देखी जा सकती है।
यूबीएन नं.–DLB2627A9182
आयुक्त
राज.संवाद / सी / 26 / 12763 नगरपरिषद, किशनगढ़

किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

निवाई। खेतों में से बिना सूचना के निकाली गई 33 केवी लाइन के विरोध में विद्युत विभाग के कार्यालय में अधिशासी अभियंता के साथ किसान महापंचायत की वार्ता हुई।

जिसमें सहमति नहीं होने से असंतुष्ट किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दे दी। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर किसानों ने अधिशासी अभियंता के साथ करीब 1 घंटे तक वार्ता करने के बाद भी सहमति नहीं बनी।

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'विभिन्न दस्तावेजों में अंकित रिकॉर्ड का मिलान करें'



सांभरझील में राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा की अध्यक्षता में हुई।

फैमिली पेंशनर्स के प्रकरणों में आने वाली समस्याओं से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया कि सभी पेंशनर्स अपने पीपीओ में दर्ज फैमिली पेंशनर के नाम पैन कार्ड तथा जनाधार कार्ड में दर्ज विवरण से मिलान कर लें

सांभरझील। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सांभरलेक की मासिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा की अध्यक्षता में किया गया। पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्ष डॉ. दायमा ने फैमिली पेंशनर्स के प्रकरणों में आने वाली समस्याओं से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया कि सभी पेंशनर्स अपने पीपीओ में दर्ज फैमिली पेंशनर के नाम एवं जन्मतिथि का आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा जनाधार कार्ड में दर्ज विवरण से मिलान कर लें। सभी दस्तावेजों में नाम एवं जन्मतिथि बिल्कुल समान होनी चाहिए। दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की असमानता होने पर फैमिली पेंशन स्वीकृत होने अथवा भुगतान में समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सभी पेंशनर्स को समय रहते अपने जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करवाने की भी सलाह दी, ताकि पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। बैठक में आगामी 27 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाले राजस्थान पेंशनर समाज जिला जयपुर ग्रामीण के वार्षिक अधिवेशन के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई तथा आयोजन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर क्रम सं.4 जयपुर परिवाद अन्तर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
परिवाद संख्या 36/2026
घीसालाल कालोया बनाम सेफरोन रियल एस्टेट
की सेफरोन रियल एस्टेट जरिये प्रो. अखिलेश बाकांवत कॉर्पोरेट नं.-86 अजमेरा गार्डन, नियर श्याम नगर पुलिया स्टेशन, किंग्स रोड, जयपुर (राज.) 302019
आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री घीसालाल कालोया पुत्री/पुत्री श्री प्रेमराज कालोया निवासी प्लाट नं. 251, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर (302019)
.... ने इस जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक परिवार पेश किया है, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।
आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस की प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं अपने बचाव में पेश करने वाले समस्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों को पेश करें।
आपको पुनः सूचित किया जाता है कि प्रकरण की सुनवाई दिनांक 8/12/26 को 10 बजे दिन में रखी गयी है। यदि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होने में असफल रहे तो उपर्युक्त सुनवाई की तारीख पर परिवाद का एकपक्षीय निर्णय कर दिया जायेगा।
आज्ञा से-
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर चतुर्थ जयपुर
मोहर अदालत

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
आम सूचना क्रमांक-F-JDA/Zone 22/2026/D-491
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 334116 दिनांक 09/10/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी /जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Sumitra Devi S/o W/O, Prahlad Mal	राहुल विजयवर्गीय पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार विजयवर्गीय	C453	222.22 SQ. YARD	Cooperative	4 C MACHEDA	Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta)	आवेदिका ने लीज डीड रजि. विक्रय पत्र वादविवाद शपथ पत्र इत्यादि अपलोड किये है

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त, जोन-22, जविप्रा, जयपुर

सार-समाचार

यातायात सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक किया



फुलेरा। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्द्रा मार्केट फुलेरा में 27 से 31 अक्टूबर तक पांच दिवसीय समाजोपयोगी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ 27 अक्टूबर को शाला प्राचार्या नविता कुमारी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के प्रथम दिवस शिविर प्रभारी कमला बागड़ी के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण एवं यातायात नियमों और सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। द्वितीय दिवस शिविर प्रभारी कमला बागड़ी ने समाजोपयोगी शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ललित मोहन शर्मा द्वारा करियर गाइडेंस विषय पर उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही अनिता पीटर्स के सौजन्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस शिविर प्रभारी कमला बागड़ी एवं सहायक प्रभारी दुर्गा के नेतृत्व में छात्राओं ने नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्राचार्या नविता कुमारी वर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। चतुर्थ दिवस रंगोली, कक्ष-सज्जा एवं क्राफ्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शिविर के अंतिम दिवस बाल मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्राचार्या सविता कुमारी वर्मा ने फीता काटकर किया। शिविर प्रभारी कमला बागड़ी एवं सहायक प्रभारी दुर्गा ने छात्राओं को बाल मेले के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न स्टॉल लगाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत अभियान की खुली पोल, पार्षद ने लगाए गंभीर आरोप

सांभरझील । तमाम संसाधन होने व कई साल गुजर जाने के बाद भी स्वच्छ भारत अभियान की सफलता पर आज भी सवाल उठ रहे हैं, जबकि नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन की ओर से घर-घर जाकर कचरा संग्रहण किया भी जा रहा है, तो फिर प्रश्न इस बात का है कि कचरे से भरी गाडी को खुले स्थान पर जहां का इलाका प्राकृतिक दृष्टिकोण से बेहतर माना जाता है उसे अपवित्र करने का काम आखिर क्यों किया जा रहा है। वार्ड बाईस के पार्षद फिरोज खान अभियान पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताते हैं कि पुरवाइयों का मोहल्ला स्थित एक मंदिर के पास जो की झील के नजदीक ही हैं, मना करने के बावजूद कचरे से लबालब भरी गाड़ी को पूरी तरह से यहां उडेल कर खाली किया जा रहा है। वे यह भी बताते हैं कि विरोध करने पर फिर इस कचरे को यहां से हटा भी लिया जाता है, ऐसा लग रहा है की धीरे-धीरे पालिका यहां पर कचरा डिपो बनाने की फिराक में तो नहीं है। पार्षद फिरोज खान यह भी बताते हैं कि हमारी ओर से अधिशाषी अधिकारों को भी बोल चुके हैं कि मंदिर के पास कचरा नहीं डाला जाए लेकिन जब कर्मचारी ही कचरा डालते हैं तो उन पर कोई एक्शन क्यों नहीं लिया जाता है।

''बुजुर्गों के आशीर्वाद प्रेरणा स्त्रोत'' कार्यक्रम को मिल रहा है सम्मान

सवाईमाधोपुर। श्री महर्षि गौतम पारमार्थिक सेवा संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा द्वारा गत कुछ माह से लगातार चल ''बुजुर्गों के आशीर्वाद प्रेरणा स्त्रोत'' कार्यक्रम के तहत रविवार को 84 वर्ष वे सीताराम जी शर्मा ताऊ शेखावटी ख्यात नाम कवि का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उनके साथ इस कार्यक्रम में साथ चल रहे प्रहलाद जी गौतम, सुरेंद्र जी शर्मा प्रदेश मंत्री ब्राह्मण महासंघ, हनुमान प्रसाद जी पंचारिया, सत्यनारायण जी हावा अखिलेश शर्मा धर्मेंद्र गौतम, धर्मेंद्र जी जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सीताराम जी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करने का अवसर बड़े पुण्य से प्राप्त होता है, जो की परिवार और समाज को प्रेरणादायक मार्ग दिखाता है व्यक्ति के संस्कार ही संस्कारयुक्त समाज का निर्माण करते है। ऐसे पुण्य अवसरो से व्यक्ति जीवन में नये राह की ओर निरंतर अग्रसर होता है।

सरपंच प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन

निवाई। गांव पहाड़ी में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने सरपंच प्रत्याशी राजाराम जाट के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। मोहनलाल चौधरी ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने ग्रामीणों से सरपंच प्रत्याशी राजाराम जाट के समर्थन में मतदान करने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई ने कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा व सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जो ध्यान रखेगा, उसी को मतदान करना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री बत्तीलाल बैरवा, जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट, राधेश्याम गोहरपुरा, लक्ष्मण मीणा, गोपाल चौधरी, सीताराम, किशन, रामकरण बैरवा, बिदधीचंद व सत्यनारायण सोनी सहित कई किसान मौजूद थे।

संत कंवर राम के बलिदान दिवस को सिंधी समाज ने श्रद्धा से मनाया

किशनगढ़ बास।अमर शहीद, पूज्य संत कंवर राम साहिब के 87वें बलिदान दिवस को पूज्य सिंधी पंचायत ने बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। संत कंवर राम हरि मंदिर परिसर में भंडारा, सत्संग, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर नगर पालिका चुनाव में समाज से पहली बार निर्वाचित हुईं उप चेयरमैन और दो पार्षदों का विशेष सम्मान कर समाज ने नारी शक्ति को नमन किया।

- **शहर में निकाली भव्य झांकी, समाज की तीन नवनिर्वाचित महिला उप चेयरमैन व दो पार्षदों का सम्मान कर बढ़ाया मान**



पूज्य सिंधी पंचायत के प्रमुख व सदस्यों ने नवनिर्वाचित महिला उप चेयरमैन व पार्षदों का सम्मान किया।

संत कंवर राम हरि मंदिर को रोशनी से जगमग किया गया। सुबह से ही समाज के श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ साईं संत लाल भगत जी के प्रवचन एवं सत्संग से हुआ। साईं संत लाल भगत ने अमर शहीद संत कंवर राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत कंवर राम ने सत्य, प्रेम, एकता और मानवता के लिए अपना बलिदान दिया था। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश की सेवा करनी चाहिए।

प्रवचन के बाद भजन मंडली द्वारा भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई और बच्चों द्वारा संत कंवर राम के जीवन पर आधारित सुंदर झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सायं काल संत कंवर राम हरि मंदिर से भव्य झांकी निकाली गई जो शहर विभिन्न रास्तों से होकर वापस मंदिर पहुंची। इस बीच रास्ते में जगह जगह झाकी का स्वागत किया गया। झांकी के उपरांत रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी और खूब तालियां बटोरी हीरू हरवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम सबसे खास पल रहा जब समाज की तीन नवनिर्वाचितमहिला जनप्रतिनिधियों का मंच पर सम्मान हुआ। नगर पालिका चुनाव में समाज से पहली बार तीन महिलाएं एक साथ जीतकर नगर पालिका पहुंची है।उप चेयरमैन कंचन मनीष लखयानी, पार्षद भारती विनीत और पार्षद अनीता धर्मेंद्र हरवानीका पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी गोकुल दास, झामन दास, राजेश कामदार, रूपचंद बत्रा,दोलत भारती सहित पंचायत सदस्यों ने सम्मान किया। इस दौरान पंचायत ने कहा कि यह पूरे सिंधी समाज के लिए गौरव की बात है कि समाज की बेटियां अब राजनीति में आकर शहर के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगी।

हादसे में कांस्टेबल खुशीराम का निधन

निवाई। भीलवाड़ा जिले में पंचायतीराज चुनाव 2026 में ड्यूटी के दौरान दो स्कॉर्पियो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें निवाई थाने के कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल का निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को भीलवाड़ा में पंचायतीराज चुनाव के दौरान दो स्कॉर्पियो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। हादसे में निवाई पुलिस थाने के कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल निवासी सवारिया, टोंक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको भीलवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान रविवार देर रात को उन्होंने दम तोड़ दिया। डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा व थानाधिकारी घासीराम मीणा सहित कई पुलिस अधिकारियों व सहयोगियों ने कांस्टेबल के निधन पर गहरा दुख जताते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

टोंक : 478 मतदान केंद्रों के लिए दल रवाना

टोंक। पंचायतीराज आम चुनावों के तीसरे चरण के तहत जिले की 5 पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के वार्डों में आज होने वाले मतदान के लिए सोमवार को राजकीय महाविद्यालय टोंक से अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत मतदान दल ईवीएम, बैलेट पेपर एवं निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री के साथ उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा सामग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक सलोनी खेमका भी मौजूद रही।

- **मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए : टीना डाबी**

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टीना डाबी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में देवली, मालपुरा (आंशिक), पचेवर, पीपलू एवं उनियारा पंचायत समितियों के 86 वार्डों तथा जिला परिषद के 17 वार्डों में मतदान होगा। इन क्षेत्रों में कुल 478 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। तीसरे चरण में कुल 4 लाख 46 हजार 543 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2 लाख 29 हजार 178 पुरुष तथा 2 लाख 17 हजार 365 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मंगलवार, 3 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि पंच एवं सरपंच पदों के लिए बुधवार, 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद गुरुवार, 5 नवंबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

सार-समाचार

अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रौली जब्त



टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध अभियान में सदर थाना टोंक प्रभारी अर्केश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने इस अभियान में कार्यवाही करते हुए क्षैत्र स्थित बनास नदी वजीरपुरा से अवैध बजरी खनन कर बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर ट्रोली मय बजरी को जप्त किया जाकर आरोपी चालक शेरू मेवाती मेवाती पुत्र शेरअली उम्र 25 साल निवासी हुडा मजिद के पास देवली रोड थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस कार्यवाही के बाद आरोपी के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसन्धान प्रारम्भ कर दिया है।

खोरी परमानंद धाम पर गुरु, साधु संतों का सम्मान

शाहपुरा। क्षेत्र के खोरी परमानंद धाम पर सोमवार को लोक देवता तेजाजी महाराज, हीरामल जी महाराज और कलश दे जी महाराज के गुरु गोठियों का महासंगम आयोजित हुआ,जहां महंत हरि ओम दास महाराज द्वारा करीब 200 मंदिरों से पहुंचे गुरु गोटियों का सम्मान किया गया। इस दौरान गुरु गोटे की ओर से विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें तेजाजी महाराज,हीरामल जी महाराज और कालश देव जी महाराज की आराधना की गई। गाजे-बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर गोठियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। समूचा क्षेत्र तेजाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में दाऊधाम से बलदेव दास जी महाराज महाराज सहित नगर परिषद सभापति रविश खटाणा,उपसभापति पूजा गुप्ता,पार्षद मीना टीलावत,सुभाष भडाना,कालूराम यादव,पूर्व प्रधान मंजू शर्मा, पार्षद मीना पवन टीलावत आदि ने शिरकत की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक के गोठियों द्वारा तेजाजी, हीरामल जी व कालश देव जी महाराज की महिमा में गोठ गाई गई। इस अवसर पर महंत हरिओम दास जी महाराज ने कहा कि तेजाजी महाराज त्याग और वचन के प्रति निष्ठा के लिए जाने जाने वाले लोक देवता हैं ओर तेजाजी महाराज के साक्षात स्वरूप इनके गोठिये है। जो सर्व जन हिताय सर्वजन सुखाय के नीति रखते हुए निष्काम भाव से काम करते हैं। तेजाजी महाराज की गोठिये जहर निकालने जैसे असाध्य रोगों को दूर कर देते हैं जो कई बार डॉक्टर नहीं कर पाते हैं। इस दौरान समाजसेवी महेश सैनी भमोद,पवन शर्मा जवानपुरा, रामेश्वर ताखर, डॉक्टर सुरेंद्र मोहन, बनवारी तिवारी, कोची पारीक , पप्पू मामोड़िया, दीपक शर्मा, जितेंद्र शर्मा तेजपाल यादव,एसडीएम जेपी बेरवा, एएसपी लाखन सिंह, डीएसपी लक्ष्मी नारायण सैनी, थाना प्रभारी रिया चौधरी, तहसीलदार दाताराम गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

अभ्यर्थी 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन करें

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए पात्र अभ्यर्थी 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना का चयन कर सकते हैं। इसके बाद ड्रॉपडाउन में स्टूडेंट विकल्प पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

भरतपुर में सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात

भरतपुर (निसं)। पंचायत आम चुनाव के तृतीय चरण के तहत जिले में मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण आयोजित कर गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं त्रुटिरहित चुनाव सम्पन्न कराने में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी कार्मिक टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सभी दायित्व निर्भीकता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएं। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असमंजस की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें। जिला प्रशासन प्रत्येक कदम पर मतदान दलों के साथ है।

- **अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल निर्धारित गंतव्य स्थलों के लिए रवाना**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों एवं निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी किसी भी प्रत्याशी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करें, ताकि आमजन में चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का संदेश जाए। उन्होंने मतदान दिवस पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए, ताकि उसका समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने सभी मतदान दलों को निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए मतदान के दौरान भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने का आव्हान किया। इस दौरान मतदान दल गठन प्रभारी सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, डीएफओ चेतन कुमार बीवी, एवं कोषाधिकारी डॉ. लोकेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी नदबई सचिन यादव एवं उपखंड अधिकारी भरतपुर भारती गुप्ता, उपखंड अधिकारी बयाना अलका श्रीवास्तव सहित चुनाव प्रकोष्ठ के प्रभारी मौजूद रहे ।

सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य जारी

कोटपूतली । राष्ट्रीय राजमार्ग-48 को अधिक आकर्षक, व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से लुक एंड फील पहल के तहत सड़क सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा संबंधी कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके तहत राजमार्ग पर कैट आई, सोलर रोड स्टड लगाने तथा रोड केर्ब पेंटिंग का कार्य प्रगतिरत है। एनएचएआई परियोजना निदेशक अजय कुमार आर्य ने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य राजमार्ग की सुंदरता बढ़ाना है। विशेष रूप से रात्रिकालीन आवागमन एवं कम रोशनी की स्थिति में कैट आई और सोलर रोड स्टड सड़क की लेन एवं मार्ग की दिशा स्पष्ट करने में सहायक होंगे।

राजकीय महाविद्यालय पावटा में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

पावटा। राजकीय महाविद्यालय पावटा में छात्राओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र एवं महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार ने की। शिविर के विशेष सत्र में राजकीय अस्पताल पावटा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश डोचानिया मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।



पावटा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश डोचानिया ने शिविर में एचपीवी वैक्सीन आदि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं को महिला स्वास्थ्य, पोषण एवं गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया। डॉ. राजेश डोचानिया ने छात्राओं को किशोरावस्था एवं युवावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों, संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन, पीसीओडी एवं पीसीओएस जैसी हार्मोनल समस्याओं के लक्षण, बचाव और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही दैनिक जीवन में पौष्टिक एवं संतुलित आहार अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं मजबूत बेटियां ही जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकती हैं। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. सरिता लाम्बा ने कहा कि वर्तमान समय में महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाते हैं। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आ ान किया। प्रशिक्षण के दौरान अन्नू रानी एवं डॉ. आकांक्षा यादव ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास करवाया।

- **स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी जागरूक किया**

कार्यक्रम प्रभारी आर्य पारीक ने बताया कि शिविर का यह तृतीय चरण सात दिवसीय है। कार्यक्रम में डॉ. धन्नाराम कुम्हार, डॉ. बाबूलाल मीणा, डॉ. शिवशंकर सैन, राजेन्द्र वर्मा, चतुर्भुज यादव, डॉ. अशोक कुमार यादव, डॉ. रामावतार आर्य एवं डॉ. मोईन खान सहित महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

युवाओं को सौंपी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित आचार्य सुन्दर सागर महाराज का 50 वां अवतरण महोत्सव की तैयारियों को लेकर आर्यिका सुलक्ष्यमति माताजी के निर्देशन में पदमप्रभु यात्रा संघ एवं खण्डेलवाल सरावगी युवा परिषद के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की हुई, जिसमें युवाओं को महोत्सव की जिम्मेदिरियां सौंपी गई। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौला ने बताया कि महोत्सव में बाहर से आने वाले गुरु भक्तों के ठहरने के लिए आवास व भोजन व्यवस्था पर विचार विमर्श कर व्यवस्थाएं सौपी गई। इस दौरान आर्यिका सुलक्ष्य मति माताजी ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है एवं भारतीय संस्कृति आस्था प्रधान संस्कृति है। बैठक में खण्डेलवाल सरावगी युवा परिषद अध्यक्ष हर्षित संघी, पदमप्रभु यात्रा संघ अध्यक्ष मनीष डारडा, हितेश छाबड़ा, शुभम जैन, यश संघी, राहुल बोंली, रोनक बोहरा, संजय सिरस, राहुल बोहरा, महेश मोठूका, विमल पाटनी, सुनील बनेठा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान मंदिर अध्यक्ष सुशील जैन, विनोद बनस्थली, नीरज माधोराजपुरा सहित कई लोग व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

अजमेर में जैन महिला मंडल के अधिवेशन में गूंजी जीवदया की आवाज

अलवर। सकल दिगंबर जैन महिला मंडल का विशाल अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें जैन महिला मंडल के सभी घटकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अधिवेशन के दौरान वन्य प्राणी नीलगायों की प्राण रक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। दिगंबर जैन महासमिति (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष सरला जैन के नेतृत्व में महिलाओं ने नीलगायों की रक्षा के समर्थन में विशाल रैली निकाली।

महिलाएं अपने हाथों में नीलगाय हत्या कानून वापस लो और नीलगाय करे पुकार, मुझे भी दो जीवनदान जैसे नारे लिखी तख्तियां और बैनर लेकर रैली में शामिल हुईं। उन्होंने नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए नारे लगाते हुए जीवदया का संदेश दिया।

रैली स्कीम नंबर 10 स्थित जैन भवन से शुरू हुई। इसमें हजारों महिलाओं और पुरुषों के साथ उपसर्ग विजेता दिगंबर जैन मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निश्चल सागर जी महाराज भी शामिल हुए। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में कई स्थानों पर इसका स्वागत किया गया। रैली वापस जैन भवन पहुंचकर संपन्न हुई। यहां जैन मुनिराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। यह अधिवेशन और रैली भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा, दया, परोपकार, शाकाहार, जीवदया तथा भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर जैन मुनियों ने अपने प्रवचनों में विशेष रूप से महिलाओं से बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने बच्चों को मंदिर लेकर आएं और उन्हें देव, गुरु एवं शास्त्र से जोड़े।



अलवर में सकल दिगंबर जैन महिला मंडल का विशाल अधिवेशन आयोजित किया गया।

- **जैन मुनियों के सानिध्य में हजारों महिलाओं और पुरुषों ने लिया भाग, तख्तियां-बैनर लेकर महिलाओं ने नीलगाय हत्या कानून वापस लेने की उठाई मांग**
- **नीलगायों की रक्षा के लिए निकाली रैली**



"आप अपना सिर गर्व से ऊंचा करते हुए वापस लौट सकते हैं। हम आखिरी के दो मैच भी जीतना चाहते थे, लेकिन कई बार चीजें हमारे पक्ष में नहीं होती हैं, अब यह वनडे और टेस्ट टीम पर है कि वह वहां से शुरुआत करें जहां से आपने छोड़ा है।" - गौतम गंभीर

भारतीय कोच गौतम गंभीर आगामी मैचों को लेकर बयान देते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



काजल धोचक

भारतीय महिला पहलवान काजल धोचक ने 18 साल की उम्र में उन्होंने कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। कजाकिस्तान के अस्ताना में पिछले बुधवार को 76 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचकर काजल ने यह उपलब्धि हासिल की। वह इस प्रतियोगिता के भारी वजन वर्ग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं। इसके बावजूद काजल की यह उपलब्धि भारतीय कुश्ती के लिए खास है। यह विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का तीसरा रजत पदक है और भारी वजन वर्ग में देश का पहला पदक भी है।

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने 1926 से 1949 के बीच मात्र 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 570 गोल किए थे। उनका प्रति मैच गोल औसत (3.08) दुनिया में सबसे अधिक है।

पीवी सिंधु ने फिर लहराया तिरंगा

डेनमार्क की लाइन होजमार्क को हराकर हाइलो ओपन का खिताब जीता



नई दिल्ली, 2 नवम्बर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधुने एक बार फिर अपने खेल का दम दिखाते हुए भारतीय बैडमिंटन फैंस को खुश होने का मौका दिया है। शानदार फॉर्म में चल रही सिंधु ने 1 नवंबर को हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में उन्होंने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजेरफेल्ट को सीधे गेमों में हराकर इस सीजन की दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले जुलाई में उन्होंने जापान ओपन का खिताब भी जीता था।

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु ने फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। दुनिया की आठवें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने 39 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में दुनिया की 25वें नंबर की डेनिश खिलाड़ी को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने अपनी शानदार स्ट्रोक-प्ले, कोर्ट पर नियंत्रण और बेहतरीन नेट गेम के दम पर एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिंधु को 9200 रैंकिंग पॉइंट भी मिले हैं। इससे सीजन के अंत में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदों को मजबूती मिली है। गौरतलब है कि सिंधु पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। हालांकि, हाइलो ओपन में उन्होंने खिताबी मुकाबले में कोई गलती नहीं की। फाइनल से पहले सिंधु का डेनमार्क की लाइन के खिलाफ रिकॉर्ड भी काफी बेहतर था। दोनों के बीच अब तक हुए मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी ने 6 बार जीत दर्ज की थी, जबकि डेनिश खिलाड़ी को केवल एक जीत मिली थी। यह इकलौती जीत लाइन ने 2025 सुदीरमन कप फाइनल्स में हासिल की थी।

सिंधु ने पहला गेम 21-12 से जीता: खिताबी मुकाबले के पहले गेम में सिंधु ने क्रॉस कोर्ट विनर के साथ शानदार शुरुआत की। हालांकि, कुछ गलतियों के कारण लाइन ने स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने अपनी चतुराई भरी शॉट चयन और तेज नेट प्ले से बढ़त बनानी शुरू की। ब्रेक तक सिंधु 11-8 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार पॉइंटजुटाते हुए स्कोर 17-12 तक पहुंचाया और पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में भी दिखा दबदबा: दूसरे गेम में भी सिंधु का दबदबा जारी रहा। उन्होंने कोर्ट पर जगह बनाकर लगातार विनर लगाए और जल्द ही 6-3 की बढ़त हासिल कर ली। लाइन ने वापसी की कोशिश करते हुए स्कोर 6-7 किया, लेकिन सिंधु ने फिर अपनी लय पकड़ ली। डेनमार्क की खिलाड़ी नेट पर लगातार गलतियां करती रहीं, जिसका भारतीय शटलर ने पूरा फायदा उठाया। सिंधु ने 17-11 की बढ़त बनाने के बाद मैच में 6 चैंपियनशिप पॉइंट हासिल किए और लाइन की एक और गलती के साथ 21-14 से गेम जीतकर खिताब पर कब्जा कर लिया।

वैभव सूर्यवंशी राइजिंग स्टार एशिया कप की टीम में

नई दिल्ली, 2 नवम्ब। बीसीसीआई ने 2 नवंबर को राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया-ए टीम घोषित की। तिलक वर्मा को कप्तान और रजत पाटीदार को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट 19 से 29 नवंबर तक कतर की राजधानी दोहा में खेला जाएगा। भारत अपना पहला मैच 20 नवंबर को नेपाल के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 22 नवंबर को पाकिस्तान-ए और 24 नवंबर को यूएई से मुकाबला होगा।

राइजिंग स्टार एशिया कप एशियन क्रिकेट काउंसिल एसीसी का टूर्नामेंट है। इसे पहले इमर्जिंग टीम एशिया कप के नाम से जाना जाता था। इसका मकसद एशिया की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव देना है। इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों की ए टीमें हिस्सा लेती हैं। आसान भाषा में समझें तो ए टीम सीनियर राष्ट्रीय टीम के ठीक नीचे का स्तर है। इस बार टूर्नामेंट 50 ओवर के फॉर्मेट में होगा। पिछले साल यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था।

स्विट्जरलैंड में राजस्थान के तीरंदाजों का जलवा

प्रिया गुर्जर और सचिन चेची ने जीते रजत पदक



जयपुर, 2 नवम्बर। स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित स्विस ओपन आर्चरी टूर्नामेंट में राजस्थान के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक जीते। जयपुर की प्रिया गुर्जर ने रजत पदक हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया, वहीं सचिन चेची ने अंडर-21 वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी जयपुर स्थित एडवांस आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षक सुनील चौधरी के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने प्रशिक्षक सुनील चौधरी और अकादमी को भी बधाई दी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, रचिन रवींद्र वनडे सीरीज से बाहर





नई दिल्ली, 2 नवम्बर। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र भारत के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि दोनों खिलाड़ी चोटों से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। चैपमैन बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। जबकि प्रमोशनल शूट के दौरान रचिन रवींद्र का दायां कंधा डिसलोकेट हो गया था। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज 4 नवंबर से ऑकलैंड में शुरू होगी।

कोच बोले- टेस्ट सीरीज से पहले जोखिम नहीं ले सकते: मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, 'हर कोई जानता है कि मार्क और रचिन इस टीम के लिए कितने अहम हैं। उनका इस सीरीज में नहीं खेलना दुखद है। 'उन्होंने कहा, 'मैं पिछले हफ्ते मार्क से मिला था। वह निराश हैं, लेकिन मैदान पर लौटने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'

रॉब वॉल्टर ने कहा, 'रचिन का कंधा अभी उस स्थिति में पूरी तरह नहीं आया है, जिसमें वह सफेद गेंद की क्रिकेट में आराम से फील्डिंग कर सकें।' उन्होंने कहा, 'इस महीने के आखिर में टेस्ट सीरीज भी है। इसलिए हम कोई अनावश्यक जोखिम नहीं लेना चाहते।'

न्यूजीलैंड टीम में बदलाव किए, निकोल्स-फॉक्सक्रॉफ्ट को बुलाया: विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट को पहले तीन के लिए टीम में शामिल किया गया है। उन्हें सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए पहले ही चुना गया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स और ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को भी टीम में बुलाया गया है। निकोल्स पहले तीन के लिए टीम में रहेंगे। फॉक्सक्रॉफ्ट आखिरी दो मैचों के लिए टीम से जुड़ेंगे।

मैट फिशिर शुरुआती 3 वनडे के लिए टीम: तेज गेंदबाज मैट फिशर भी पहले तीन मैचों के लिए टीम में शामिल किए गए हैं। उन्हें शुरुआत में केवल आखिरी दो मैचों के लिए चुना गया था। मैट हेनरी दाएं क्वाड्रिसेप में मामूली चोट के कारण आखिरी तीन 20 नहीं खेल पाए थे।

रणजी मैच के पहले दिन गिरे 20 विकेट, राजस्थान ने की शानदार वापसी

साहिल दीवान ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए झटके पांच विकेट, अनिकेत चौधरी और दानिश भाम्भू ने भी बरपाया कहर

जयपुर, 2 नवंबर। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच सोमवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन गेंदबाजों का दबदबा रहा। दिनभर में दोनों टीमों की पहली पारियों में कुल 20 विकेट गिरे। पहली पारी में महज 78 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने तेज गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुकाबले में जोरदार वापसी की। राजस्थान रणजी टीम के मीडिया मैनेजर मनीष शर्मा के अनुसार, राजस्थान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन पर ऑलआउट हो गई। करण लांबा ने सर्वाधिक 24, महिपाल लोमरोड़ ने 20 और कुणाल सिंह राठौड़ ने 12 रन बनाए। हिमाचल की ओर से अभिषेक कुमार ने पांच और जितेंद्र ने तीन विकेट लिए। जवाब में हिमाचल प्रदेश की टीम भी राजस्थान के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और पहली पारी में 153 रन पर सिमट गई। अंकुश बैंस ने 56 और पुखराज मान ने 42 रन बनाए। राजस्थान की ओर से साहिल दीवान ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 50 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। अनुभवी तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी ने 33 रन देकर तीन तथा दानिश भाम्भू ने 63 रन देकर दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर कुणाल सिंह राठौड़ के साथ करण लांबा, रोहन राजभर और सचिन यादव ने शानदार कैच पकड़कर गेंदबाजों का अच्छा साथ दिया। पहली पारी में 75 रन की बढ़त गंवाने के बाद राजस्थान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट खोए आठ रन बना लिए थे। इस तरह दूसरे दिन राजस्थान की नजरें बढ़त हासिल कर हिमाचल के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने पर रहेंगी।

बड़ौदा ने राजस्थान महिला टीम को 60 रन से हराया: सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में बड़ौदा ने राजस्थान को 60 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ौदा ने सात विकेट पर 159 रन बनाए। आतोशी ने 36 और पूनम ने 33 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से रिंकू टांक ने चार तथा शानू सेन ने दो विकेट लिए। जवाब में राजस्थान की टीम 99 रन पर ऑलआउट हो गई। संगीता कुमावत ने 40, तनुजा वैष्णव ने 19 और हैप्पी कुमारी ने 15 रन बनाए। बड़ौदा की ओर से राधा यादव, रिद्धि और पूनम ने दो-दो विकेट लिए।

आरसीए सीनियर टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी 4 नवंबर से : राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से सीनियर पुरुष टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले 4 से 6 नवंबर तक जयपुर के जयपुरिया ग्राउंड पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में चार टीमें ए, बी, सी और डी हिस्सा लेंगी।

टीम ए की कप्तानी अभिजीत तोमर, टीम बी की राहुल चाहर, टीम सी की मोहित चांगड़ा और टीम डी की सुमित गोदारा करेंगे। प्रतियोगिता में दीपक चाहर सहित प्रदेश के कई प्रमुख खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

अंडर-19 दो दिवसीय चैलेंजर प्रतियोगिता

दौसा के गौरांश जैमन और आदित्य भट्ट का चयन

दौसा, 2 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से 2 नवंबर से जयपुर में आयोजित हो रही अंडर-19 दो दिवसीय चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता में दौसा जिले के दो खिलाड़ियों गौरांश जैमन और आदित्य कुमार भट्ट का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों को टीम-एफ में शामिल किया गया है जिला क्रिकेट संघ दौसा के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान के करीब 80 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई की ओर से आयोजित वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। दौसा के दोनों खिलाड़ियों के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अजीम गोल्ड कपः जयवर्धन सिंह ओर वरुण के शतक

राजस्थान यूथ अकादमी 266 रन से जीती, रेलवे क्रिकेट अकादमी भी विजयी





जयपुर, 2 नवम्बर । रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अजीम गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान यूथ अकादमी ने एससी क्रिकेट क्लब को 266 रन से करारी शिकस्त दी, जबकि दूसरे मुकाबले में रेलवे क्रिकेट अकादमी ने एमी क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से हराया।पहले मुकाबले में राजस्थान यूथ अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 307 रन बनाए। टीम की ओर सेजयवर्धन सिंह ने 133 रन की शानदार शतकीय पारीखेली। इसके अलावा मोहित भक्तानी ने 82 और कुणाल गौतम ने नाबाद 54 रन बनाए।

एससी क्रिकेट क्लब की ओर से सयिम शाहिद अब्बास ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एससी क्रिकेट क्लब की टीम 9.2 ओवर में 41 रन पर ऑलआउट हो गई। सोहेल खान ने सर्वाधिक 10 रन बनाए। राजस्थान यूथ अकादमी की ओर से मेहुल पारीक ने पांच विकेट तथा एसी और अर्जुन ऋषि ने दो-दो विकेट लिए। जयवर्धन सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में एमी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 203 रन बनाए। टीम की ओर सेवरुण ने नाबाद 105 रन की शतकीय पारीखेली, जबकि वाहिद ने 50 रन बनाए।

रेलवे क्रिकेट अकादमी की ओर से सचिन मालव ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेलवे क्रिकेट अकादमी ने 19.2 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सचिन मालव ने 55, गौरव मीणा ने 50 और हैदर राशिद ने 37 रन का योगदान दिया। एमी क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष बड़वाल ने दो विकेट लिए। सचिन मालव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

20 साल के एंटोनेली सबसे युवा फॉर्मूला-1 वर्ल्ड चैंपियन बने

73 साल बाद इटली को मिला चैंपियन



नई दिल्ली 2 नवम्बर। मर्सिडीज के ड्राइवर किमी एंटोनेली 20 साल की उम्र में फॉर्मूला-1 के सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने रविवार को मैक्सिको सिटी ग्रां प्री में तीसरा स्थान हासिल कर 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले, जर्मनी के सेबेस्टियन वेटल ने 2010 में 23 साल और 133 दिन की उम्र में अपना पहला 1 वर्ल्ड टाइटल जीता था। वे 1953 के बाद 1 चैंपियन बनने वाले इटली के पहले ड्राइवर भी हैं। एंटोनेली ने अपने दूसरे ही सीजन में यह खिताब जीता और चार रेस बाकी रहते चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।


चार रेस बाकी रहते ही चैंपियन बने: एंटोनेली ने अपने दूसरे ही सीजन में यह कारनामा कर दिखाया। वे चार रेस बाकी रहते ही चैंपियन बन गए। मैक्सिको सिटी ग्रां प्री में एंटोनेली तीसरे स्थान पर रहे। मैक्स वेरस्टैपेन ने रेस जीती, जबकि लुईस हैमिल्टन दूसरे स्थान पर रहे। चैंपियन बनने के बाद एंटोनेली अपनी भावनाएं नहीं रोक सके। उन्होंने टीम से कहा, हमने कर दिखाया, हमने कर दिखाया। पोडियम पर भी उनकी आंखों में आंसू थे।

पहले 6 में से 5 रेस जीतीं: एंटोनेली का इस सीजन में प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने जापान ग्रां प्री के बाद ड्राइवर चैंपियनशिप में बढ़त बनाई थी। इसके बाद पहले 6 में से 5 रेस जीतीं। मैक्सिको पहुंचने तक उनके नाम 9 ग्रां प्री जीत थीं। उनके सीजन का सबसे यादगार प्रदर्शन इटली के मोन्जा में आया। यहां उन्होंने 19वें नंबर से शुरुआत करने के बावजूद रेस जीती।

आईपीएल 2027ः रिटेंशन की डेडलाइन 2 दिन बढ़ी, ऑक्शन 16 दिसंबर

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। बीसीसीआई ने 2027 मिनी ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने और रिलीज करने की तारीख दो दिन बड़ा दी है। अब सभी 10 फ्रेंचाइजी 17 नवंबर तक अपनी लिस्ट सौंप सकेंगी। पहले इसकी आखिरी तारीख 15 नवंबर थी। ऑक्शन की तारीख और जगह में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में ही होगी। यह फैसला भारत और न्यूजीलैंड के बीच 15 नवंबर को होने वाले पांचवें और आखिरी वनडे मैच को देखते हुए लिया गया है। यह मुकाबला न्यूजीलैंड के माउंट माउंगानुई स्थित बे ओवल मैदान पर खेला जाएगा। आईपीएल में हर टीम के पास खिलाड़ियों का एक स्क्वॉड होता है। नए सीजन से पहले फ्रेंचाइजी तय करती हैं कि मौजूदा खिलाड़ियों में से किन्हें अपने साथ रखना है और किन्हें टीम से बाहर करना है। अपने पास बनाए रखने की प्रक्रिया को रिटेंशन और टीम से बाहर करने को रिलीज कहते हैं। उदाहरण के तौर पर, किसी टीम के पास एक अच्छा ओपनर है, जो लगातार रन बना रहा है।

अनिल अग्रवाल व दीया कुमारी ने लंदन में "पिंक सिटी हाफ मैराथन" का पोस्टर जारी किया



जयपुर, 2 नवंबर । वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के 11वें संस्करण का पोस्टर लंदन में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल एवं राजस्थान की माननीय उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा लॉन्च किया गया। यह मैराथन 29 नवंबर 2026 को जयपुर में आयोजित होगी, जिसमें देश-विदेश के पेशेवर एथलीट, रनिंग के शौकीन और फिटनेस प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

लंदन में पोस्टर विमोचन के साथ वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने तथा जयपुर को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पिछले वर्षों में यह मैराथन रनिंग, फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले एक प्रतिष्ठित आयोजन के रूप में उभरी है। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण वेदांता की (भूखमुक्ति के लिए दौड़) पहल है, जो श्री अनिल अग्रवाल के उस संकल्प से प्रेरित है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। इस अभियान के तहत दौड़े गए प्रत्येक किलोमीटर के बदले वेदांता की ओर से एक जरूरतमंद को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। यह पहल अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों और पशुओं की सहायता करती है।

यह अभियान की प्रमुख पहल नंद घर को भी सहयोग प्रदान करता है। नंद घर के अंतर्गत देश के 18 राज्यों में 16,000 से अधिक आधुनिक आंगनवाड़ियों का नेटवर्क विकसित किया गया है, जहां बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही महिलाओं को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाता है।इस अभियान की संवेदनशीलता और सेवा भावना का विस्तार वेदांता की पशु कल्याण पहल द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन तक भी है। पशु कल्याण को इस अभियान से जोड़कर वेदांता ने सभी जीवों के प्रति करुणा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के अपने संकल्प को और मजबूत किया है।

वर्ष 2026 का यह संस्करण जयपुर को अंतरराष्ट्रीय डिस्टेंस रनिंग के मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिलाने के प्रयासों के अनुरूप भी है। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन्स एंड डिस्टेंस रेस वर्ल्ड कांग्रेस 2028 को जयपुर में आयोजित करने की पहल का उद्देश्य शहर को वैश्विक स्तर पर खेल जगत से जोड़ना तथा राजस्थान को स्पोर्ट्स टूरिज्म के प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करना है।

एबीसीआर द्वारा आयोजित एवं फिनोवा कैपिटल के पावर्ड बाय सहयोग से आयोजित वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के 11वें संस्करण में तीन श्रेणियां होंगी-21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर कूल रन और 5 किलोमीटर ड्रीम रन। 'रनिंग सबके लिए है' के अपने मूल दर्शन के अनुरूप यह आयोजन हर आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आयोजन स्वास्थ्य, फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता की भावना का एक समावेशी उत्सव है।

वेदांता, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से वेदांता स्पोर्ट्स के जरिए जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेलों में जनभागीदारी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाओं को निखारना, खिलाडियों को व्यवस्थित खेल सुविधाएं एवं अवसर उपलब्ध कराना और देशभर में सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में राजस्थान ने जीते 18 पदक

टीम चैंपियनशिप में भी हासिल की ट्रॉफी



जयपुर, 2 नवम्बर। चेन्नई (तमिलनाडु) में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित 25वीं जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। राजस्थान के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीते। राजस्थान वुशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान की बालक टीम ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर टीम चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान की ट्रॉफी हासिल की। वहीं, सांडा बालिका वर्ग की टीम ने 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर तृतीय स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की। स्वर्ण पदक विजेताओं में सुनील (75 किग्रा), रिया सिंह (75 किग्रा) और धर्मेंद्र फोगाट (85 किग्रा) शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में हरिशंकर माली, आराध्या पुनिया, प्रियाशी गौतम, समीक्षा चौधरी, रिद्धिमा भाटी और अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दुष्यंत सिंह गुर्जर, खुशदीप, मनोज कुमार, मनीष, प्रिंस शर्मा और देव पारिक सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

भारत के लक्ष्य सेन ने दूसरी बार जीता हाइलो ओपन का खिताब



नई दिल्ली, 2 नवम्बर। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने आखिरकार इस सीजन अपने खिताबी सूखे को खत्म कर दिया। वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें नंबर पर काबिज लक्ष्य ने हाइलो ओपन के फाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर खिताब अपने नाम किया। उन्होंने रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से शिकस्त दी। यह लक्ष्य के करियर का सातवां खिताब है।यही नहीं, लक्ष्य सेन दूसरा हाइलो ओपन खिताब है और ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं।

हाइलो ओपन में दिखा लक्ष्य का जलवा: लक्ष्य के लिए यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि इस सीजन टूर पर उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्हें आठ बार पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में हाइलो ओपन का खिताब जीतना उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। फाइनल में लक्ष्य ने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया, हालांकि पहले गेम में एक समय उनकी लय थोड़ी बिगड़ी। वह 18-10 की बढ़त बनाने के बाद कुछ ढीले पड़े और क्रिस्टी ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 17-18 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने समय रहते वापसी की और पहला गेम 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने कोई ढिलाई नहीं बरती। उन्होंने अपने तेज स्मैश, नेट पर शानदार मूवमेंट और सटीक शॉट्स के दम पर क्रिस्टी को दबाव में रखा। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर मौजूद इंडोनेशियाई खिलाड़ी पूरे मुकाबले में अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करता नजर आया। लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-10 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। सेमीफाइनल में लक्ष्य ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाइलो ओपन में यह उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 में भी इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। लक्ष्य ने अपना पिछला खिताब पिछले सीजन ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीता था। अब इस जीत के साथ उन्होंने लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को खत्म कर दिया है।

भारत मंडपम में ''भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026'' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री भजनलाल ने पचास से अधिक निवेशकों के साथ राउन्ड टेबल बैठक की

नई दिल्ली/जयपुर, 2 नवम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विद्युत क्षमता गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित हो चुकी है, जो कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में ही हासिल कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की। इस दौरान, उन्होंने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं राज्य में उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया।**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

राउंड टेबल बैठक में ब्रुकफील्ड, रिन्यू, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, जिंदल समूह और अवाडा सहित, अन्य प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

एक्सपो में प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया। 'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' की थीम पर आयोजित हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान सहित, देश के 13 राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में दो दिन ग्रीन पटाखों की अनुमति दी

सात व आठ नवम्बर को प्रातः 6 से 7 तथा शाम 8 से 10 सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे जलाये जा सकेंगे

नई दिल्ली, 02 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगा बैन दिवाली पर दो दिनों के लिए सशर्त हटाने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के दौरान जला सकेंगे। इस साल दिवाली 8 नवंबर को है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्देश दिया कि उपरोक्त अवधि के दौरान भी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, प्राइमरी और डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सेंटर, ओल्ड-एज होम, शैक्षिणक संस्थान और किसी भी नोटिफाइड साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं जलाया जाएगा। नौ नवंबर से पटाखों पर फिर से पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा। न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के सभी निर्माताओं और व्यापारियों से एक वित्तीय सुरक्षा ली जाये। यदि न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होता है, तो उनकी यह सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी। न्यायालय ने साफ किया है कि यह छूट केवल प्रदूषण मुक्त ग्रीन पटाखों के लिए है, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना लोग त्योहार मना सकें।

- **सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, प्राइमरी व डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सेंटर, ओल्ड एज होम, शैक्षिणक संस्थान व नोटिफाइड एवं साइलैंस ज़ोन के 300 मीटर तक कोई पटाखा नहीं जलाया जायेगा।**

कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिपक्व राजनेता के रूप में उभरे हैं। राहुल के आत्मविश्वास ने उन्हें सरकार पर तीखा हमला बोलने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करने का हौसला दिया है।

राहुल ने मोदी-शाह की जोडी को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि वोटों की चोरी और जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात करने की कीमत उन्हें चुकानी होगी और उन्हें सत्ता छोड़नी पड़ेगी।

सूत्रों का कहना है कि 'वोट चोरी' का संदेश देश के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच गया है। लेकिन अब सवाल यह है कि आगे क्या? इस माहौल और जनसमर्थन को कैसे बनाए रखा जाए? यह संदेश ब्लॉक स्तर तक, हर गांव और हर घर तक कैसे पहुंचाया जाए?

राहुल गांधी के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है, जिस पर उन्हें पार पानी होगी।

अब तक राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया आंदोलन, और सड़कों पर लगातार सक्रिय रहकर उसे आगे बढ़ाने की रणनीति सफल रही है। उन्होंने धैर्य, दृढ़ संकल्प और भाजपा के सामने किसी भी मुद्दे पर पीछे न हटने का रुख भी दिखाया है। यह लंबी लड़ाई है और संघर्ष अभी जारी है।

आजम खान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली, 02 नवंबर। उच्चतम न्यायालय समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। सोमवार को आजम खान की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष याचिका मेंशन करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। न्यायालय ने तत्काल सुनवाई करने से इनकार करते हुए इसी हफ्ते सुनवाई करने का आदेश दिया।

मेंशनिंग के दौरान, शुरुआत में न्यायालय ने निजाम पाशा को उच्च न्यायालय जाने को कहा। हालांकि, बाद में मामले को इसी सप्ताह किसी समय लिस्ट करने का आश्वासन दिया।

आजम खान को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के नये मामले में गिरफ्तार किया है। आजम खान की याचिका में इसी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है।

- **इस सप्ताह सुनवाई होगी।**

दिल्ली पुलिस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हुईं। यह दूसरा मौका है, जब पुलिसकर्मियों ने खुलकर विरोध जताया है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के साथ बैठक में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ ने कई मांगें रखीं। इनमें वकीलों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस नहीं लेने और एक बार काउंसिल सदस्य का नाम मामले से नहीं हटाने की मांग शामिल थी। उन्होंने यह भी मांग की कि सोमवार के प्रदर्शन में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न की जाए। बताया जाता है कि वशिष्ठ ने कहा कि यदि विभाग निलंबन या कोई अन्य सख्त कार्रवाई करना चाहता है, तो वह कार्रवाई केवल उनके (वशिष्ठ) खिलाफ की जाए।लेकिन बातचीत का पहला दौर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा।

अनंता रिसॉर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्य सरकार का कहना है कि निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक विकास के साथ सरकारी संसाधनों तथा राजकीय रियायतों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए। इसी के तहत एसीबी की जांच पूरी होने तक कंपनी को स्वीकृत लाभों के वितरण पर रोक लगाई गई है। मामले में जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

शरद पवार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिकित्सकीय जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि खांसी और कमजोरी की शिकायत के बाद डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी थी। शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनकी सेहत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खांसी की परेशानी के चलते उनके पिता को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है और फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर है।

कोटा : जेईई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाथरूम के दरवाजे पर फंदा लगाकर आत्महत्या की है। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। कमरे को सीज कर दिया गया है और उसे परिजनों की मौजूदगी में ही खोला जाएगा। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

मोदी और अमित शाह यूपी चुनाव में भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे जिला स्तरीय रैलियाँ करेंगे, जिनका लक्ष्य चुनाव से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचना है। पार्टी ने उन्हें अपने चेहरे और तीसरे कार्यकाल के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में पेश किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े सहित, भाजपा के कई नेताओं ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान योगी के नेतृत्व में चलाया जाएगा।

इसमें कानून-व्यवस्था, विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के उनके रिकॉर्ड पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस जमीनी अभियान के साथ-साथ, एक डिजिटल अभियान भी चलाया जाएगा। स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे चुनावी सभाओं और क्षेत्रीय कार्यक्रमों की तस्वीरें, वीडियो और अपडेट सोशल मीडिया पर साझा करें। यह उत्तर प्रदेश में पार्टी की व्यापक डिजिटल पहल का हिस्सा है।

इसमें सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर प्रचारित करना, युवाओं और पहली बार मतदान करने वालों को ध्यान में रखकर छोटे वीडियो बनाना और इन्फ्लुएन्सर्स तक पहुँच बनाना शामिल है। साथ ही, इसमें विपक्ष के बयानों का तुरंत जवाब देना भी शामिल है।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908